निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स




कांग्रेस के पर्यवेक्षकों ने सीएम हेमंत सोरेन से की मुलाकात


• बोकारो, सोमवार 8 जून 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 22 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित


## संक्षिप्त समाचार

### पत्थर खनन घोटाले में 13 पर प्राथमिकी

**पाकुड़ (नबिटा ब्यूरो)।** जिले में पत्थर खनन से जुड़े एक बड़े कथित फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है जिसमें पर्यावरणीय मंजूरी हासिल करने के लिए दस्तावेजों में हेराफ़ेरी का आरोप लगा है। यह मामला वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान महालेखाकार कार्यालय की ऑडिट जांच में उजागर हुआ। जांच के दौरान खनन से संबंधित फाइलों की पड़ताल में जिला खनन कार्यालय द्वारा जारी कंटिगुस रिपोर्ट और परिवेश पोर्टल पर अपलोड दस्तावेजों के बीच स्पष्ट अंतर पाया गया। मामले में जिला खनन पदाधिकारी राजेश कुमार के लिखित आवेदन पर नगर थाना में कांड संख्या 123/2026 के तहत 13 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### चटाई में लिपटा मिला क्षत-विक्षत शव

**चाईबासा(नबिटा ब्यूरो)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में रविवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब रेलवे कॉलोनी स्थित पुराने रेलवे केबिन के पास एक अज्ञात शव बरामद हुआ। शव चटाई में लिपटा हुआ था और उसकी स्थिति बेहद खराब थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही मृतक की पहचान के लिए आसपास के थाना क्षेत्रों से भी जानकारी जुटाई जा रही है।

### युवक ने फांसी लगा की आत्महत्या

**गुमला (नबिटा ब्यूरो)।** सदर प्रखंड के लूटो गांव में शनिवार देर रात 23 वर्षीय युवक मुर्शिद अंसारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान पारा शिक्षक रोशन अंसारी के पुत्र के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार रात में मुर्शिद अपने कमरे में चला गया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर तक बाहर नहीं निकलने और बार-बार आवाज देने के बावजूद कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर परिवार के लोगों को अनहोनी की आशंका हुई। इसके बाद खिड़की से झांककर देखा गया तो वह पंखे से लटका हुआ मिला।

### मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने बचाई घायल मां-बेटे की जान

**रामगढ़(नबिटा ब्यूरो)।** पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने रविवार को मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए सड़क हादसे में घायल मां-बेटे की जान बचाई। रांची से रामगढ़ कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे मंत्री का काफिला जैसे ही चुटुपालू घाटी पहुंचा, उनकी नजर सड़क किनारे घायल महिला और उसके बच्चे पर पड़ी। दोनों सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल थे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मंत्री ने तुरंत काफिला रुकवाया और स्वयं गाड़ी से उतरकर घायल मां-बेटे को अपनी गाड़ी में बैठाया। मंत्री दोनों घायलों को लेकर सैनी होटल के समीप स्थित आपातकालीन सेवा अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने डॉक्टरों को तत्काल इलाज शुरू करने का निर्देश दिया।

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश का असर

# झारखंड में कार्यरत शिक्षकों के लिए जल्द आयोजित होगी जेटेट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद झारखंड सरकार का स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग कार्यरत प्राथमिक शिक्षकों के लिए झारखंड शिक्षक पात्रता (जेटेट) आयोजित करने की तैयारी में जुट गया है। विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह ने इसे लेकर संभावनाएं तलाशने तथा कार्य योजना बनाने के निर्देश प्राथमिक शिक्षा निदेशालय को दिए हैं। विभाग द्वारा फिलहाल दो तरह की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। पहली संभावना के तहत झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) द्वारा इस वर्ष आयोजित होनेवाली परीक्षा में शिक्षकों को सम्मिलित कराया जा सकता है। इस परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। कार्यरत शिक्षकों को इस परीक्षा में




सम्मिलित कराने को लेकर नियमावली में प्रविधान किया जा सकता है। ऐसे में आवेदन की तिथि बढ़ सकती है। दूसरी संभावना के तहत कार्यरत शिक्षकों के लिए विशेष शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित की जा सकती है। इसके लिए अलग से नियमावली गठित कर परीक्षा आयोजित की जा सकती है। बताते चलें कि सर्वोच्च न्यायालय ने पहले दो वर्ष के भीतर सभी प्राथमिक शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य किया था। विभिन्न शिक्षक संघों द्वारा इसपर पुनर्विचार याचिका दाखिल किए जाने के बाद न्यायालय ने यह अवधि बढ़ाकर तीन वर्ष कर दी है। इसमें लगभग एक वर्ष बीत चुका है। ऐसे में कार्यरत शिक्षकों को दो वर्ष के भीतर यह परीक्षा उत्तीर्ण होनी होगी। झारखंड में यह परीक्षा उन 20 हजार प्राथमिक शिक्षकों को उत्तीर्ण होना होगा, जो निश्शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा के अधिकार अधिनियम, 2009 लागू होने के पूर्व नियुक्त हैं। बताते चलें कि इस अधिनियम लागू होने के पूर्व शिक्षक नियुक्ति के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य नहीं था। सर्वोच्च न्यायालय ने अधिनियम के अनुसार सभी प्राथमिक शिक्षकों के लिए यह परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य माना है।

# हथियार के साथ पांच अपराधी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**देवघर।** नगर थाना पुलिस ने बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की साजिश रच रहे पांच संगठित अपराधियों को गिरफ्तार कर संभावित वारदात को समय रहते विफल कर दिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी एक वाहन में सवार होकर शहर में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई। इसके बाद थाना प्रभारी राजीव कुमार के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए शहर में निगरानी बढ़ा दी और वाहन की तलाश शुरू कर दी। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदिग्ध सफ़ेद रंग की फॉर्नेक्स कार को रोका और उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन से एक अवैध पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। इसके बाद वाहन में सवार पांचों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान शैलेश कुमार दास, अरविंद कुमार दास, गोलू महतो उर्फ गोलू पासी, लल्ला उर्फ विजय और रोहन उर्फ पिंटू के रूप में हुई है। ये सभी आरोपी देवघर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार सभी आरोपी संगठित तरीके से किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे थे जिसे समय रहते विफल कर दिया गया। इस मामले में देवघर नगर थाना में कांड संख्या 216/2026 दर्ज किया गया है। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 308(2), 111(2), 111(3), 3(5) तथा आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बीए), 26 और 35 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी राजीव कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक शंकर कुमार रजक, धनश्याम गोंझू, नरेन्द्र कुमार तिवारी, सुमन प्रसाद और सुरज कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस सभी आरोपियों से पूछताछ कर उनके आपराधिक नेटवर्क, संपर्क सूत्रों तथा संभावित योजनाओं के बारे में जानकारी जुटा रही है।

# विनय कुमार बने केंद्र सरकार की हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** केन्द्र सरकार ने बिहार तथा झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार और अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसी यूनीवार्ता, यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया के बिहार-झारखंड के समन्वयक विनय कुमार को केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया है। इस समिति के अध्यक्ष केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान हैं। मंत्रालय के उप सचिव डीएसएस श्रीनिवासा राव द्वारा जारी पत्र के अनुसार मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन किया गया है। इस समिति में लोकसभा और राज्यसभा के कई सदस्यों के अलावा भारतीय प्रशासनिक सेवा के सचिव तथा अध्यक्ष स्तर के अधिकारी भी बतौर सदस्य शामिल हैं। इस संबंध में भारत सरकार के गजट के माध्यम से अधिसूचना जारी कर दी गई है।



गौरतलब है कि करीब साढ़े तीन दशक से बिहार और झारखंड में कई दैनिक समाचार पत्रों के अलावा राष्ट्रीय समाचार एजेंसी यूनीवार्ता, यूएनआई, हिंदुस्थान समाचार के ब्यूरो प्रमुख व विशेष संवाददाता के रूप में कार्य कर चुके श्री कुमार ने इसके पूर्व भी केंद्र सरकार के उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण, ग्रामीण विकास, इस्पात मंत्रालय समेत कई मंत्रालयों की विभिन्न समितियों के सदस्य के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# राज्यसभा की दोनों सीटों पर जीत तय : बघेल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपेश बघेल ने रविवार को दावा किया कि झारखंड में राज्यसभा की दोनों सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत तय है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गठबंधन के सभी 56 विधायकों की बुलाई है, जिसमें राज्यसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा होगी। राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव के लिए कांग्रेस के पर्यवेक्षक भूपेश बघेल और अजय शर्मा ने रविवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर चुनावी रणनीति पर चर्चा की। बैठक के बाद बघेल ने पत्रकारों से कहा कि दोनों सीटों को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ विस्तृत चर्चा हुई है। वह यहां सत्तारूढ़ गठबंधन के नेता हैं। उन्होंने गठबंधन के सभी 56 विधायकों की बैठक बुलाई है। हम भी उसमें मौजूद रहेंगे। इसके बाद सारी तस्वीर साफ हो जाएगी। उन्होंने भरोसा जताते हुए कहा कि हम यहां दोनों सीटें जीतने जा रहे हैं। सत्तारूढ़ गठबंधन के दोनों



उम्मीदवार सोमवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। कांग्रेस ने शुक्रवार को वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी प्रणव झा को राज्यसभा की एक सीट के लिए उम्मीदवार घोषित किया था। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा ने पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम को उम्मीदवार बनाया है। राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया 1 जून से शुरू हो चुकी है और नामांकन की अंतिम तिथि 8 जून है। मतदान 18 जून को होगा। उधर भारतीय जनता पार्टी ने एक सीट पर उम्मीदवार उतारने की घोषणा तो की है लेकिन अभी नाम का ऐलान नहीं किया है। इन चुनावों में जीत के लिए किसी उम्मीदवार को कम से कम 28 प्रथम वरीयता मतों की आवश्यकता होगी। गौरतलब है कि एक राज्यसभा सीट शिबू सोरेन के निधन के कारण रिक्त हुई है जबकि दूसरी सीट पर भाजपा सांसद दीपक प्रकाश का छह वर्षीय कार्यकाल 21 जून को समाप्त हो रहा है।

### रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 29 रुपये की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** देश में रसोई गैस (एलपीजी) की कीमत में 29 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई है। वैश्विक ऊर्जा बाजार में वृद्धि के चलते सरकारी ईंधन खुदरा विक्रेताओं को लगातार चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके चलते तीन महीनों में यह दूसरी बढ़ोतरी की गई है। घरेलू रसोई गैस की कीमतों में प्रति सिलेंडर 29 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। नई कीमतें रविवार, 7 जून से लागू हो गई हैं। एलपीजी की कीमतों में हुई इस ताजा बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत 913 रुपये से बढ़कर 942 रुपये हो गई है। यह बढ़ोतरी तब हुई है जब तेल कंपनियों ने 7 मार्च को एलपीजी की कीमतों में प्रति सिलेंडर 60 रुपये की वृद्धि की थी। यह वृद्धि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार में आई रुकावटों के बाद की गई थी।

# सामूहिक दुष्कर्म मामले में आठ गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची के मांडर में एक युवती के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में रांची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में कुछ अन्य लोगों की तलाश अभी भी जारी है। मांडर में एक युवती के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। जांच में पता चला कि केरल में रहने वाले युवती के तथाकथित पति के द्वारा ही मांडर के कुछ युवकों को सामूहिक दुष्कर्म करने के लिए उकसाया गया था। पीड़िता ने थाने में दिए आवेदन में कहा कि वह पिछले दो साल से एक युवक के साथ लिव-इन में रह रही थी। डेढ़ माह पहले उक्त युवक काम के सिलसिले में केरल चला गया। उसके बाद से वह



उसी युवक के घर में रह रही थी। बीते शुक्रवार की शाम करीब सात बजे कुछ युवक पहुंचे और उसे जबरन उठाकर ले गए। इसके बाद नदी किनारे ले जाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने उसे शनिवार सुबह छोड़ा जिसके बाद वह किसी तरह घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद पीड़िता के पिता उसे लेकर थाना पहुंचे। खलारी डीएसपी राम नारायण चौधरी ने बताया कि सामूहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस की टीम ने अब तक आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। रविवार की सुबह 5 बजे तक छापेमारी जारी थी। मामले में दुष्कर्म करने वाले और उकसाने वाले लोगों में से किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

# नितिन नवीन ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोकारो।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन रविवार को बोकारो पहुंचे, जहां उन्होंने सेक्टर-4 स्थित सिटी सेंटर में अपनी मौसी के आवास पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में भाग लिया। उनका यह दौरा बेहद संक्षिप्त रहा। वे शहर में लगभग आधे घंटे तक ही रुके। पारिवारिक कार्यक्रम होने के कारण दौरे को सादगीपूर्ण रखा गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भी मौके पर मौजूद रहे। हालांकि कार्यक्रम के दौरान उन्होंने मीडिया से कोई औपचारिक बातचीत नहीं की। अपने इस छोटे लेकिन महत्वपूर्ण प्रवास के दौरान नितिन नवीन ने अपनी मौसी की स्मृति में घर के समीप स्थित एक उद्यान में पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने पारिवारिक परंपराओं को निभाने के साथ-साथ



अपनी मौसी को श्रद्धांजलि अर्पित करते नितिन नवीन

पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद ढुल्लू महतो, धनबाद विधायक राज सिन्हा, बोकारो के पूर्व विधायक विरंची नारायण और गिरिडीह के पूर्व सांसद रवीन्द्र पांडे, औरंगाबाद के लोक अभियोजक एवं नितिन नवीन के मामा अजय कुमार संतोष सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। सभी ने इस पहल को सामाजिक और पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया। इस मौके पर राज सिन्हा ने घोषणा की कि जिस उद्यान में पौधारोपण किया गया है उसे अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस कर विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस पार्क को नितिन नवीन की मौसी के नाम पर एक आदर्श उद्यान के रूप में तैयार किया जाएगा, जो शहर के सबसे सुंदर और सुव्यवस्थित पार्कों में शामिल होगा। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद नितिन नवीन सीधे रांची के लिए रवाना हो गए। उनके आगमन पर शहर में जगह-जगह भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। स्थानीय स्तर पर इस पहल को सकारात्मक रूप में देखा जा रहा है जिससे क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने के प्रयासों को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।



C M Y K

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व पर्यावरण दिवस पर विष्णुगढ़ थाना बना हरियाली अभियान का केंद्र

**विष्णुगढ़/हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विष्णुगढ़ थाना परिसर में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी सुभाष सिंह एवं समाजसेवी रफीक आलम ने फलदार पौधे लगाकर हरित भविष्य का संदेश दिया और लोगों से पर्यावरण बचाने के लिए आगे आने का आह्वान किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी सुभाष सिंह ने कहा कि पेड़-पौधे प्रकृति की अमूल्य धरोहर हैं। ये न केवल स्वच्छ वायु प्रदान करते हैं, बल्कि जल संरक्षण, जैव



विविधता और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच वृक्षारोपण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है। समाजसेवी रफीक आलम ने कहा कि लगातार हो रही पेड़ों की कटाई पर्यावरण के लिए गंभीर संकट पैदा कर रही है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल कर उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित रखे। उन्होंने कहा कि पौधारोपण तभी सार्थक होगा जब उसकी नियमित देखरेख भी सुनिश्चित की जाए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण और अधिकाधिक वृक्ष लगाने का संकल्प लिया। साथ ही समाज में हरियाली बढ़ाने तथा लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। मौके पर शेख खतिफ, संदीप कुमार मिश्रा, संजय पांडे सहित कई गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी और जागरूकता का संदेश देकर लोगों को प्रेरित किया।

### एनएमएल बादम कोल परियोजना में विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण, कर्मचारियों ने लिया संरक्षण का संकल्प

**बड़कागांव/हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर एनएमएल बादम कोल खनन परियोजना में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेते हुए प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर एनएमएल सिकरी परिसर में "एक पेड़ माँ के नाम"



अभियान के तहत व्यापक वृक्षारोपण किया गया। कर्मचारियों ने पौधे लगाकर हरित आवरण बढ़ाने तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख के. चंद्रशेखर, एजीएम (खनन) सीताराम माझी, विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन) वाई. देवाशीष सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परियोजना प्रमुख के. चंद्रशेखर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे जीवन का हिस्सा बनाना आवश्यक है। उन्होंने कर्मचारियों से अधिकाधिक पौधे लगाने एवं उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर है, जिसकी रक्षा के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। कार्यक्रम के माध्यम से एनएमएल बादम कोल खनन परियोजना ने पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास एवं सतत प्रगति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। अधिकारियों ने कहा कि प्रकृति के संरक्षण के लिए सामूहिक भागीदारी ही बेहतर भविष्य की आधारशिला है।

### आम आदमी पार्टी बोकारो की महत्वपूर्ण बैठक

**बोकारो (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बोकारो जिला में आम आदमी पार्टी द्वारा एक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नव नियुक्त जिला संयोजक धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने की। इस अवसर पर नव नियुक्त पदाधिकारियों का भी कार्यकताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला संयोजक श्री धर्मेंद्र कुमार शर्मा, जिला प्रवक्ता अरविंद विकास, श्री मिथिलेश गिरी, विकाश सुमन, भगवान सिंह कुशवाहा, के ए पी वर्मा, माननाओवर अंसारी, राहुल कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन मुख्य रूप से जिला प्रवक्ता श्री अरविंद विकास द्वारा किया गया। अरविंद विकास ने कहा कि बोकारो जिला कमेटी का पुनर्गठन किया गया है, जिसके तहत धर्मेंद्र कुमार शर्मा को जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके नेतृत्व में बोकारो जिला सर्वांगीण विकास की दिशा में आगे बढ़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। अपने संबोधन में जिला संयोजक धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी आम जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर खुलकर संघर्ष करेगी। उन्होंने कहा कि बोकारो जिला में जनता की समस्याओं को लेकर उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के निदेर्शानुसार शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य मूलभूत समस्याओं को लेकर बोकारो जिला में जनआंदोलन चलाया जाएगा। पार्टी आम जनता की समस्याओं को लेकर सड़क से लेकर प्रशासनिक स्तर तक संघर्ष करने के लिए तैयार है। श्री शर्मा ने आगे कहा कि झारखंड, विशेषकर बोकारो जिला में नए सदस्यों को जोड़ने के लिए शीघ्र ही एक विशेष सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। वार्ड स्तर पर नए कार्यकताओं को जोड़ने हेतु एक मोबाइल नंबर भी जारी किया जाएगा, जिसके माध्यम से इच्छुक लोग सीधे आम आदमी पार्टी से जुड़ सकेंगे। उन्होंने बताया कि आने वाले पंचायत चुनाव को लेकर पार्टी ने अभी से तैयारी प्रारंभ कर दी है। बोकारो जिला की प्रत्येक पंचायत, नगर एवं परिषद स्तर पर मजबूत टीमों का गठन किया जाएगा, ताकि स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों को गति दी जा सके। साथ ही शीघ्र ही कोर कमेटी का गठन, चास नगर निगम प्रभारी की नियुक्ति एवं महिला संयोजक की घोषणा भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य जनता का सर्वांगीण विकास करना तथा श्री अरविंद केजरीवाल के सपनों को धरातल पर उतारना है। कार्यक्रम के अंत में श्री धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि आम जनता एवं सभी कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी से ही संगठन को मजबूत बनाया जा सकता है।

### किसी वारदात को अंजाम देने की योजना बनाते 5 अपराधी चढ़े पुलिस हत्थे

**देवघर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर थाना पुलिस ने देर रात गुप्त सूचना के आधार पर देवघर स्टेशन के समीप एक सुनसान स्थान पर छापेमारी कर बड़ी आपराधिक घटना की साजिश को विफल कर दिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक सफेद रंग की फोर्नेक्स कार में सवार कुछ लोग किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना के बाद नगर थाना पुलिस ने वरीय अधिकारियों के निर्देश पर विशेष टीम का गठन कर छापेमारी अभियान चलाया।छापेमारी के दौरान पुलिस ने संदिग्ध गतिविधियों में शामिल पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनके पास से एक अवैध देसी पिस्तौल, एक जिंदा कारतूस घटना में प्रयुक्त फोर्नेक्स कार बरामद की गई। गिरफ्तार अपराधियों में शैलेश कुमार दास, अरविंद कुमार दास, गोलू महथा उर्फ गोडू पासी, ललन झा तथा रोहन तुरी उर्फ विजय तुरी शामिल हैं। सभी देवघर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के निवासी बताए गए हैं।इस संबंध में नगर थाना कांड दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं एवं आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर उनके आपराधिक इतिहास, आपसी संबंधों तथा संभावित आपराधिक योजना की जानकारी जुटा रही है।

# टीबी उन्मूलन अभियान के तहत थाना मोहल्ला कोनरा में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही (हजारीबाग)।** 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान के तहत शनिवार को अनुमंडलीय अस्पताल बरही के तत्वावधान में थाना मोहल्ला कोनरा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य टीबी रोगियों की शीघ्र पहचान कर समय पर उपचार सुनिश्चित करना था। शिविर में कुल 52 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिनमें 16 पुरुष एवं 36 महिलाएं शामिल थीं। जांच के दौरान 50 लोगों का डिजिटल एक्स-रे किया गया तथा संदिग्ध मरीजों के 2 बलगम (स्पुटम) नमूने जांच के



लिए संग्रहित किए गए। इसके अलावा 44 लोगों की गैर-संचारी रोग (एनसीडी) संबंधी स्क्रीनिंग भी की गई। कार्यक्रम में अनुमंडलीय अस्पताल के डॉ. अमन प्रसाद, सीएचओ सनावर प्रवीण, बिजेंद्र कुमार सहिया साथी निशि देवी, सहिया तबस्सुम खातून, सुनीता विश्वकर्मा, संयुक्ता सिंहा, सबिता देवी, शाजिया खातून, इशरत खातून, डाटा मैनेजर विक्रम कुमार, एक्स रे ऑपरेटर शैलेन्द्र कुमार, ऑपरेट सूरज कुमार, सहिया अनीता केसरी, सहानी बेगम, चालक शमसाद आलम सहित मुखिया यास्मीन तबस्सुम, वार्ड सदस्य सत्या देवी और उपमुखिया प्रतिनिधि मो इजहार उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 100 दिवसीय अभियान के तहत उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में लगातार शिविर लगाकर टीबी के संभावित मरीजों की पहचान की जा रही है, ताकि जिले को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

# कैलूजारा हादसे के पीड़ितों से मिले विधायक जयराम महतो, आश्रितों को दी आर्थिक सहायता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विष्णुगढ़ (हजारीबाग)।** विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के कैलूजारा गांव में वैवाहिक समारोह के दौरान हुए दर्दनाक सड़क हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई थी, जबकि तीन अन्य गंभीर




रूप से घायल हुए थे। घटना की सूचना मिलने पर डुमरी विधायक एवं झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (खछडट) के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो विष्णुगढ़ थाना पहुंचे और मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। विधायक ने शोकाकुल परिवारों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में वे उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने अपने निजी कोष से मृतकों के आश्रितों को 10-10 हजार रुपये की दर से कुल 30 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत कर पीड़ित परिवारों को जल्द राहत उपलब्ध कराने का आग्रह किया। विधायक के प्रयास के बाद प्रशासन की ओर से भी मृतकों के परिजनों को 80 हजार रुपये की आपातकालीन सहायता राशि उपलब्ध कराई गई। परिजनों को आगे भी सरकारी योजनाओं के तहत हरसंभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। ग्रामीणों ने हादसे के लिए जिम्मेदार वाहन चालक पर सख्त कार्रवाई तथा मृतक परिवारों को उचित मुआवजा देने की मांग दोहराई। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# कलुआही के शिक्षक पुत्र की मुंबई के हॉस्टल में संदिग्ध मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मधुबनी।** बिहार में मधुबनी जिला के कलुआही प्रखंड निवासी एवं मध्य विद्यालय कलुआही के शिक्षक प्रभात रंजन सिंह उर्फ गुड्डू सिंह के 19 वर्षीय पुत्र सोमनाथ सिंह शिवम की नवी मुंबई स्थित एक छात्रावास में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। शिवम भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय (क्ल्ल्ल्लि टं१३ी वल्ल५ी१२३८) के अंतर्गत संचालित टी.एस. चाणक्य, नवी मुंबई में बीएससी नॉटिकल साइंस प्रथम वर्ष का छात्र था। तथा समुद्री जहाज का कैप्टन बनने की तैयारी कर रहा था। मृतक के पिता प्रभात रंजन सिंह ने बताया कि लगभग एक वर्ष पूर्व उन्होंने अपने छोटे पुत्र शिवम का नामांकन टी.एस. चाणक्य में कराया था। वह संस्थान के छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रहा था। उन्होंने बताया कि 28 मई की सुबह करीब छह बजे उन्हें फोन पर सूचना मिली कि उनका पुत्र हॉस्टल की खिड़की से नीचे गिर गया है और उसकी हालत गंभीर है। सूचना मिलते ही परिवार के सदस्य हवाई मार्ग से नवी मुंबई पहुंचे। परिजनों के अनुसार, वहां पहुंचने पर उन्हें पता चला कि शिवम को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पिता ने छात्रावास प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि शिवम जिस कमरे में रहता था, उसकी खिड़की में सुरक्षा के लिए ग्रिल नहीं लगी थी। उन्होंने बताया कि हॉस्टल प्रबंधन और अन्य छात्रों से मिली जानकारी के अनुसार सुबह करीब पांच बजे शिवम खिड़की से नीचे गिर गया था, लेकिन वह कैसे गिरा, इसकी स्पष्ट जानकारी किसी के पास नहीं है। घटना में शिवम के सिर में गंभीर चोटें आई थीं। इसके बाद उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों के प्रयास के बावजूद उसकी जान नहीं बच सकी। मामले को लेकर एनआरआई कोस्टल थाना, नेरुल (नवी मुंबई) में कांड संख्या 20/2026 दर्ज किया गया है और पुलिस घटना के विभिन्न पहलुओं की जांच कर रही है।

### बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने धनिक लाल मंडल की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मधुबनी।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार रविवार को मधुबनी जिले के फुलपरास प्रखंड अंतर्गत बेलहा-बथनाहा जीरो प्वाइंट स्थित महान समाजवादी नेता, स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व राज्यपाल धनिक लाल मंडल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने धनिक लाल मंडल के सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन संघर्ष,समाज सेवा और जनहित के कार्यों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। माल्यार्पण कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, एनडीए कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मूलभूत सुविधाओं से वंचित आदिम जनजाति का गांव सरुवत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गढ़वा।** आकांक्षी जिला गढ़वा का सरुवत गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं से बंचित है।आदिम जनजाति कोरवा , किसान और यादव परिवार के लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी तो दूर की बात है। यहां सड़क, शिक्षा, विजली, पानी, पेंशन और आधारकार्ड जैसे सरकारी योजनाओं का लाभ भी आदिम जनजाति के कई परिवारों को नहीं मिल रहा हैं।

गढ़वा जिला मुख्यालय से लगभग 95 किलोमीट दूर, लातेहार और छत्तीसगढ़ के सीमा पर स्थित बरगढ़ प्रखंड और टेहरी पंचायत में स्थित सरुवत गांव है। यह झारखंड के दूसरा सबसे उच्चा पहाड़ पर है।तीन दशकों से उग्रवादियों के दहशत में रहा यह गांव बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र का हिस्सा है। हरे भरे घनघोर जंगल और खूबसूरत वादियों में बसा इस गांव में नव टोला है। यहां तक पहुंचने के लिए आज भी छत्तीसगढ़ होकर कच्ची और दुर्गम मार्ग का सहारा लेना पड़ता है। उपायुक्त पशुपतिनाथ मिश्र ने बताया कि इस गांव की जानकारी प्रशासन को है। उग्रवादियों के चंगुल में काफीदीनो तक यह गांव रहा है।सरकार और जिला प्रशासन यहां पर सरकार की योजनाओं और मूलभूत सुविधाओं को पहुंचने की दिशा में काम कर रही है।बहुत जल्द जिला प्रशासन एक कैंप लगा कर यहां के लोगों को सरकार की योजनाओं से जोड़ेगा।

# हजारीबाग पुलिस ने बरामद किए पांच मोबाइल मालिकों को सौंपे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो ।** पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निदेर्शानुसार रविवार, 07 जून 2026 को पोर्टल पर पंजीकृत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से गुम हुए पांच मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया गया। पुलिस द्वारा गुम हुए मोबाइलों की तकनीकी जांच एवं उएक्क्र पोर्टल के माध्यम से लगातार निगरानी की जा रही थी। इसी क्रम में अलग-अलग थाना क्षेत्रों से गुम हुए पांच मोबाइल फोन को सफलतापूर्वक बरामद किया गया। बरामदगी के बाद आवश्यक सत्यापन एवं कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए संबंधित मोबाइल धारकों को उनके मोबाइल सुपुर्द किए गए। मोबाइल वापस मिलने पर लाभुकों



ने हजारीबाग पुलिस के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पुलिस की इस पहल की सराहना की। पुलिस अधिकारियों ने आम लोगों से अपील की कि मोबाइल गुम होने की स्थिति में तत्काल संबंधित थाना अथवा उएक्क्र पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि मोबाइल की ट्रैकिंग एवं बरामदगी की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जा सके। हजारीबाग पुलिस ने कहा कि आम नागरिकों की संपत्ति की सुरक्षा एवं गुम हुए मोबाइलों की बरामदगी को लेकर अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# घर-घर पहुंच रही पशुपालन की आधुनिक तकनीक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पदमा (हजारीबाग)।** ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन को लाभकारी और आधुनिक बनाने की दिशा में एआई मैत्री कार्यकर्ता ललन कुमार उर्फ लालू यादव महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सरकार की एआई मैत्री योजना के तहत प्रशिक्षित ललन कुमार गांव-गांव पहुंचकर पशुपालकों को कृत्रिम गभार्धान (एआई) की सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं, जिससे पशुओं की नस्ल में सुधार के साथ दूध उत्पादन और पशुपालकों की आय में भी वृद्धि हो रही है। पदमा प्रखंड के विभिन्न गांवों में सक्रिय ललन कुमार ने झारखंड स्टेट इम्प्लॉयिंग एजेंसी फॉर कैटल एंड बफेलो डेवलपमेंट (जेएसआईएसीबीडी), रांची से विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया है।




प्रशिक्षण के बाद उन्होंने क्षेत्र में अपनी सेवाएं शुरू कीं और अब तक 400 से अधिक गाय एवं भैंसों का सफल कृत्रिम गभार्धान कर चुके हैं। कृत्रिम गभार्धान तकनीक के माध्यम से बेहतर नस्ल के बछड़ों का जन्म हो रहा है, जिससे पशुओं की उत्पादकता बढ़ रही है। विशेषज्ञों के अनुसार यह तकनीक दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के साथ पशुपालन को अधिक लाभकारी बनाने में सहायक साबित हो रही है। क्षेत्र के पशुपालकों का कहना है कि पहले उन्हें इस सुविधा के लिए दूर-दराज के केंद्रों तक जाना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों की अतिरिक्त लागत आती थी। अब गांव में ही सेवा उपलब्ध होने से उन्हें काफी राहत मिली है। ललन कुमार केवल कृत्रिम गभार्धान तक सीमित नहीं हैं, बल्कि पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य, टीकाकरण, संतुलित आहार, स्वच्छता और वैज्ञानिक पशुपालन पद्धतियों की जानकारी भी दे रहे हैं। नियमित सलाह और मार्गदर्शन के माध्यम से वे ग्रामीणों को आधुनिक पशुपालन अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। 400 से अधिक पशुओं का सफल कृत्रिम गभार्धान, 35 से अधिक गांवों में सेवा विस्तार, 300 से अधिक पशुपालकों को प्रत्यक्ष लाभ, पशुओं की नियमित स्वास्थ्य जांच और परामर्श।

# थाना दिवस पर जमीन संबंधित मामले निपटारे का प्रयास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बड़कागांव (हजारीबागह) ।** जारीबाग उपायुक्त हेमंत सती के निर्देश पर बड़कागांव थाना परिसर में थाना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जमीन विवाद से संबंधित मामले की निपटारे के लिए शिविर का आयोजन किया गया अंचलाधिकारी मनोज कुमार एवं थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह की उपस्थिति में कार्यक्रम किया गया।होरम शिवाडीह, हरली गांव एवं अन्य गांव के निवासी के द्वारा समस्या को रखा गया। जिसमें पदाधिकारीओं के द्वारा समाधान करने का प्रयास किया गया।

इस दौरान पदाधिकारीओं ने स्थल पर पहुंचकर भौतिक सत्यापन किया।लोगों की जानकारी के लिए बता दे की माह के द्वितीय शनिवार को



बड़कागांव अंचल कार्यालय में अंचल दिवस मनाया जाएगा। तीसरी शनिवार को उरीमारी थाना में थाना दिवस मनाया जाएगा ।वहीं महीना के अंतिम शनिवार को बड़कागांव अंचल कार्यालय में अंचल दिवस शिविर लगाया जाएगा।सभी शिविर में अंचल के अधिकारियों के अलावा पुलिस पदाधिकारी भी शामिल रहेंगे।बड़कागांव थाना परिसर में प्रथम शनिवार को शिविर में मुख्य रूप से अंचलाधिकारी मनोज कुमार, थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ,एस आई राकेश खवास, अंचल निरीक्षक नंदकिशोर राम, कर्मचारी मनीष पाठक ,कुलदीप कुमार सिंह,अमीन नरेंद्र प्रसाद महतो ,विनोद यादव, प्रेम राणा, प्रमिला देवी समेत कई लोग उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने बरही प्रखंड का किया भ्रमण, विभिन्न संस्थानों एवं विकास कार्यों का लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** उपायुक्त श्री हेमंत सती ने शनिवार को बरही प्रखंड के विभिन्न महत्वपूर्ण संस्थानों एवं स्थलों का भ्रमण कर वहां संचालित गतिविधियों, आधारभूत संरचनाओं तथा विकास कार्यों का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। भ्रमण के क्रम में उपायुक्त सर्वप्रथम गौरिया करमा स्थित आईसीएआर (इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च) केंद्र पहुंचे। वहां उन्होंने बागवानी, मत्स्य पालन एवं पशु विज्ञान सहित कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा से संबंधित गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की तथा परिसर का विस्तृत अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने प्रोसेसिंग प्लांट, फूड कोर्ट, गेस्ट हाउस, इंडोर स्टेडियम एवं परीक्षा भवन का निरीक्षण किया। आईसीएआर प्रबंधन द्वारा परिसर में स्ट्रीट लाइट लगाने का अनुरोध किए जाने पर उपायुक्त ने सहमति प्रदान करते हुए शीघ्र स्ट्रीट लाइट स्थापना सुनिश्चित करने की बात कही।

उन्होंने आईसीएआर द्वारा संचालित आम बागान का भी निरीक्षण किया तथा विभिन्न प्रजातियों के आमों की विशेषताओं की जानकारी प्राप्त की। इसके उपरांत उपायुक्त ने गौरिया करमा स्थित मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां आयोजित वीएचएसएनडी के तहत संचालित टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा की। उन्होंने



सेविका एवं सहिया से बच्चों के टीकाकरण की स्थिति, केंद्र में नामांकित बच्चों की संख्या एवं पोषण संबंधी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक निर्देश दिए। भ्रमण के क्रम में उपायुक्त ने पशुपालन विभाग द्वारा संचालित बीज प्रसंस्करण संयंत्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने राजकीय पशु प्रजनन प्रक्षेत्र, सांढ़ पोषण प्रक्षेत्र, सुकर प्रजनन प्रक्षेत्र तथा पशुपालन प्रशिक्षण विद्यालय का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने रेड सिंधी नस्ल की गायों के रखरखाव, दुग्ध उत्पादन एवं उपलब्ध मानव संसाधन की जानकारी ली। साथ ही राजकीय पशुपालन प्रक्षेत्र के समग्र विकास हेतु विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर भेजने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। उपायुक्त ने केदारूत डैम एवं पेयजल आपूर्ति के लिए संचालित इंटेक वेल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने गौरिया करमा से केदारूत डैम तक जाने वाली जर्जर सड़क की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे शीघ्र सुदृढ़ एवं व्यवस्थित सड़क के रूप में विकसित करने की आवश्यकता बताई, ताकि पर्यटकों एवं स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा हो सके। भ्रमण के अंतिम चरण में उपायुक्त बरही चौक पहुंचे, जहां उन्होंने लगातार लगने वाले जाम की समस्या का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि विभिन्न माध्यमों से बरही चौक पर प्रतिदिन जाम, दुर्घटनाओं एवं गंदगी की शिकायतें प्राप्त होती रहती हैं। ऐसी स्थिति में चौक के आसपास संचालित अव्यवस्थित बाजारों को व्यवस्थित वेंडिंग जोन में स्थानांतरित करना आवश्यक है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विस्तृत प्रतिवेदन तैयार करने का निर्देश देते हुए कहा कि सड़क किनारे लगने वाले सब्जी बाजार एवं ठेला-खोमचा विक्रेताओं के लिए उपयुक्त स्थान का चयन कर उन्हें वहां स्थानांतरित करने की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इससे बरही चौक को सुंदर, स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाने के साथ-साथ यातायात व्यवस्था को भी सुगम बनाया जा सकेगा।

# नशा मुक्ति केंद्र में युवक की मौत से उठे सवाल, हत्या का आरोप

**बरही (हजारीबाग)**। नशा मुक्ति के नाम पर संचालित केंद्रों की निगरानी व्यवस्था सवालों के घेरे में आ गई है।अनुमंडलीय अस्पताल के सामने स्थित नशा मुक्ति केंद्र में 23 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद परिजनों ने केंद्र प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। घटना ने ऐसे संस्थानों की कार्यप्रणाली, सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक निगरानी पर बहस छेड़ दी है।



बरसोत श्रीनगर निवासी राजेश कुमार यादव ने बरही थाना में दिए आवेदन में बताया कि उनके छोटे भाई सुरेश कुमार यादव को 5 जून को धनबाद रोड स्थित जीवन रिहैब फाउंडेशन में भर्ती कराया गया था। 6 जून की रात केंद्र से फोन कर उनके पिता शिव सहाय यादव को युवक की तबीयत बिगड़ने की सूचना दी गई। रविवार सुबह अस्पताल पहुंचने पर परिजनों ने उसे मृत पाया।परिजनों का दावा है कि मृतक की गर्दन पर चोट के निशान थे तथा अस्पताल में नशा मुक्ति केंद्र का कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। उन्होंने केंद्र संचालक और कर्मियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। परिजनों ने निदेशक शुभम कुमार गुप्ता व सहयोगियों पर हत्या का आरोप लगाया है । जिसे केंद्र प्रबंधन निराधार बताते हुए कहा कि युवक को गंभीर हालत में भर्ती कराया गया था। वॉलेंटियर वैभव सिंह के अनुसार शनिवार रात भोजन के लिए उठाने पर वह अचानक अचेत हो गया, जिसके बाद उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। किसी भी प्रकार की लापरवाही से इनकार किया है । बहरहाल, घटना ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि नशा मुक्ति केंद्रों में भर्ती लोगों की स्वास्थ्य निगरानी, आपातकालीन चिकित्सा सुविधा और जवाबदेही की व्यवस्था कितनी प्रभावी है। फिलहाल पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# स्वास्थ्य व पर्यावरण के लिए लाभदायक है साइकिलिंग : बीडीओ

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। विश्व साइकिल दिवस पर “संडेज ऑन साइकिल” अभियान के तहत बीडीओ मो.जफर इमाम के नेतृत्व में जागरूकता के लिए साइकिल राइड का आयोजन किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया गया। साइकिल राइड प्रखंड कार्यालय परिसर से सूर्य मंदिर परिसर तक हुई। इसमें अधिकारी, पंचायत सचिव, प्रखंड कर्मी एवं अन्य प्रतिभागी शामिल रहे। लोगों को पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत विश्व साइकिल दिवस पर संडेज ऑन साइकिल अभियान का विशेष सत्र आयोजित कर लोगों को साइकिल चलाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। बीडीओ मो. जफर इमाम ने कहा कि साइकिल न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण का भी एक प्रभावी माध्यम है। नियमित रूप से साइकिल का उपयोग करने से ईंधन की बचत होती है, वायु प्रदूषण में कमी आती है और व्यक्ति शारीरिक रूप से भी स्वस्थ रहता है। उन्होंने लोगों से दैनिक जीवन में अधिक से अधिक साइकिल के उपयोग करने की अपील की। साइकिल राइड के दौरान स्वच्छता, फिटनेस और हरित पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।




## 9 जून को राजद का प्रखंड कार्यालय पर धरना

**रफ़ीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज विधानसभा के राजद प्रत्याशी सह नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष डा गुलाम शाहिद ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार बिहार में बढ़ते भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोज़गारी, गिरती शिक्षा एवं विधि व्यवस्था के खिलाफ आगामी 9 जून को प्रखंड मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया है साथ ही 17 जून को जिला मुख्यालय में भी एकदिवसीय धरना कार्यक्रम निर्धारित है। विधानसभा क्षेत्र के सभी नागरिक,किसान मजदूर निर्धारित तिथि पर प्रखंड मुख्यालय परिसर में पहुंचकर धरना को सफल बनाने का अपील किया है।धरना को सफल बनाने हेतू विधानसभा क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ता एवं सभी पदाधिकारी गण जनसंपर्क में जुटे हुए है। आप सभी से अनुरोध है कि अपने-अपने प्रखंड मुख्यालय एवं 17 जून को जिला मुख्यालय में उपस्थित हों।

# बालू लदा ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौत

<u>नवबिहार टाइम्स ब्यूरो</u>

**चौपारण (हजारीबाग)**। चौपारण प्रखंड के सेल्हारा पंचायत स्थित भोक्ता टोली में उस समय मातम पसर गया, जब बालू लदे ट्रैक्टर के पलटने से एक युवा चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान 20 वर्षीय अनिल भोक्ता, पिता महावीर भोक्ता, के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अनिल भोक्ता बालू लेकर भगहर क्षेत्र से अपने गांव की ओर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में एक घुमावदार मोड़ पर ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि ट्रैक्टर के नीचे दबने से चालक अनिल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर चौपारण थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने पंचनामा की प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि बालू ढुलाई में लगे वाहन चालक अक्सर कार्रवाई के डर से जल्दबाजी में वाहन चलाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। ग्रामीणों ने दुर्घटना के पीछे तेज रफ्तार और मोड़ पर वाहन का संतुलन बिगड़ना संभावित कारण बताया है। अनिल भोक्ता की मौत से परिवार गहरे सदमे में है। वह अपने पीछे पत्नी और मात्र तीन माह की एक बच्ची छोड़ गया है। घर के कमाऊ सदस्य की अचानक मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोगों ने प्रशासन से मृतक के आश्रितों को मुआवजा और सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।

# प्रशासन की चुप्पी के बीच ग्रामीणों ने हटाया कथित अवैध कब्जा

<u>नवबिहार टाइम्स ब्यूरो</u>

**इचाक (हजारीबाग)**। इचाक थाना क्षेत्र से सटे दारू थाना क्षेत्र के तीज टोला चोरिया गांव में भूमि विवाद को लेकर ग्रामीणों और कुछ लोगों के बीच लंबे समय से चल रहा विवाद रविवार को खुलकर सामने आ गया। ग्रामीणों और रैयतों ने एकजुट होकर विवादित भूमि पर की गई कथित घेराबंदी को हटा दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के कुछ लोग बाहरी व्यक्तियों के साथ मिलकर रैयतों की जमीन पर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि मामले की शिकायत एक जून को दारू थाना, अंचल कार्यालय एवं अनुमंडल पदाधिकारी को लिखित रूप से दी गई थी। इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ती गई। ग्रामीणों के अनुसार प्रशासनिक हस्तक्षेप नहीं होने के कारण स्थिति लगातार तनावपूर्ण होती जा रही थी। इसी बीच बड़ी संख्या में रैयत और ग्रामीण एकत्र हुए और विवादित भूमि पर की गई घेराबंदी को हटाने की कार्रवाई की। घटनास्थल पर मौजूद लोगों के अनुसार ग्रामीणों की भीड़ को देखकर संबंधित पक्ष के लोग वहां से चले गए। घटना के बाद क्षेत्र में भूमि विवाद और प्रशासनिक निष्क्रियता को लेकर चर्चा तेज हो गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा रैयतों की भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। भूमि कब्जा एवं अन्य आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाए गए हैं। संबंधित पक्ष और प्रशासन का पक्ष प्राप्त होने पर उसे भी प्रकाशित किया जाएगा।



## रामनगर बिहारी बिगहा से मुख्तियापुर जाने वाली सड़क बदहाल

**औरंगाबाद/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। ओबरा प्रखंड के चंदा पंचायत के रामनगर बिहारी बिगहा से मुख्यिारपुर जाने वाली सड़क की स्थिति इन दिनों अत्यंत खराब हो गई है। सड़क पर गड्ढों के कारा ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है। वहीं बारिश के दिनों में यह स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि मुख्तियापुर के ग्रामीण कीचड़युक्त सड़क पर चलने को मजबूर हैं जिससे बाइक चालक भी इस सड़क पर जाने से कतराते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार लगभग 10 वर्ष पूर्व सड़क पर मिट्टीकरण का कार्य किया गया था परंतु यह अधूरा छोड़ दिया गया। इसके बाद से सड़क की स्थिति लगातार बदहाल होती गई। ग्रामीणों ने कई बार जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को सड़क निर्माण के लिए अवगत कराया परंतु अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया। बताया कि जब बारिश होती है तो सड़क से आवागमन बाधित हो जाता है। यहां तक कि मरीजों को अस्पताल जाने में परेशानी होती है। इतना होने के बावजूद भी इतने वर्षो बाद भी सड़क का निर्माण नहीं कराया गया।

# पुलिस सेवा के सफल अभ्यर्थी सम्मानित

<u>नवबिहार टाइम्स संवाददाता</u>

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड के सिहाड़ी खेल मैदान पर मंतोष इंडियन फिजिकल अकादमी के द्वारा बिहार पुलिस में सभी सफल अभ्यर्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रिटायर्ड सैनिक राजेन्द्र प्रसाद ने की जबकि संचालन अनिल कुमार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हसपुरा दक्षिणी जिला पार्षद सदस्या ई पुष्पलता, पूर्व मुखिया सोनम कुशवाहा, पंसस धनंजय कुमार, टाल पैक्स अध्यक्ष आशुतोष कुमार और साधु,मुखिया अजीत कुमार उर्फ चुनु शर्मा, अरविंद कुमार वर्मा, भोला राम, संजय कुमार दिलीप कुमार, पवन मिश्रा, विकास कुमार, मुख्य रूप से उपस्थित रहे सभी अतिथियों को फिजिकल अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक मंतोष इंडियन के द्वारा अंग वस्त्र व माला देकर सम्मानित किया गया। वही कार्यक्रम में चार चांद लगाने पहुंचे मधु किन्नर को भी अंग वस्त्र व माला देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि मंतोष कुमार के द्वारा जो यह निशुल्क प्रशिक्षण देने का काम जो किया गया वह बेहद ही सराहनीय है सभी अतिथियों ने सभी सफल अभ्यर्थियों को शुभकामना देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। बिहार पुलिस में उजाला कुमारी, निशा कुमारी, सुरभि कुमारी, सोनी कुमारी, गुड़िया कुमारी, अंजली कुमारी, रेखा, पिंकी, गायत्री, संजू, चुन्नी कुमारी, रवि कुमार, आदित्य, अजीत, पप्पू सागर, चिंटू, नीलेश, रोशन, मनीष, कौशल, व गोल्डन कुमार को अतिथियों द्वारा कैप देकर सम्मानित किया गया।




# राष्ट्रीय चेतना एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने को यात्रा

<u>नवबिहार टाइम्स ब्यूरो</u>

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा छात्राओं के लिए एक विशेष शैक्षणिक परिभ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों में सांस्कृतिक-ऐतिहासिक- राष्ट्रीय चेतना के विकास के साथ-साथ राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करना है। छात्राओं को पटना के सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के भ्रमण हेतु मौलाबाग स्थित श्री सूर्य मंदिर के प्रांगण से रवाना किया गया। परिभ्रमण रथ को नगर परिषद के सशक्त स्थाई समिति सदस्य जयगोविंद प्रसाद, भाजपा नगर अध्यक्ष सह प्रखण्ड बीस सूत्री के उपाध्यक्ष श्याम कुमार पाठक, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अमित कुमार, अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के प्रखण्ड अध्यक्ष रवि पांडे, वार्ड पार्षद दिनेश प्रसाद, सूर्य मंदिर न्यास समिति के मनोज केसरी एवं विकास आनन्द ने संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। खण्ड कार्यवाह अनुज कुमार पांडेय ने कहा कि छात्राओं को पटना परिभ्रमण पर ले जाने का मुख्य उद्देश्य उनके अंदर बौद्धिक विकास करना, उनका ज्ञानवर्धन करना, अपने सांस्कृतिक-ऐतिहासिक धरोहरों से परिचित कराना एवं उनके अंदर राष्ट्रीय चेतना एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करना है। इस अवसर पर उपस्थित जयगोविंद प्रसाद एवं अन्य वक्ताओं ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को देश के इतिहास,संस्कृति एवं गौरवशाली परंपराओं से परिचित कराते हैं। प्रखण्ड बीस सूत्री उपाध्यक्ष श्याम कुमार पाठक ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में नई ऊर्जा का संचार होता है तथा बच्चों के मन में अपने देश,समाज और संस्कृति के प्रति सकारात्मक एवं प्रेरणादायक भाव जागृत होते हैं। संसा स्थित श्री रामानुजन साइंस एंड टेक्निकल स्कूल फ्री सेंटर की छात्राएं कार्यक्रम में शामिल थी। परिभ्रमण रथ के साथ संघ के वरिष्ठ स्वंयसेवक पुनचुन विश्वकर्मा, लक्ष्मी नारायण, शिक्षक चितरंजन,अमन, अंश, सिद्धू उपस्थित रहे।




# मजदूर की बेटी का बिहार पुलिस में चयन

<u>नवबिहार टाइम्स ब्यूरो</u>

**औरंगाबाद**। जिले के मदनपुर प्रखंड की खिरियावां पंचायत के बरडी गांव की सीमा कुमारी का चयन बिहार पुलिस में सिपाही के पद पर हुआ है। पहले ही प्रयास में मिली इस कामयाबी से पूरे इलाके में खुशी की लहर है। सीमा के पिता राधे पासवान रोजगार के लिए दूसरे प्रदेश में मजदूरी करते हैं। माता चांदो देवी गृहिणी हैं। चार बहनों और दो भाइयों वाले परिवार में सीमा सबसे छोटी है। यह परिवार की पहली सरकारी नौकरी है। चयन की सूचना मिलते ही गांव में जश्न का माहौल बन गया। ढोल-नगाड़ों के साथ ग्रामीणों ने सीमा को बधाई दी। सीमा की पढ़ाई राजकीय मध्य विद्यालय जोगरी से शुरू हुई। उसने बेरी हाई स्कूल से 2022 में मैट्रिक और 2024 में इंटर की परीक्षा प्रथम श्रेणी से पास की। फिलहाल वह सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज औरंगाबाद में स्नातक की छात्रा है। सीमा ने बताया कि वह कॉलेज की पढ़ाई के साथ-साथ बिहार पुलिस भर्ती की तैयारी कर रही थी। अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता को देते हुए सीमा ने कहा, पापा घर से दूर रहकर दिन-रात मेहनत करते हैं ताकि हम सभी भाई-बहन पढ़-लिख सकें। मम्मी ने हर कदम पर हौसला बढ़ाया। आज पुलिस की वर्दी पहनकर मैं माता-पिता का सपना पूरा करूंगी। गांव की बेटियों के लिए भी यह प्रेरणा बने, यही चाहती हूं। चयन की खबर के बाद सीमा को जिला पार्षद विकास कुमार, एएसओ बिमल कुमार, मुखिया सविता देवी सहित सीमा को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पंचायत के लोगों का कहना है कि सीमा की सफलता से पूरे क्षेत्र की बेटियों का हौसला बढ़ेगा।



# केरेडारी में खुला बनास डेयरी दुग्ध क्रय केंद्र किसानों में खुशी

<u>नवबिहार टाइम्स संवाददाता</u>

**केरेडारी (हजारीबाग)**। केरेडारी प्रखंड के केरेडारी शिव मंदिर के समीप बनास डेयरी (अमूल) दुग्ध क्रय केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर केरेडारी व आसपास गांव के 15 दुग्ध विक्रेताओं ने एक सौ पचास किलो दुग्ध बिक्री किया। बनास डेयरी के फ़ील्ड सुपरवाईजर संतोष सिंह व अमित सिंह टेक्निकल इंजीनियर ने बताया कि इस केंद्र में केरेडारी प्रखंड के लोग दुग्ध बिक्री कर सकते है। दुग्ध के क्वालिटी और क्वांटिटी के आधार पर हर पंद्रह दिन में पैसे का भुगतान उनके खाते में ऑनलाइन किया जायेगा। दुग्ध क्रय केंद्र खुलने से आसपास के लोगो को दुग्ध बेचने में काफी सुविधा होगी। केंद्र खुलने से दुग्ध विक्रेताओं में ख़ुशी का लहर है। मौके पर चूरामन महतो, रामोतार साव, जुगल साव, ख़ुदेश्वर साव, कामेश्वर पांडे, साधु चरण पांडे, अनिरुद्ध पांडे, अनिल सिंह, कैलास कुमार, सत्यम कुमार साव, छत्रु साव, टुनटुन साव, पवन कुमार समेत कई लोगो मौजूद थें।



# विश्व योग दिवस की तैयारी हेतु भाजपा की बैठक

<u>नवबिहार टाइम्स संवाददाता</u>

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। विश्व योग दिवस की तैयारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी की हसपुरा उतरी मंडल संगठन की ओर से आत्म निर्भर मासिक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता उतरी मंडल सह प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष चंद्रकांत मुन्ना व संचालन महामंत्री संतोष कुमार ने की। बैठक की शुरुआत में पिछले माह के अंतिम रविवार को जो मन की बात शतप्रतिशत सुनी गई इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं के प्रति मंडल अध्यक्ष ने आभार व्यक्त किया। उसके बाद सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष ने कहा कि 21 जून को विश्व योग दिवस में सम्मिलित होना है जिसका स्थान लिटिल फ्लावर स्कूल की प्रांगण होगा। आगामी सभी बूथों पर मन की बात को सुनकर सरल ऐप पर अपलोड करने के लिए आग्रह की गई। उसके बाद कुछ जनसमस्या जैसे खाद व बीज एवं नल जल जैसी समस्याओं को समाधान करने हेतु चर्चा की गई। इस बैठक में ओबीसी जिला उपाध्यक्ष नंदन यादव, जिला कार्य समिति सदस्य वीरेंद्र कुमार, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुधांशु शेखर, ओबीसी मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद, महिला मोर्चा अध्यक्ष राधिका सोनी, मंडल महामंत्री गया लाल पंडित, उपाध्यक्ष निर्भय कुमार, मंडल मंत्री जितेंद्र कुमार सिंह, गनौरी राम, शक्ति केंद्र प्रमुख कमलेश पंडित, अर्जुन मालाकार, सत्येंद्र पांडे, बूथ अध्यक्ष सागर कुमार, कृष्णा सोनी सदस्य अशोक कुमार व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# मनरेगा कार्यों में अनियमितता का आरोप, जांच की मांग

<u>नवबिहार टाइम्स संवाददाता</u>

**अंबा (औरंगाबाद)**। कुटुंबा प्रखंड की ग्राम पंचायत सुही में मनरेगा योजना के तहत कराए गए विभिन्न विकास कार्यों में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने जांच की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि कई योजनाओं में कार्य की गुणवत्ता, मापी एवं खर्च की गई राशि को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा जिन योजनाओं की जांच की मांग की गई है, उनमें उक्त पंचायत के वार्ड संख्या-8 में बरगद के पेड़ से नरेश यादव के खेत तक करहा निर्माण कार्य, संजय सिंह के पोखरा से परसा दुसियानी तक करहा उड़ाही कार्य, रोहतास खाप गुमटी से खपिया फॉल तक पईन सफाई कार्य, दुधमी से परसा सिवाना तक करहा उड़ाही कार्य, सुही नहर फॉल से अंबाशाही होते हुए जगदीशपुर सिवान तक पईन सफाई कार्य, प्रवेश पांडेय के खेत से नहर पार करते हुए पईन तक करहा सफाई कार्य तथा चनकप फॉल से सड़क किनारे होते हुए गांव तक करहा उड़ाही कार्य शामिल हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कई योजनाओं में कार्य अधूरा है, जबकि अभिलेखों में पूर्ण दिखाकर राशि निकासी की आशंका है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से स्थलीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा सरकारी राशि के दुरुपयोग की जांच कराने की मांग की है। इस संबंध में ग्रामीणों ने कहा कि यदि निष्पक्ष जांच कराई जाए तो योजना क्रियान्वयन में हुई कथित अनियमितताओं का खुलासा हो सकता है। इस संबंध में लोकपाल राजेश कुमार राय से फोन पर संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि उन्होंने कार्यकाल पूरा कर लिए हैं। जब मेरा एक्सटेंशन होगा, तब मैं कोई एक्शन ले पाऊंगा। उन्होंने बताया कि अपने कार्यकाल में मैंने बहुत सारे आदेश निकाले हैं, जिनका इम्प्लीमेंट जिले में नहीं हुआ। जब तक जिले के आला अधिकारी पहल नहीं करेंगे, लोग निरंकुश बन कर काम करते-कराते रहेंगे।

## सलेमपुर गांव का नहर पुल बनता जा रहा डेंजर जोन

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। हसपुरा प्रखंड के सलेमपुर गांव के समीप मुख्य पथ पर स्थित नहर पुल इन दिनों डेंजर जोन बन गया है। पुल के दोनों ओर घेराबंदी और लाइट लगाने की मांग तेजी से उठ रही है। इस तिखे मोड़ से दिन रात वाहनों का आवागमन होता है जिससे यह कहना मुश्किल है कि कब कौन सा वाहन नहर में गिर जाएगा। यहां अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं और जब भी ऐसा होता है ग्रामीण उग्र हो जाते हैं और कई बार सड़क जाम कर देते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए केवल आश्वासन ही मिलता है। बता दें कि सड़क से गुजरने वाले विशेषकर लोग हमेशा खतरे में रहते हैं कि कब वे नहर में गिर जाए। रात के वक्त दुर्घटनाओं की संभावना अधिक होती है। स्थानीय राजेंद्र पासवान, चितरंजन सिंह ने कहा कि पुल का चौड़ीकरण और दोनों तरफ से घेराबंदी किए बिना समस्या का समाधान नहीं हो सकता है। सलेमपुर नहर पर कई बार वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर नहर में गिर चुके हैं। भगवान का शुक्र है कि ग्रामीणों के सहयोग से अबतक किसी की जान नहीं गई है। फिलहाल खतरा हमेशा बनी रहती है।

# सरकार को सबक सिखाने का एकमात्र रास्ता आंदोलन

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। बिहार में बढ़ते अपराध, महंगाई, भ्रष्टाचार, पेपर लीक, बेरोजगारी, जहरीली शराब से मौतें तथा विभिन्न जनसमस्याओं के खिलाफ राष्ट्रीय जनता दल 9 जून को राज्य के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर तथा 17 जून को जिला मुख्यालय पर एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन करेगा। इसकी तैयारी को लेकर जिला प्रवक्ता डॉ रमेश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि धरना-प्रदर्शन को सफल एवं प्रभावी बनाने की रणनीति पर पार्टी पदाधिकारियों के बीच विस्तृत चर्चा की गई है। उन्होंने कहा कि इस सरकार में भ्रष्टाचार और अपराध चरम पर पहुंच चुका है। कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के आह्वान पर राजद इन सभी मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगा। हमारे नेता के खिलाफ भाजपा और जेडीयू प्रतिशोध और डर की जहरीली राजनीति कर रही है। लेकिन, राजद चुप रहने को नहीं, संघर्ष करने के लिए सड़क पर उतरेगी। सरकार को सबक सिखाने का एकमात्र रास्ता आंदोलन ही शेष रह गया है।

# मुख्य पार्षद पर तथ्य छिपाने की प्राथमिकी



**नवबिहाार टाइम्स संवाददाता**

**मुंगेर।** जिले के हवेली खड़गपुर नगर परिषद के मुख्य पार्षद प्रभु शंकर की मुश्किलें बढ़ गई हैं। नगरपालिका आम निर्वाचन 2022 से जुड़े एक मामले में नामांकन पत्र में महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाने और गलत जानकारी देने के आरोप में उनके खिलाफ हवेली खड़गपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह कार्रवाई राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश और जिला प्रशासन की जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई है। मामले में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विशाल मोहन के आवेदन पर देर रात प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने कांड संख्या 200/26 दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हवेली खड़गपुर नगर परिषद के मुलुकटांड़ वार्ड संख्या-22 निवासी और पूर्व प्रत्याशी मनीषा कुमारी ने राज्य निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि मुख्य पार्षद प्रभु शंकर ने नगर निकाय चुनाव के दौरान अपने नाम निर्देशन पत्र और शपथ पत्र में कई महत्वपूर्ण जानकारियां छिपाई थीं।आयोग ने प्रारंभिक जांच और समीक्षा के बाद आरोपों को गंभीर मानते हुए जिला पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी, मुंगेर को जांच और आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया था। इसके बाद जिला प्रशासन द्वारा की गई जांच में पाया गया कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान जमीन विवाद से जुड़ी प्राथमिकी और आर्म्स एक्ट से संबंधित मामलों की जानकारी नामांकन पत्र में पूरी तरह दर्ज नहीं की गई थी।

जांच रिपोर्ट के आधार पर बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा 447 के तहत कार्रवाई की अनुशंसा की गई। इसके बाद नगर परिषद हवेली खड़गपुर के कार्यपालक पदाधिकारी विशाल मोहन ने थाना को पत्र भेजकर प्राथमिकी दर्ज करने और आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया। यह कार्रवाई जिला पदाधिकारी के पत्रांक-466 दिनांक 18 मई 2026 के आलोक में की गई।

# संदिग्ध परिस्थिति में नाई का शव बरामद




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** बरियारपुर थाना क्षेत्र के निवासी एक नाई की पीट-पीटकर हत्या किए जाने का आरोप सामने आया है। मृतक शनिवार को पड़ोसी जिले के बालीगांव थाना क्षेत्र स्थित विजयपुरा गांव गए थे, लेकिन वापस घर नहीं लौटे। रविवार सुबह उनका शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद किया गया।

मृतक की पहचान बरियारपुर थाना क्षेत्र निवासी शंभू ठाकुर (50) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, वह शनिवार सुबह काम के लिए घर से निकले थे। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिवार के लोग उनकी चिंता में इंतजार करते रहे। रविवार को उनके शव मिलने की सूचना मिली।

मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलने के करीब चार घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। बताया जा रहा है कि घटनास्थल दो जिलों की सीमा के बीच स्थित है, जिसके चलते क्षेत्राधिकार को लेकर भी स्थिति स्पष्ट की जा रही है।

मामले को लेकर मृतक के परिजनों ने बताया कि शंभू ठाकुर शनिवार को रोज की तरह खाना खाकर काम पर गए थे, लेकिन रातभर घर नहीं लौटे। रविवार सुबह विजयपुरा गांव के कुछ लोगों ने फोन कर उनके शव मिलने की सूचना दी। परिजनों का आरोप है कि शंभू ठाकुर की हत्या की गई है। उन्होंने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों की पहचान करने और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की है।

# आवासीय विद्यालय के मासूम छात्र की मिली लाश

## स्कूल के शौचालय के पाइप से बंधा मिला शव

### स्कूल संचालक फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मधेपुरा।** मुरलीगंज थाना क्षेत्र के खारी गांव स्थित एक आवासीय स्कूल में रविवार सुबह छह वर्षीय छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने उसकी हत्या कर शव को पाइप से लटकाने का आरोप लगाया है। घटना के बाद स्कूल संचालक फरार बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मृतक की पहचान पोखराम परमानंदपुर वार्ड-10 निवासी रामानंद यादव के पुत्र आनंद प्रेम (6) के रूप में हुई है। वह यूकेजी का छात्र था और पिछले करीब छह महीने से खारी स्थित जेडी पब्लिक स्कूल के आवासीय परिसर में रहकर पढ़ाई कर रहा था।

घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की दादी ने आरोप लगाया कि उनके पोते की हत्या कर शव को शौचालय के पास एक पाइप से बांध दिया गया था। उन्होंने बताया कि घटना के बाद स्कूल संचालक शव को घर पहुंचाकर चला गया। इसके बाद परिजन शव लेकर स्कूल पहुंचे।

मृतक की मां गुंजन देवी ने बताया कि रविवार सुबह स्कूल संचालक ने उन्हें घटना की सूचना दी। स्कूल पहुंचने पर मोबाइल फोन में दिखाए गए फोटो में उनका बेटा शौचालय के पास पाइप से बंधा हुआ दिखाई दे रहा था। उन्होंने बताया कि स्कूल संचालक की पत्नी उनके बेटे को रस्सी से खोलकर गोद में लिए रो रही थी। मां ने रोते हुए कहा कि

### परिजनों में कोहराम

उनका बेटा बहुत चंचल था और उसकी मौत से परिवार पूरी तरह टूट गया है।

घटना को लेकर स्कूल के चौथी कक्षा के छात्र आकाश कुमार ने बताया कि रात करीब 12 बजे उसकी नींद खुली तो उसने देखा कि दो अज्ञात व्यक्ति आनंद प्रेम के गले में रस्सी बांधकर उसे शौचालय की ओर ले जा रहे थे।

उसने बताया कि दोनों का चेहरा ढंका हुआ था। नाम का पता नहीं चल पाया। वे स्कूल के पीछे बनी टीन और फूस की घेराबंदी हटाकर परिसर में घुसे थे। उसके अनुसार, शोर मचाने और स्कूल प्रबंधन को सूचना देने के बाद दोनों वहां से भाग गए।

# कुछ ही महीनों में जर्जर हुई सड़क



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** प्रखंड क्षेत्र के घोराघाट पंचायत अंतर्गत घोराघाट यज्ञ मंडप के समीप बनी सड़क निर्माण के कुछ ही महीनों बाद टूटने लगी है। सड़क कई स्थानों पर दरक गई है, जबकि बीच सड़क में बड़ा गड्ढा बनने से राहगीरों और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की स्थिति देखकर ग्रामीणों में नाराजगी है तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय ग्रामीण राजकुमार पासवान ने बताया कि उक्त सड़क का निर्माण हाल ही में कराया गया था, लेकिन सड़क समय से पहले ही क्षतिग्रस्त होने लगा है। उन्होंने कहा कि अभी बरसात का मौसम शुरू भी नहीं हुआ है और सड़क की यह हालत हो गई है। बारिश शुरू होने के बाद स्थिति और भयावह हो सकती है, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित होने की आशंका है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क टूटने से रोजाना आने-जाने वाले लोगों को काफी दिक्कत हो रही है। खासकर बाइक और साइकिल चालकों को दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।

# कटाव पीड़ितों ने मानव श्रृंखला बनाकर जताया विरोध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** सोनपुर के सबलपुर दियारा क्षेत्र में एक बार फिर गंगा नदी के कटाव का खतरा बढ़ने लगा है। पिछले वर्ष कटाव से भारी तबाही झेल चुके इलाके के लोगों में इस बार भी भय का माहौल है। कटाव रोधी कार्यों में अनियमितता का आरोप लगाते हुए रविवार को रिंग बांध बनाओ संघर्ष समिति के बैनर तले ग्रामीणों ने सबलपुर नया बाजार घाट पर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने मानव श्रृंखला बनाई और सांकेतिक जल समाधि लेकर प्रशासन और सरकार का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने का प्रयास किया।

रविवार सुबह करीब 7 बजे से ही बड़ी संख्या में ग्रामीण सबलपुर नया बाजार घाट पर जुटने लगे। लोगों ने कटाव रोधी कार्यों के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए मानव श्रृंखला बनाई और गंगा नदी में उतरकर सांकेतिक जल समाधि ली। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि पिछले साल कटाव से हुए नुकसान के बाद लोगों को उम्मीद थी कि इस बार मजबूत और गुणवत्तापूर्ण कटाव रोधी कार्य कराए जाएंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जल संसाधन विभाग की ओर से कराए जा रहे कटाव रोधी कार्यों में भारी अनियमितता बरती जा रही है। उनका कहना है कि



निर्माण कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं है, जिससे गंगा नदी का कटाव लगातार बढ़ने का खतरा बना हुआ है।

लोगों का कहना है कि यदि समय रहते मजबूत रिंग बांध और प्रभावी कटाव रोधी उपाय नहीं किए गए तो इस वर्ष भी कई गांव गंगा में समा सकते हैं।

प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने सारण जिला प्रशासन से कटाव रोधी कार्यों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। साथ ही उन्होंने इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की अपील की।

# महागठबंधन में मिलन से मिले सुलह के संकेत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में राज्यसभा चुनाव को लेकर जारी सियासी हलचल के बीच शनिवार को कांग्रेस के विशेष पर्यवेक्षकों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कांके स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुलाकात की।

कांग्रेस की ओर से छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और अजय शर्मा इस बैठक में शामिल हुए। राज्यसभा चुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवार की घोषणा के बाद झामुमो द्वारा दोनों सीटों पर दावा ठोकने से गठबंधन के भीतर खींचतान की चर्चाएं तेज हो गई थीं। ऐसे में इस बैठक को महागठबंधन में समन्वय स्थापित करने और संभावित नाराजगी दूर करने की अहम पहल माना जा रहा है।

मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद भूपेश बघेल ने कहा कि बड़ी राजनीतिक पार्टियों में नेताओं और कार्यकर्ताओं की अपनी-अपनी भावनाएं होती हैं, लेकिन अंतिम निर्णय पार्टी नेतृत्व का होता है और सभी को उसे स्वीकार करना पड़ता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गठबंधन के भीतर अब किसी प्रकार की गलतफहमी नहीं है और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ सकारात्मक माहौल में बातचीत हुई है। कांग्रेस पर्यवेक्षकों ने दावा किया कि झामुमो और कांग्रेस का रिश्ता केवल चुनावी गठबंधन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह लंबे समय से चला आ रहा राजनीतिक गठबंधन है। उन्होंने भरोसा जताया कि राज्यसभा चुनाव में महागठबंधन दोनों सीटों पर जीत दर्ज करेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा और उसके सहयोगी दल भी चुनावी मैदान में पूरी ताकत के साथ उतरेंगे।

गौरतलब है कि, राज्यसभा चुनाव के लिए अब तक झामुमो और कांग्रेस ने एक-एक उम्मीदवार के नाम की घोषणा की है। हालांकि झामुमो ने दोनों सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है, लेकिन दूसरी सीट के लिए अभी तक उम्मीदवार के नाम का ऐलान नहीं किया गया है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि झामुमो और कांग्रेस के बीच उभरे मतभेद अब काफी हद तक सुलझ गए हैं।

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म, विरोध करने पर मारपीट का लगाया आरोप

## होमगार्ड जवान के भाई पर धमकाने का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** जिले के केवटी थाना क्षेत्र से एक बेहद सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक गांव में घर में अकेली नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया है। घटना के दौरान विरोध करने पर पीड़िता के साथ बेरहमी से मारपीट भी की गई। इस मामले में आरोपी के खिलाफ महिला थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं, पीड़िता ने आरोपी के सगे भाई, जो कि होमगार्ड का जवान है, पर लगातार धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है।

पुलिस को दिए आवेदन के अनुसार, पीड़िता के परिवार के सभी सदस्य एक रिश्तेदार के घर गए हुए थे, जिसके कारण वह रात को घर में अकेली थी। इसी का फायदा उठाकर देर रात करीब 12 बजे पड़ोस में रहने वाला अमन पासवान चुपचाप उसके घर में घुस आया और अंदर से दरवाजा बंद कर दिया। इसके बाद आरोपी ने लाचार लड़की के साथ जबरन दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। जब पीड़िता ने खुद को बचाने की कोशिश की और विरोध किया, तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं।

पीड़िता के शोर मचाने और चीख-पुकार सुनने के बाद आरोपी घबरा गया और कमरे की खिड़की से कूदकर मौके से फरार हो गया। लड़की की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण वहाँ इकट्ठा हुए और कमरे का दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला। इस घटना के बाद से पीड़िता गहरे सदमे में है और उसकी मानसिक स्थिति को देखते हुए अस्पताल में उसका इलाज कराया जा रहा है। जब परिजन रिश्तेदार के यहाँ से लौटे, तब उन्हें इस भयावह घटना की जानकारी मिली, जिसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस से संपर्क किया।

पीड़िता ने अपनी शिकायत में एक और बड़ा खुलासा किया है। उसका आरोप है कि आरोपी अमन पासवान का बड़ा भाई अभिषेक पासवान केवटी थाने में होमगार्ड के जवान के रूप में तैनात है। वह पहले से ही पीड़िता को लगातार धमकी दे रहा था कि वह उसकी शादी कहीं और नहीं होने देगा और अगर उसने ऐसा किया तो अंजाम बहुत बुरा होगा। घटना के बाद जब पीड़िता के परिजनों ने अभिषेक पासवान से शिकायत करने की कोशिश की, तो उसने न्याय देने के बजाय गाली-गलौज करना शुरू कर दिया और अंजाम भुगतने की धमकी देने लगा। परिजनों ने आरोपी और उसके भाई दोनों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## मेडिकल छात्र की संदिग्ध मौत

**पटना।** मेडिकल की कोचिंग कर रहे एक छात्र की संदिग्ध मौत हो गई। घटना बुद्धा कालोनी थाना क्षेत्र की है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने मकान मालिक पर हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक की पहचान मुजफ्फरपुर जिला के गायघाट अंतर्गत हत्था गांव निवासी गुड्डू राजा के रूप में की गई है। परिजनों का कहना है कि वह पीएमसीएच में लैब टेक्नीशियन का पढ़ाई कर रहा था। उनको मकान मालिक ने कॉल कर बताया कि गुड्डू ने आत्महत्या कर ली है। यह सुनकर परिजन बेचैन हो गए। आननफानन में उनलोगों ने पटना में रह रहे अपने परिजनों को घटना की जानकारी देते हुए घटनास्थल पर पहुँचने के लिए कहा। फिर पटना में रहने वाले उनके परिजन घटनास्थल पर पहुंचे।

## घरेलू विवाद में पति पर हमला, जख्मी

**मुंगेर।** जिले के पूरबसराय थाना क्षेत्र के शाहजुबेर रोड से पति-पत्नी के विवाद का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि घरेलू विवाद के दौरान पत्नी ने अपने पति पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। पीड़ित की पहचान मो. फैसल खान के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों ने उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार किया। डॉक्टरों के अनुसार, घायल की स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है।

मो. फैसल खान ने बताया कि उनका निकाह 13 अप्रैल 2025 को भागलपुर जिले के कबीरपुर निवासी इशरत हसन उर्फ सानिया से हुआ था। उनके अनुसार, शादी के शुरूआती दिनों में सब कुछ सामान्य था, लेकिन बाद में दोनों के बीच विवाद बढ़ने लगा। पीड़ित का आरोप है कि घरेलू कलह के कारण दोनों के बीच अक्सर कहासुनी होती थी। उन्होंने बताया कि घटना की रात वह काम से लौटकर घर आए थे।

# अस्पताल संचालकों पर प्रशासन ने कसा शिकंजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** बिरौल अनुमंडल क्षेत्र में निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम की जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग व प्रशासन की संयुक्त टीम ने व्यापक छापेमारी अभियान चलाया। सुपौल बाजार, खोरागाछी रोड, उछटी रोड, पुराना थाना रोड और भन्था रोड समेत कई इलाकों में जांच की गई।

जांच टीम सबसे पहले खोरागाछी रोड स्थित एसएस अस्पताल पहुंची। यहां अस्पताल की गतिविधियों और संसाधनों की जांच की गई। अनियमितता मिलने पर अल्ट्रासाउंड मशीन को सील कर दिया गया तथा अस्पताल कर्मियों से पूछताछ की गई।

जेके कॉलेज के समीप संचालित हड्डी अस्पताल में मरीजों का इलाज और ड्रेसिंग का कार्य जारी मिला। हालांकि आवश्यक दस्तावेज और प्रशिक्षण संबंधी प्रमाण नहीं दिखाए जा सके। इसके बाद टीम ने अस्पताल को सील कर दिया।

छापेमारी दल के पहुंचने से पहले ही जेके अस्पताल लगभग खाली हो चुका था। अधिकांश कर्मी और मरीज वहां से निकल चुके थे। टीम ने अस्पताल की स्थिति का निरीक्षण किया।

17 नंबर कोठीपुल-गंदौल सहरसा रोड स्थित जीवन धारा केयर सेंटर बंद पाया गया। उछटी रोड के रंजना हेल्थ केयर में चिकित्सक अनुपस्थित मिले। भन्था रोड स्थित एचएस मेमोरियल अस्पताल भी जांच टीम के पहुंचने से पहले बंद कर दिया गया था।

पुराना थाना रोड के एक निजी अस्पताल में बड़ी संख्या में मरीज मौजूद थे, लेकिन जांच के समय चिकित्सक अपने चैंबर में नहीं मिले। मरीज लंबे समय तक डॉक्टर के आने का इंतजार करते रहे।

कार्रवाई की सूचना फैलते ही सुपौल बाजार क्षेत्र के कई निजी क्लीनिक, नर्सिंग होम और जांच घरों में ताले लटक गए। कई संचालकों ने अपने संस्थानों के बोर्ड तक हटा दिए।

## फरार इनामी अभियुक्त गिरफ्तार

**आरा।** भोजपुर जिले के बहोरनपुर थाना क्षेत्र का 50 हजार रुपये का इनामी और मोस्ट वांटेड अपराधी अंगद ठाकुर उर्फ संतोष ठाकुर को बिहार एसटीएफ और उत्तर प्रदेश पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में गिरफ्तार कर लिया गया है। उसकी गिरफ्तारी यूपी के बलिया जिले के सहतवार थाना क्षेत्र से हुई। गिरफ्तार हिस्ट्रीशीटर अंगद ठाकुर बहोरनपुर थाना क्षेत्र के गौरा गांव का निवासी है। पुलिस के अनुसार वह लंबे समय से गिरफ्तारी से बचने के लिए उत्तर प्रदेश में छिपकर रह रहा था। उसकी तलाश बिहार पुलिस को करीब नौ वर्षों से थी। एसटीएफ के अनुसार अंगद ठाकुर हत्या, हत्या के प्रयास, गोलीबारी और आर्म्स एक्ट समेत कई गंभीर मामलों में वांछित था। बहोरनपुर क्षेत्र में हुए हत्या और फायरिंग कांडों में उसकी संलिप्तता सामने आई थी।

# फर्जी डाक वाहन से शराब की बड़ी खेप बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** बिहार में लागू पूर्ण शराबबंदी कानून को धता बताते हुए शराब तस्करों द्वारा अपनाए जा रहे नए-नए हथकंडों का एक और मामला सामने आया है। सिमुलतला थाना पुलिस ने रविवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए डाक विभाग का फर्जी बोर्ड लगाकर चल रही एक पिकअप वैन से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की।

पुलिस ने पीछा कर वाहन को थाना गेट के सामने रोकते हुए चालक को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष रूबी कुमारी ने बताया कि झारखंड के रास्ते शराब की एक बड़ी खेप क्षेत्र से गुजरने वाली है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम रेलवे सब-वे के समीप वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट की एक संदिग्ध पिकअप वैन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक ने भागने की कोशिश की। इसके बाद पुलिस टीम ने पीछा कर थाना गेट के सामने वाहन को घेरकर रोक लिया और चालक को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार चालक की पहचान झारखंड के धनबाद जिला अंतर्गत धनसार थाना क्षेत्र के बरमसिया निवासी विधान धीवर के पुत्र कृष्णा धीवर (28) के रूप में हुई है।

कृष्णा ने बताया कि शराब की खेप धनबाद से लोड की गई थी और उसे देवघर में वाहन सौंपा गया था। उसे यह खेप सिमुलतला-सुईया मार्ग के कनौदी गांव होते हुए बांका पहुंचानी थी।

वाहन की तलाशी के दौरान कुल 121 कार्टन रायल मेंशन गोल्ड व्हिस्की बरामद की गई, जिसकी कुल मात्रा 1,080.72 लीटर है। 180 एमएल की 1104 बोतलें (23 कार्टन) 198.72 लीटर, 375 एमएल की 1560 बोतलें (65 कार्टन) 585 लीटर तथा 750 एमएल की 396 बोतलें (33 कार्टन) 297 लीटर बरामद की गई। अभियान में थानाध्यक्ष के अलावा अवर निरीक्षक पंकज कुमार, नीलम कुमार तथा गश्ती दल की प्रभारी आयुषी सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

## भीषण जाम ने छीनी जिंदगी

**समस्तीपुर।** वारिसनगर प्रखंड क्षेत्र की लखनपट्टी पंचायत के वार्ड संख्या 8 में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां सर्पदंश के शिकार एक 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में लगे भीषण जाम के कारण हो गई। मृतक की पहचान नेती शर्मा के पुत्र रामबाबू शर्मा के रूप में की गई है।

## खरीफ महोत्सव 12 जून को

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दनियावां(पटना)।** रोहिणी नक्षत्र में हुई हल्की बारिश ने दनियावां के खेतों को जीवन दे दिया है। नतीजा प्रखंड की 6 पंचायतों के 33 राजस्व गांवों में किसान बिजली चालित मोटर और निजी पंपिंग सेट के सहारे धान का बिचड़ा डालने में जुट गए हैं। इस खरीफ सीजन में प्रखंड में 2400 हेक्टेयर क्षेत्र में धान की खेती का लक्ष्य रखा गया है।

प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी लखिम चंद्र ने बताया कि बांकीपुर-मछरियावां, सिंगरियावां, दनियावां, सलारपुर, खरभैया और शाहजहांपुर पंचायतों में विचड़े गिराने का काम अब तेज हो गया है। प्रखंड प्रांगण और ई-कृषि भवन में आगामी 12 जून को आयोजित खरीफ महोत्सव किसानों के लिए खेती की नई तकनीक सीखने का मंच बनेगा। कृषि समन्वयक अमृता कुमारी,पूर्व आत्मा अध्यक्ष सुनील कुमार(चकरज्जा गांव), किसान सलाहकार राजेश रंजन, शिवकुमार चौधरी, प्रवीण कुमार बीजोपचार, नमी प्रबंधन और श्रीविधि से धान की खेती पर व्यावहारिक जानकारी देंगे।

# तेंदुआ के ठिकाना बदलने से लोगों में दहशत

## दो शावकों के साथ विचरण कर रहा तेंदुआ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार और यूपी में तेंदुआ के चहलकदमी से लोग दहशत में हैं। बिहार एवं उत्तर प्रदेश के वनकर्मी तेंदुआ के रेस्क्यू करने में जुटे हुए हैं। लेकिन तेंदुआ अभी तक पिंजरा में कैद नहीं हो सका है। जिसके कारण किसान अपना गन्ना सर्वे कराने गन्ना के प्लॉट पर नहीं जा रहे हैं।

बगहा चीनी मिल के कर्मी किसानों की इंतजार करने के बाद बैरंग चले आ रहे हैं। बीते शनिवार को यूपी के जटहा थाना क्षेत्र के कटाई भरपूर दियारे में एक हिरण का शिकार किया है।

उत्तर प्रदेश के खड्डा की वन विभाग की क्षेत्र पदाधिकारी अमृता राज के निर्देश पर हिरण की शव बरामद कर अग्रेतर कार्रवाई किया जा रहा है। उधर पिपरासी प्रखंड के भगड़वा, पिपरासी सौराहा पीपी तटबंध पर लगातार तेंदुआ विचरण कर रहा है। प्रतिदिन विचरण करते हुए लोग देख रहे हैं। तेंदुआ अपने दो शावकों के साथ विभिन्न क्षेत्र में विचरण कर रहा है।

बगहा वन क्षेत्र पदाधिकारी श्रीमान मालाकार के द्वारा तेंदुआ के रेस्क्यू करने के लिए वन विभाग की टीम गठित किया है। पिंजरा भी संभावित स्थल पर लगाई गई है। पिंजरे में बकरी भी बांधी गई है। फिर भी तेंदुआ शह मात का खेल- खेल रहा है। लगातार अपना ठिकाना बदल दे रहा है।

बिहार से सटे उत्तर प्रदेश में भी प्रवेश कर तेंदुआ तबाही मचा रहा है। इससे पूर्व एक खूंखार तेंदुआ जो एक दिनों में यूपी और बिहार मिलकर करीब आठ लोगों पर हमला कर घायल किया था। वह तेंदुआ जटहा बाजार थाने के पूर्णा गांव में वन विभाग ने रेस्क्यू कर उसे गोरखपुर के चिड़ियाघर में छोड़ दिया।

ऐसा प्रतीत हो रहा था कि तेंदुआ से अब निजात मिल गया। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। टाइगर रिजर्व मदनपुर जंगल से निकालकर यह रिहायशी इलाके में एक तेंदुआ अपने दो शावक के साथ वर्तमान में विचरण कर रहा है। तेंदुआ बिहार और यूपी के लोगों के लिए सिर दर्द बना हुआ है। जिससे



किसान अपनी खेती करने दियारे में नहीं जा रहे हैं।

सरपंच दिनेश्वर तिवारी, विवेक यदुवंशी ने विशेष अभियान चलाकर तेंदुआ का रेस्क्यू करने की मांग की है। अभी भी पिपरासी पंचायत के मनिया छापर गांव निवासी महिला चिरई देवी पर तेंदुआ के हमले में घायल हुई थी, जिनका इलाज जारी है। रेंजर श्रीमान मलाकार ने बताया कि तेंदुआ की खोज के लिए वनकर्मियों की टीम दियारे क्षेत्र में गई है। रेस्क्यू करने का प्रयास जारी है।

## जवान के बैग से कारतूस बरामद

**बोधगया।** गया जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान एक आरपीएफ जवान के बैग से दो जिंदा कारतूस बरामद होने के बाद सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। तत्काल जवान को हिरासत में लेकर मगध मेडिकल थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया है, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार, मोहनपुर थाना क्षेत्र निवासी संतोष कुमार, जो दिल्ली के आनंद विहार में रेलवे सुरक्षा बल में कार्यरत हैं, छुट्टी बिताने अपने घर आए थे। शनिवार को वह इंडिगो की उड़ान से गया जी से दिल्ली लौट रहे थे। इसी दौरान गया जी एयरपोर्ट के सुरक्षा जांच केंद्र पर उनके सामान की स्कैनिंग की गई। स्कैनिंग के दौरान मशीन में संदिग्ध वस्तु दिखाई देने पर सुरक्षा कर्मियों ने बैग को अलग कर सघन तलाशी ली। जांच के दौरान बैग से दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इसके बाद एयरपोर्ट की सुरक्षा में तैनात जवान ने तत्काल कार्रवाई करते हुए जवान को हिरासत में लिया और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए मगध मेडिकल थाना की पुलिस को सौंप दिया। इस मामले में रविवार को मगध मेडिकल थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि जिंदा कारतूस के साथ पकड़े गए आरपीएफ जवान के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# विक्रमशिला सेतु पर रिकॉर्ड समय में बने चार बेली ब्रिजों का मंत्री ने किया उद्घाटन

## लोगों को सुरक्षित, सुगम एवं निर्बाध यातायात सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पथ निर्माण मंत्री इं. कुमार शैलेंद्र ने रविवार को भागलपुर स्थित विक्रमशिला सेतु पर रिकॉर्ड समय में निर्मित चार बेली ब्रिजों का उद्घाटन कर उन्हें आम जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के मार्गदर्शन, सहयोग से राज्य सरकार, जिला प्रशासन, सीमा सड़क संगठन (बीआरओ), पथ निर्माण विभाग और अन्य संबंधित एजेंसियों के संयुक्त प्रयासों से यह महत्वपूर्ण कार्य रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया। उन्होंने कहा कि विक्रमशिला सेतु के कुछ स्लैब क्षतिग्रस्त होने के बाद आम जनता को हो रही कठिनाइयों को देखते हुए सरकार ने त्वरित कार्रवाई की। परिणामस्वरूप मात्र 16 से 20 दिनों के भीतर चार बेली ब्रिजों का निर्माण कर उन्हें जनता के उपयोग के लिए उपलब्ध कराया गया। उन्होंने बताया कि स्टील संरचना से निर्मित ये बेली ब्रिज आपात परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी अवसंरचना निर्माण का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता आम लोगों को सुरक्षित, सुगम एवं निर्बाध यातायात सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बेली ब्रिजों के चालू होने से भागलपुर सहित आसपास के जिलों के लाखों लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। विक्रमशिला सेतु के क्षतिग्रस्त हिस्से के स्थायी पुनर्निर्माण के संबंध में पूछे गए प्रश्न पर मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा निर्धारित समयसीमा के अनुरूप कार्य पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जो संकल्प लेते हैं, उसे पूरा करने की प्रतिबद्धता भी रखते हैं। निर्धारित अवधि के भीतर क्षतिग्रस्त स्लैब का पुनर्निर्माण सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि चारों बेली ब्रिजों का नियमित निरीक्षण एवं रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन रात्रि में एक घंटे का ब्लॉक लेकर आवश्यक मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य किया जाए। साथ ही प्रतिदिन ड्रोन के माध्यम से वीडियोग्राफी कर संरचना की स्थिति का आकलन किया जाए, ताकि किसी भी संभावित समस्या की समय रहते पहचान कर उसका समाधान किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान बीआरओ, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों, अभियंताओं, कर्मियों और निर्माण कार्य से जुड़े सभी सहयोगियों को उनके उत्कृष्ट योगदान, समर्पण एवं अथक परिश्रम के लिए सम्मानित किया गया।

# संगठन विस्तार और मजबूती को लेकर संजय सरावगी ने की प्रदेश महामंत्रियों के साथ बैठक

## कार्यकर्ता ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत : संजय सरावगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी की अध्यक्षता में नव नियुक्त प्रदेश महामंत्रियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री भीखूभाई दालसनिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान संगठन के विस्तार, मजबूती तथा आगामी कार्यक्रमों और कार्ययोजनाओं को लेकर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश महामंत्री सरोज रंजन पटेल, धनराज शर्मा, डॉ. प्रीति शेखर, नितिन अभिषेक तथा राजेश झा उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने सभी नव नियुक्त महामंत्रियों को नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक विचार आधारित संगठन है जिसकी सबसे बड़ी शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही भाजपा की सफलता का आधार है और आने वाले समय में प्रत्येक पदाधिकारी को कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर संवाद स्थापित कर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में कार्य करना होगा। संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता के नए आयाम स्थापित कर रहा है। केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की जिम्मेदारी संगठन की है। इसके लिए बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना और कार्यकर्ताओं को सक्रिय रखना अत्यंत आवश्यक है। बैठक के दौरान आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, सदस्यता विस्तार, प्रशिक्षण गतिविधियों, जनसंपर्क अभियानों तथा विभिन्न मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के साथ समन्वय को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य केवल चुनावी सफलता तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचकर राष्ट्र निर्माण के संकल्प को मजबूत करना है। बैठक में महामंत्रियों को संभाग का दायित्व सौंपते हुए उन्हें संभाग प्रभारी बनाया गया। महामंत्री धनराज शर्मा को जहां मिथिला और तिरहुत संभाग के प्रभारी बनाया गया वहीं नितिन अभिषेक को मगध और शाहाबाद, सरोज रंजन पटेल को चंपारण और सारण, राजेश झा को भागलपुर, कोशी और सीमांचल का सम्भाग प्रभारी बनाया गया।

# आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय ने उत्साह एवं संकल्प के साथ मनाया विश्व बाइसाइकिल दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** कुलपति के निर्देशानुसार खेल प्रकोष्ठ, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के द्वारा उत्साह एवं संकल्प के साथ विश्व बाईसाइकिल दिवस मनाया गया। विश्व बाईसाइकिल दिवस के अवसर पर साइकिल से विश्वविद्यालय परिसर में एक परेड यात्रा का आयोजन किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य सभी को प्रकृति के प्रति उनकी जिम्मेदारी का एहसास कराना है एवं अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना है। साइकिल परेड यात्रा की शुरूआत डॉ. निरंजन प्रसाद यादव, कुलसचिव, आर्यभट्ट ज्ञान विश्विविद्यालय, पटना द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के डॉ. मनीष पराशर, निदेशक, खेल प्रकोष्ठ, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना सह हेड (एल/सी), स्कूल ऑफ ज्योग्राफिकल स्टडीज, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना, विश्वविद्यालय के कर्मी एवं विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। विश्व बाईसाइकिल दिवस के अवसर पर कुलपति प्रो. शरद कुमार यादव ने अपने संदेश में कहा कि आज के बढ़ते प्रदूषण, दुनियाभर में तेल की कीमतों में इजाफा, अपने स्वास्थ्य के प्रति हमारी अपनी जिम्मेदारी है। साइकिल चलाने अथवा उसके उपयोग से हमारे स्वास्थ्य एवं प्रकृति में बहुत ही अच्छा असर पड़ता है। आज की महंगाई, प्रदूषण, स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए हमें अपनी दैनिक आदतों में सुधार कर करना आवश्यक है। साथ ही विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारियों, शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मियों एवं विद्यार्थियों से अनुरोध किया कि अधिक से अधिक साइकिल का उपयोग करें एवं सप्ताह में कम से कम एक दिन साइकिल से ही कार्यालय आएं। कुलपति के संदेश के अनुशरण में कुलसचिव ने आगामी वन महोत्सव सप्ताह (1 जुलाई से 7 जुलाई तक) विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारियों, शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मियों एवं विद्यार्थियों से कम से कम एक दिन साइकिल से कार्यालय आने का संकल्प दिलाया।

# राज्य में 181 महिला हेल्पलाइन नंबर से महिलाओं को 24 घंटे सहायता


## अबतक 69,101 मामले दर्ज जिनमें से 58,596 मामले निपटाए गए

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य में हिंसा या संकट से प्रभावित महिलाओं को तत्काल मदद पहुंचाने के उद्देश्य से 181 महिला हेल्पलाइन नंबर की स्थापना की गई है। यह सेवा 24 घंटे टोल-फ्री उपलब्ध है और पीड़ित महिलाओं को एक ही नंबर पर सम्पूर्ण सहायता प्रदान करती है। समाज कल्याण विभाग से संचालित महिला बाल विकास निगम की ओर से जारी हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से महिलाएं अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं जिसमें घरेलू हिंसा, शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न, दहेज उत्पीड़न, दहेज हत्या, छेड़छाड़, यौन उत्पीड़न, मानव तस्करी आदि मामले शामिल हैं। कॉल करने पर तुरंत संबंधित अधिकारियों से जोड़ा जाता है। 181 हेल्पलाइन पर अब तक 69 हजार 101 मामले दर्ज किए गए हैं जिनमें से 58 हजार 596 मामले सफलतापूर्वक निपटाए जा चुके हैं। इस सेवा के माध्यम से हिंसा से प्रभावित महिलाओं को उनके निवास या कार्यस्थल के निकटतम पुलिस, वन स्टॉप सेंटर, अस्पताल, एम्बुलेंस तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जैसी एजेंसियों से तत्काल रेफरल उपलब्ध कराया जाता है। संरक्षण अधिकारी व अन्य संबंधित प्राधिकरणों के समन्वय से महिलाओं को सुरक्षा, काउंसलिंग, कानूनी सहायता और शेल्टर की सुविधा आसानी से मुहैया कराई जा रही है।

# सामाजिक एकता और संगठन से बढ़ता है राजनीतिक सम्मान : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि सामाजिक एकता, समरसता और संगठन ही किसी समाज के सामाजिक एवं राजनीतिक सम्मान का वास्तविक आधार हैं। वे अखिल सिंदुरिया बनिया, कैथ बनिया एवं कैथल वैश्य महासभा के स्थापना दिवस समारोह सह राष्ट्रीय महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि वैश्य समाज भारतीय संस्कृति, व्यापार, अर्थव्यवस्था और समाज सेवा की महत्वपूर्ण शक्ति रहा है। इस समाज ने केवल व्यापार के माध्यम से आर्थिक उन्नति ही नहीं की, बल्कि रोजगार सृजन और समाज निर्माण में भी अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि समाज की प्रगति केवल आर्थिक समृद्धि से नहीं, बल्कि शिक्षा, सामाजिक जागरूकता, नैतिक मूल्यों और संगठनात्मक एकता से होती है। उन्होंने कहा कि भारत विविधताओं का देश है और सामाजिक समरसता इसकी सबसे बड़ी शक्ति है। सभी वर्गों के बीच प्रेम, सहयोग और सम्मान का वातावरण ही राष्ट्र को मजबूत बनाता है तथा विकास की गति को तेज करता है। युवाओं का आहवान करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बनाना होगा। ज्ञान, तकनीक और नवाचार के इस युग में युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं, प्रशासनिक सेवाओं, उद्योग, व्यापार, नव उद्यम, विज्ञान और तकनीकी क्षेत्रों में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने महासभा से युवाओं के कौशल विकास और मार्गदर्शन के लिए विशेष कार्यक्रम चलाने का आग्रह किया। महिलाओं की भूमिका पर जोर देते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि महिलाओं की शिक्षा, स्वावलंबन और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा दिए बिना किसी समाज का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मुद्रा योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना और जनधन योजना जैसी पहलें समाज के सभी वर्गों को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान कर रही हैं। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, छात्रवृत्ति, सामूहिक विवाह और पर्यावरण संरक्षण जैसे सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी का भी आहवान किया।

# राज्य के बच्चों में सृजनशीलता विकसित करना बिहार संग्रहालय की प्राथमिकता : महानिदेशक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बिहार में बच्चों की आबादी देश के अन्य कई राज्यों की तुलना में अधिक है। ऐसे में बच्चों के प्रतिभा को निखारना और उनकी रचनात्मक सोच को विकसित करना बिहार संग्रहालय कि प्राथमिकता में शामिल है। ये बातें बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह ने रविवार को समर कैंप के समापन समारोह में कहीं। उन्होंने कहा कि बिहार के बच्चों में कल्पनाशीलता और रचनात्मकता विकसित करने के लिए बिहार संग्रहालय में बाल दीर्घा तैयार किया गया है जहां बच्चे अपनी रूचि के अनुसार कलाकृतियों को देख एवं समझ सकते हैं। कार्यक्रम में बिहार संग्रहालय के अपर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा ने बताया कि बिहार संग्रहालय की ओर से 2-7 जून तक समर कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग 300 बच्चों ने भाग लिया। समर कैंप के दौरान बच्चों को टेराकोटा, कहानी लेखन एवं मास्क मेकिंग जैसी तीन प्रमुख विधाओं में प्रशिक्षण दिया गया। कैंप के दौरान बच्चों द्वारा तैयार की गई कलाकृतियां आकर्षण का केन्द्र रहीं। इस कैंप में शामिल वर्ग 9 से 12 के बच्चों को बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह ने प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। वर्ग 5 से 8 के बच्चों को पद्मश्री अशोक कुमार विश्वास, बिहार संग्रहालय के अपर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा, डॉ. सुनील कुमार झा, डॉ. रणवीर सिंह राजपूत और कलाकार मनीषा झा ने प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

# प्रतिभा सम्मान का आयोजन, प्रोत्साहित और आगे बढ़ाने की

## सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता : डॉ. आनंद रंजन झा


नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**जंदाहा/वैशाली।** निर्मल इंडिया न्यूज एवं कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ भव्य एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महनार के अनुमंडल पदाधिकारी, कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी के संस्थापक-सह-संचालक डॉ. आनंद रंजन झा, रामशरण राय कॉलेज के संचालक संजय कुमार तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मेधावी एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित करना तथा उन्हें जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक, शिक्षाविद् एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। निरंतर परिश्रम, अनुशासन, सकारात्मक सोच और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही व्यक्ति को ऊंचाइयों तक पहुंचाते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभावान प्रतिभागियों को अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखते हुए कठिन परिस्थितियों का दृढ़ता से सामना करने तथा निरंतर सीखते हुए आगे बढ़ते रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आज का सम्मान विद्यार्थियों की प्रतिभा और मेहनत का सम्मान है, वहीं यह उनके भविष्य की नई उड़ान का प्रेरणास्रोत भी है। विद्यार्थियों को अपने माता-पिता, शिक्षकों और समाज के विश्वास पर खरा उतरते हुए देश के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आज सम्मानित हो रहे छात्र-छात्राएं भविष्य में अपने परिवार, समाज और राष्ट्र का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने भी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शिक्षा, संस्कार और कड़ी मेहनत के माध्यम से जीवन में नई उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों में विशेष उत्साह एवं हर्ष का माहौल देखने को मिला।

# भारतीय हॉकी टीम के शानदार प्रदर्शन पर मंत्री ने दी बधाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार के अध्यक्ष मंत्री ग्रामीण विकास, सूचना एवं जन-सम्पर्क सह जनता दल यू के नेता प्रतिपक्ष श्रवण कुमार ने भारतीय खिलाड़ियों को अंडर -18 पुरुष एशिया कप हॉकी की जीत पर बधाई दी है। भारतीय टीम ने फाइनल में मेजवान जापान को 4-1 से पराजित कर शानदार खेल का प्रदर्शन, अनुशासन और टीम भावना का परिचय दिया है, यह पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। मंत्रीजी ने कहा कि भारत ने 10 वर्षों के अन्तराल के बाद इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का खिताव जीत कर एशियाई हॉकी में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। यह टीम की कुल तीसरी एशिया कप विजय है जो भारतीय हॉकी के उज्जवल भविष्य का संकेत देती है।

# शिवाजी महाराज के आदर्श, नेत्र स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण अपनाएं : डॉ प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने छत्रपति शिवाजी महाराज राज्याभिषेक दिवस, राष्ट्रीय चश्मा दिवस और विश्व कीट दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये तीनों अवसर राष्ट्रनिर्माण, स्वास्थ्य जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी जिम्मेदारियों का स्मरण कराते हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि 6 जून 1674 को छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक भारतीय इतिहास की एक गौरवशाली घटना थी। इसने स्वराज, सुशासन और राष्ट्रीय स्वाभिमान की भावना को मजबूत आधार प्रदान किया। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज ने अपने साहस, दूरदर्शिता और कुशल प्रशासन से भारतीय संस्कृति तथा राष्ट्र की अस्मिता की रक्षा की। उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके आदर्शों को अपनाकर विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प साकार किया जा सकता है। राष्ट्रीय चश्मा दिवस के अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वस्थ दृष्टि मानव जीवन की अमूल्य संपदा है। मोबाइल, कंप्यूटर और अन्य डिजिटल उपकरणों के बढ़ते उपयोग के कारण आंखों से जुड़ी समस्याएं बढ़ रही हैं। नियमित नेत्र जांच, संतुलित आहार और आंखों की उचित देखभाल से कई समस्याओं से बचा जा सकता है। उन्होंने लोगों से नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। विश्व कीट दिवस के संदर्भ में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि मधुमक्खियां, तितलियां और अन्य परागण करने वाले कीट प्रकृति के संतुलन, खाद्य सुरक्षा और जैव विविधता संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, रासायनिक प्रदूषण में कमी और प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग पर बल दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रभक्ति, स्वास्थ्य जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करता है तथा सभी नागरिकों को इन क्षेत्रों में सक्रिय योगदान देना चाहिए।

# सोनालीका ने मई में 17204 ट्रैक्टरों की रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड सोनालीका ट्रैक्टर्स ने वित्त वर्ष 2027 में अपनी रफ्तार को और तेज करते हुए मई की अब तक की सर्वाधिक 17,204 ट्रैक्टरों की बिक्री दर्ज की है और 21 प्रतिशत वृद्धि दर्ज करते हुए उद्योग के प्रदर्शन को भी पीछे छोड़ दिया है। सोनालीका की यह नई उपलब्धि किसानों को 'जीतने का दम' देने पर ब्रांड के निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है और भारत को कृषि महाशक्ति बनाने की दिशा में कंपनी की महत्वपूर्ण भूमिका को और मजबूत करती है। कंपनी ने भारत में आगामी खरीफ सीजन की तैयारी के उपलक्ष में 17,029 ट्रैक्टरों का अब तक का सर्वाधिक मासिक उत्पादन भी दर्ज किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर अपने विचार साझा करते हुए रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने कहा हमें यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि हमने मई की अब तक की सर्वाधिक 17,204 ट्रैक्टरों की बिक्री दर्ज की है जो कुल 21 प्रतिशत वृद्धि द्वारा संभव हुई और हमने उद्योग के प्रदर्शन को भी पीछे छोड़ दिया है।

# भाजपा ने 13 संभागों के प्रभारी घोषित किए, संगठन विस्तार और बूथ सशक्तीकरण पर रहेगा फोकस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी, बिहार प्रदेश इकाई ने संगठन को और मजबूत बनाने तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों को गति देने के उद्देश्य से राज्य के सभी 13 संभागों के लिए संभाग प्रभारियों की घोषणा की है। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के निर्देश पर जारी अधिसूचना में पांच वरिष्ठ नेताओं को विभिन्न संभागों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अधिसूचना प्रदेश मुख्यालय प्रभारी अक्षय कुमार के हस्ताक्षर से जारी की गई है। जारी सूची के अनुसार धनराज शर्मा को मिथिला और तिरहुत संभाग का प्रभारी बनाया गया है। उनके जिम्मे दरभंगा पूर्वी, दरभंगा पश्चिमी, मधुबनी, बेनीपुर, समस्तीपुर उत्तरी, समस्तीपुर दक्षिणी, वैशाली उत्तरी, वैशाली दक्षिणी, मुजफ्फरपुर पूर्वी, मुजफ्फरपुर पश्चिमी, सीतामढ़ी और शिवहर जिले रहेंगे। नितिन अभिषेक को मगध और शाहाबाद संभाग की जिम्मेदारी दी गई है। उनके अधीन जहानाबाद, गया पूर्वी, गया पश्चिमी, औरंगाबाद, अरवल, नवादा, कैमूर, रोहतास, बक्सर और भोजपुर जिले शामिल किए गए हैं। सरोज रंजन पटेल को चंपारण और सारण संभाग का प्रभारी बनाया गया है। उनके जिम्मे बगहा, रक्सौल, बेतिया, मोतिहारी, ढाका, सिवान पूर्वी, सिवान पश्चिमी, गोपालगंज, सारण पूर्वी और सारण पश्चिमी जिले रहेंगे। राजेश झा राजू को भागलपुर, कोशी और सीमांचल संभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके कार्यक्षेत्र में भागलपुर, बांका, नवगछिया, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, अररिया, पूर्णिया, कटिहार और किशनगंज जिले शामिल हैं। वहीं प्रीति शेखर को पटना, मुंगेर और बेगूसराय-नालंदा संभाग का प्रभारी बनाया गया है। उनके अधीन पटना महानगर, पटना ग्रामीण, बाढ़, मुंगेर, जमुई, लखीसराय, खगड़िया, बेगूसराय, नालंदा और शेखपुरा जिले रहेंगे। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि नई जिम्मेदारियों से संगठनात्मक गतिविधियों में तेजी आएगी, बूथ स्तर तक पार्टी की पकड़ मजबूत होगी तथा कार्यकर्ताओं और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जा सकेगा।

# होटल मौर्या में बिहार के जैविक ग्रीष्मकालीन फलों के महोत्सव ग्रीष्मा 2026 का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बिहार की समृद्ध फल जैव-विविधता, जैविक खेती और जलवायु अनुकूल कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्रीष्मा 2026 - बिहार के जैविक ग्रीष्मकालीन फलों का महोत्सव का आयोजन होटल मौर्या, पटना के सहयोग से हुआ। 6 और 7 जून को आयोजित इस दो दिवसीय महोत्सव में राज्य के विभिन्न जिलों से आए जैविक किसानों, किसान उत्पादक संगठनों, शोधकर्ताओं, खाद्य उद्यमियों तथा उपभोक्ताओं ने भाग लिया। महोत्सव में आम, लीची, जामुन, बेल, कटहल, फालसा, करोंदा समेत बिहार के विविध जैविक ग्रीष्मकालीन फलों की प्रदर्शनी एवं बिक्री हुई। वहीं महुआ, कैथा, लसोड़ा, खिरनी, तेंदू और अन्य भूले-बिसरे व स्वजन्मा फलों को समर्पित विशेष जैव-विविधता मंडप आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन से प्रभावित फल उत्पादक किसानों को मंच प्रदान करना, बिहार की फल विरासत को संरक्षित करना तथा उपभोक्ताओं को जैविक एवं स्थानीय खाद्य प्रणालियों के प्रति जागरूक करना रहा।

# प्रदेश के सभी स्कूलों में लगेगा दंत चिकित्सा जांच शिविर : डॉ मनोज श्रीवास्तव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि बिहार में आइडीए को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय संगठन के द्वारा बिहार में कई तरह के कार्यक्रम किए जाएंगे। इसी के तहत प्रदेश के सभी निजी एवं सरकारी विद्यालय में स्कूली बच्चों के लिए डेंटल चेकअप अभियान चलाया जाएगा ताकि प्रदेश के बच्चे स्वस्थ रह सके। डॉ मनोज श्रीवास्तव रविवार को राजधानी पटना के ज्ञान भवन में इंडियन डेंटल एसोसिएशन पटना ब्रांच के द्वारा आयोजित डेंटवर्ष 2026 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिहार में राष्ट्रीय कार्यालय के द्वारा एफडीआई प्रोग्राम चलाया जाएगा जिसके तहत स्वास्थ्य मुख अभियान महिलाओं के लिए अभया तथा युवा डेंटिस्ट के लिए उड़ान सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा बिहार में आने वाले समय में कार्यक्रम करके आइडीए के संगठन को भी मजबूत किया जाएगा। इस मौके पर आइडीए बिहार के अध्यक्ष डॉ मानवेंद्र ने कहा कि बिहार में लोगों को दंत चिकित्सा अच्छी तरह मिले इसके लिए आइडीए की ओर से जगह-जगह पर स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर आई डी ए बिहार के सचिव डॉ नील भरत केडिया ने कहा कि आईडीए पटना शाखा के मानद सचिव के रूप में, 'डेंटवर्स 2026' में आप सभी का स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी और गर्व हो रहा है। आज का दिन सिर्फ एक एकेडमिक कार्यक्रम का उद्घाटन नहीं है, यह ज्ञान, मार्गदर्शन, इनोवेशन और डेंटिस्ट्री की कभी न खत्म होने वाली भावना का उत्सव है। यह अनोखा मिलन सीखने की निरंतरता का सुंदर प्रतीक है जहां अनुभव का उत्साह से, समझदारी का जिज्ञासा से और ज्ञान का एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक आदान-प्रदान होता है।

# संपादकीय

## सुप्रीम कोर्ट ने बदल दी 'परिवार' की परिभाषा

अग्निकांड- मौत के बाद जांच, जांच के बाद खामोशी

राजधानी दिल्ली में एक इमारत में आग लगने की वजह से इक्कीस लोगों की जान चली गई। उसके अगले ही दिन बिहार के मुजफ्फरपुर में एक निजी अस्पताल के सघन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में आग लग गई, जिसमें पांच लोगों के मरने की खबरें आईं।किसी भी हादसे का सबसे जरूरी सबक यह होना चाहिए कि भविष्य में ऐसे इंतजाम किए जाएं, ताकि वैसी घटना दोबारा न हो। मगर ऐसा लगता है कि आए दिन इमारतों में आग लगने और उसमें लोगों की जान जाने की घटनाओं से कोई सबक नहीं लेने की लापरवाही एक सामान्य चलन बन चुकी है।राजधानी दिल्ली में एक इमारत में आग लगने की वजह से इक्कीस लोगों की जान चली गई। उसके अगले ही दिन बिहार के मुजफ्फरपुर में एक निजी अस्पताल के सघन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में गुरुवार को भीषण आग लग गई, जिसमें पांच लोगों के मरने की खबरें आईं। इस घटना ने एक बार फिर स्वास्थ्य सेवाओं में व्यवस्थागत कमियों की कलई खोल दी है।आमतौर पर किसी भी अस्पताल में मरीज इस उम्मीद में इलाज कराने जाते हैं, ताकि उनकी जिंदगी बच सके। मगर जब वहां अति सुरक्षित माने जाने वाले कक्ष में ही उनकी जान पर बन आए, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? अस्पतालों में सुरक्षा नियमों की जिस तरह अनदेखी हो रही है, उससे स्पष्ट है कि चिकित्सा एक ऐसे व्यवसाय का रूप ले चुकी है, जहां शायद जिंदगी की कोई कीमत नहीं।पिछले कुछ वर्षों में अस्पतालों में आग लगने की घटनाओं के दौरान अग्नि सुरक्षा मानकों में बार-बार गंभीर खामियां पाई गई हैं। बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। मुजफ्फरपुर में हुए हादसे ने साफ कर दिया है कि अस्पताल में किस हद तक घोर लापरवाही बरती जा रही थी।मामले की जांच के लिए वरिष्ठ अधिकारियों का पांच सदस्यीय दल बनाया गया है। अब जांच की रिपोर्ट कब आएगी, उस पर क्या कार्रवाई होगी, यह आम लोगों को शायद ही पता चले। मगर इस घटना में मारे गए मरीज कभी घर नहीं लौटेंगे।बेहतर होता कि स्वास्थ्य विभाग संबंधित अस्पताल से तत्काल जवाब-तलब करता कि मरीजों की सुरक्षा के लिए आपातकालीन निकास की व्यवस्था के साथ अग्निरोधक उपाय उसने पहले क्यों नहीं किए। हैरत की बात है कि अस्पताल परिसरों में शॉर्ट सर्किट जैसी समस्या से निपटने को लेकर एहतियात बरतना और बुनियादी इंतजाम करना जरूरी नहीं समझा जाता है। जांच और राहत के आश्वासनों से इतर सवाल यह है कि इस तरह की व्यापक लापरवाही के लिए प्रशासन की अनदेखी की जवाबदेही कब तय की जाएगी!

**किसी भी राज्य के विकास के लिए स्पष्ट विजन का होना जरूरी है। ऐसा न हो तो संसाधन बिखरते हैं, ऊर्जा का सही उपयोग नहीं पाता और लक्ष्य अधूरे रह जाते हैं। 2017 में जब एक भगवादारी संन्यासी योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की बागडोर संभाली थी, कारपोरेट जगत से लेकर सभी लोगों के मन में एक ही प्रश्न था कि क्या वह राज्य को विकास की राह पर ले जा पाएंगे? ऐसा राज्य जहां माफिया और अपराधियों की तूती बोलती हो, निवेशक आने से घबराते हों और जिसकी पहचान बीमारू के रूप में होती हो। लोगों के मन में यह प्रश्न उठना सहज ही था, क्योंकि प्रबंधन के स्तर पर राज्य की चूलें हिली हुई थीं। लोगों के प्रश्नों का जवाब उचित प्रबंधन ही दे सकता था और उसके बाद से अब तक का समय यदि इसकी मिसाल बना तो इसके पीछे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट विजन ही था।**

# मैनेजमेंट गुरु योगी आदित्यनाथ

**(प्रो. दीप्ति तनेजा )**

किसी भी राज्य के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण क्या हो सकता है? यह एक गंभीर सवाल है और लोग इसका जवाब अपने-अपने स्तर पर अलग-अलग ही देंगे। लेकिन, संदर्भ उत्तर प्रदेश का हो तो इसका सही जवाब है-विजन। किसी भी राज्य के विकास के लिए स्पष्ट विजन का होना जरूरी है। ऐसा न हो तो संसाधन बिखरते हैं, ऊर्जा का सही उपयोग नहीं पाता और लक्ष्य अधूरे रह जाते हैं। 2017 में जब एक भगवादारी संन्यासी योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की बागडोर संभाली थी, कारपोरेट जगत से लेकर सभी लोगों के मन में एक ही प्रश्न था कि क्या वह राज्य को विकास की राह पर ले जा पाएंगे? ऐसा राज्य जहां माफिया और अपराधियों की तूती बोलती हो, निवेशक आने से घबराते हों और जिसकी पहचान बीमारू के रूप में होती हो। लोगों के मन में यह प्रश्न उठना सहज ही था, क्योंकि प्रबंधन के स्तर पर राज्य की चूलें हिली हुई थीं। लोगों के प्रश्नों का जवाब उचित प्रबंधन ही दे सकता था और उसके बाद से अब तक का समय यदि इसकी मिसाल बना तो इसके पीछे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट विजन ही था।

**विजन का सही एग्जिक्यूशन–** कारपोरेट जगत में एक वाक्य बहुत कॉमन है- 'मैनेजर काम सही करता है, लीडर सही काम कराता है।' यह योगी आदित्यनाथ की प्रबंधकीय दृष्टि ही थी कि उन्होंने सबसे पहले सही काम तय किए और इसे सही तरीके से करने की जिद पकड़ी। मूल सिद्धांत यह कि कानून का राज ही विकास की राह है। यह उनका एक रणनीतिक घोषणापत्र था, जिसने पूरे प्रशासनिक तंत्र को एक दिशा दी, एक उद्देश्य दिया। साथ ही एक कसौटी भी रखी जिसमें हर नीति, हर निर्णय और हर अधिकारी को परखा जा सके। विजन में ऐसी स्पष्टता हो तो एग्जिक्यूशन की धार अपने आप तेज हो जाती है। बीते नौ सालों में समावेशी विकास की महागाथा, विश्वस्तरीय आयोजन और 50 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव, यह विजन के सही एग्जिक्यूशन से ही आए। इसीलिए योगी आज एक ऐसे मैनेजमेंट गुरु के रूप में देखे जा रहे हैं, जिनके फैसले केस स्टडी के रूप में प्रबंधकीय संस्थानों और छात्रों के लिए रुचि का विषय हैं।

**जीरो टॉलरेंस बना ब्रांड पोजीशनिंग टूल–** योगी सरकार का लक्ष्य था कि बीमार पड़े राज्य को पुनर्जीवित किया जाए। कारपोरेट जगत में इस प्रक्रिया को 'टर्नअराउंड' कहते हैं। यह प्रक्रिया आसान नहीं थी। पुरानी जड़ें उखाड़ने से लेकर पुराने प्रशासनिक ढांचे तोड़ने थे। उन लोगों को भी बदलना था, जो वर्षों से 'यही होता आया है' की मानसिकता में जी रहे थे। 2017 के पहले की स्थिति ऐसी ही थी, जिसमें पूरा तंत्र जड़ हो चुका था। न कोई जवाबदेही थी और न ही कोई संस्कृति। उत्तर प्रदेश की पहचान 'दंगा प्रदेश' के रूप में थी और यह केवल एक छवि नहीं थी, यह अभिशाप था जो युवाओं को पलायन के लिए बाध्य कर रहा था तो उद्यमियों को आने से रोक रहा था। ऐसे में राज्य की अलग पहचान तभी हो सकती थी जब पूरी व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन कर राज्य को ब्रांड बनाया जाए।

इसके लिए योगी आदित्यनाथ ने 'जीरो टॉलरेंस' नीति को एक 'ब्रांड पोजीशनिंग टूल' के रूप में इस्तेमाल किया। बुलडोजर ने अपराधियों के हौसले तोड़े तो माफिया के खिलाफ अभियान ने सीधा संदेश दिया कि कानून सबके लिए बराबर है। पूरी कठोरता से इस फैसले के क्रियान्वयन ने देश के उद्योग जगत को स्पष्ट 'मार्केटिंग सिग्नल' दिया कि उत्तर प्रदेश बदल रहा है। परिणाम राजस्व की बड़ी उछाल के रूप में सामने आया और आज उत्तर प्रदेश देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है तो यह यहां के प्रबंधन मॉडल की सफलता का परिणाम है।

**कुशल सीईओ जैसी कार्यशैली–** प्रबंधन में विजन और ब्रांडिंग से भी अधिक महत्त्वपूर्ण है- एग्जिक्यूशन। व्यक्तिगत निगरानी और समय-सीमा के प्रति अटल प्रतिबद्धता। हर परियोजना की डेली मॉनीटरिंग, डैशबोर्ड रिव्यू और स्वयं मुख्यमंत्री की देर रात तक चलने वाली समीक्षा बैठकें, यह किसी स्टार्टअप के कुशल व मेहनती 'सीईओ' की कार्यशैली नजर आती है। जब सबसे ऊपर बैठा व्यक्ति खुद जवाबदेह हो, तो पूरा सिस्टम उत्तरदायी हो जाता है। 2025 का महाकुंभ इस एग्जिक्यूशन की क्षमता का सबसे बड़ा और सबसे दृश्यमान प्रमाण था। 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं का एक स्थान पर आना, मानव इतिहास का सबसे बड़ा लॉजिस्टिक्स और भीड़ प्रबंधन का प्रयोग था। परिवहन, सुरक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, डिजिटल सेवाएं, हर विभाग को एक साथ-एक लय में चलाना, यह तब ही संभव है जब 'सेंट्रलाइज्ड कमांड एंड कंट्रोल' व्यवहार में जीवित हो। महाकुंभ की सफलता ने प्रबंधन का ऐसा इतिहास लिखा कि हार्वर्ड विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ भी दौड़े चले आए।



**विजन में ऐसी स्पष्टता हो तो एग्जिक्यूशन की धार अपने आप तेज हो जाती है। बीते नौ सालों में समावेशी विकास की महागाथा, विश्वस्तरीय आयोजन और 50 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव, यह विजन के सही एग्जिक्यूशन से ही आए।**

**ब्लू ओशन स्ट्रेटेजी–** एक और पहलू है जिसे अनदेखा करना असंभव है- 'ब्लू ओशन स्ट्रेटेजी।' इस स्ट्रेटजी में आप प्रतिस्पर्धा से बाहर निकलकर एक नया और अछूता बाजार बनाते हैं, जहां कोई प्रतिद्वंद्वी नहीं। जब सभी राज्य एक ही तरह की नीतियां अपना रहे थे, उत्तर प्रदेश ने 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट' (ओडीओपी) और बाद में 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन कुज़ीन' (ओडीओसी) जैसे नवाचार किए। ओडीओपी राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा आधार बन गया। इस नीति ने लाखों कारीगरों को न केवल आजीविका दी, बल्कि उन्हें एक पहचान भी दी और यही किसी भी सफल संगठन की 'एचआर पॉलिसी' का सार होता है।

शोध का विषय बना यूपी मॉडल

किसी भी गंभीर संकट में प्रबंधन की असली परीक्षा होती है। उत्तर प्रदेश ने कोविड लहर में यह परीक्षा दो बार दी। ऑक्सीजन की कमी, स्वास्थ्य ढांचे की सीमाएं और लाखों जिंदगियों की जिम्मेदारी, इन सबके बीच जो प्रशासनिक प्रतिक्रिया सामने आई, वह 'इंटीग्रेटेड कोविड कमांड सेंटर' के रूप में थी। जिला स्तर पर निगरानी, ऑक्सीजन वितरण की रियल-टाइम ट्रैकिंग, दवाओं की उपलब्धता, यह सब उसी 'डैशबोर्ड गवर्नेंस' का विस्तार था जो इस सरकार की पहचान बन चुका है। उत्तर प्रदेश का बदलाव प्रबंधन की बड़ी कहानी है और इसीलिए आज आईआईएम के शोधार्थी 'यूपी मॉडल' पर शोधपत्र लिख रहे हैं और हार्वर्ड बिजनेस रिव्यू में उत्तर प्रदेश की चर्चा हो रही है। यह किसी राज्य के लिए सामान्य बात नहीं है। भगवा कपड़ों में एक संन्यासी का सीईओ रूप सभी को प्रभावित कर रहा है। योगी ने सिद्ध किया है कि नेतृत्व की कोई पोशाक नहीं होती और न ही इसके मूल में कोई पृष्ठभूमि होती है। जनता के प्रति प्रतिबद्धता निष्कपट हो, तो मठ से निकला एक संन्यासी भी देश की सर्वाधिक आबादी वाले राज्य का सबसे सफल 'टर्नअराउंड सीईओ' बन सकता है। (लेखिका अर्थशास्त्र विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रो. हैं।)

**ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।**

## जीवन का आधार है पर्यावरण

**(रमेश सर्राफ धमोरा )**

पर्यावरण दो शब्दों परि और आवरण से मिलकर बना है। परि का अर्थ होता है हमारे आसपास या हमारे चारों और। आवरण का अर्थ होता है हम चारों और जिससे घिरे हैं। अर्थात पर्यावरण का अर्थ हमारे आस-पास के वातावरण से हैं। पर्यावरण पेड़-पौधों, वायु हमारे आस-पास की सभी चीजों से मिलकर बनता है।

दुनिया में हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस दिन लोगों को कई कार्यक्रमों के जरिये प्रकृति को संरक्षित रखने और इससे खिलवाड़ न करने के लिए जागरूक किया जाता हैं। इन कार्यक्रमों के जरिये लोगों को पेड़-पौधे लगाने, पेड़ों को संरक्षित तात्कालिकता और इसके वास्तविक, ठोस समाधानों पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान करती है।

पर्यावरण दो शब्दों परि और आवरण से मिलकर बना है। परि का अर्थ होता है हमारे आसपास या हमारे चारों और। आवरण का अर्थ होता है हम चारों और जिससे घिरे हैं। अर्थात पर्यावरण का अर्थ हमारे आस-पास के वातावरण से हैं। पर्यावरण पेड़-पौधों, वायु हमारे आस-पास की सभी चीजों से मिलकर बनता है। पर्यावरण हमारे दैनिक जीवन से सीधा संबंध रखता हैं। मानव और पर्यावरण एक दूसरे से संबंधित तथा एक दूसरे पर निर्भर होते हैं। पर्यावरण प्रदूषण जैसे पेड़ों का कम होना,



करने, हरे पेड़ न काटने, नदियों को साफ रखने और प्रकृति से खिलवाड़ न करने जैसी चीजों के लिए जागरुक किया जाता है। विश्व पर्यावरण दिवस एक अभियान है। इस अभियान की शुरुआत करने का मुख्य उद्देश्य वातावरण की स्थितियों पर ध्यान केन्द्रित करने और पृथ्वी के सुरक्षित भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए पर्यावरण में सकारात्मक बदलाव का भाग बनने के लिए लोगों को प्रेरित करना है।

संयुक्त राष्ट संघ द्वारा 1972 में पहली बार विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया था। लेकिन विश्व स्तर पर इसके मनाने की शुरुआत 5 जून 1974 को स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में हुई थी। जहां 119 देशों की मौजूदगी में पर्यावरण सम्मेलन का आयोजन किया गया था। साथ ही प्रति वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था। इस सम्मेलन में संयुक्त राष्ट पर्यावरण कार्यक्रम का गठन भी हुआ था। हर वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस के लिए एक थीम निर्धारित की जाती है। विश्व पर्यावरण दिवस 2026 की थीम जलवायु के लिए अभी है। यह थीम जलवायु परिवर्तन की वायु प्रदूषण आदि मनुष्य के स्वास्थ्य पर सीधा प्रभाव डालता हैं। मानव की अच्छी बुरी आदतों का प्रभाव सीधा पर्यावरण पर पड़ता हैं। विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य मानव जाति को पर्यावरण के प्रति सचेत करना हैं। उसका उद्देश्य पूरी प्रकृति व पर्यावरण की सुरक्षा करना हैं।

संयुक्त राष्ट पर्यावरण कार्यक्रम की मेकिंग पीस विद नेचर रिपोर्ट पृथ्वी पर मंडरा रहे तीन बड़े पर्यावरणीय संकटों जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता का नुकसान और प्रदूषण से निपटने के लिए एक वैज्ञानिक खाका प्रदान करती है। रिपोर्ट इस बात पर प्रकाश डालती है कि जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता की हानि और प्रदूषण तीनों आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं। ये मानव अस्तित्व के लिए एक स्व-निर्मित खतरा हैं। प्रदूषण के कारण हर साल लगभग 90 लाख लोग असामयिक रूप से अपनी जान गंवाते हैं। लगभग 10 लाख प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर हैं। मानवता ने पिछले 50 वर्षों में प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक और अस्थिर दोहन किया है जिससे हमारी पृथ्वी की जीवन-समर्थन क्षमता कमजोर हो गई है।

# पर्यावरणीय संकट से समाधान की ओर बढ़ने का समय

**पर्यावरणीय संकट का मूल कारण विकास की वह अवधारणा है जिसमें प्रकृति को केवल संसाधन और उपभोग की वस्तु मान लिया गया है। हमने जंगलों को उद्योगों के लिए, नदियों को अपशिष्ट के लिए और भूमि को कंक्रीट के जंगलों में बदलने के लिए प्रयोग किया। प्रकृति हमें जीवन का आधार निःशुल्क देती है, लेकिन हमने उसके प्रति कृतज्ञता के बजाय दोहन का व्यवहार अपनाया। परिणामस्वरूप वनस्पतियों का विनाश, वन्य जीवों का संकट, भूमिगत जल का क्षय और प्रदूषण का विस्तार निरंतर बढ़ रहा है।**

**(ललित गर्ग )**

वर्तमान संकट केवल पर्यावरणीय नहीं, बल्कि आर्थिक, सामाजिक और नैतिक संकट भी है। वायु प्रदूषण लाखों लोगों की असामयिक मृत्यु का कारण बन रहा है। जल स्रोत प्रदूषित हो रहे हैं। कृषि व्यवस्था प्रभावित हो रही है। मौसम चक्र असंतुलित हो गया है। गरीब और कमजोर वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं।

5 जून को मनाया जाने वाला विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि पृथ्वी और मानवता के भविष्य को बचाने का वैश्विक संकल्प है। वर्ष 2026 का विश्व पर्यावरण दिवस ऐसे समय में आया है जब जलवायु परिवर्तन, प्लास्टिक प्रदूषण, जैव विविधता का क्षरण, जल संकट, वायु प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन ने पृथ्वी के अस्तित्व को गंभीर चुनौती के सामने खड़ा कर दिया है। इस वर्ष की थीम प्लास्टिक प्रदूषण का अंत (ठमंज च्सेंजपब च्वससनजपवद) केवल प्लास्टिक के उपयोग को कम करने का आह्वान नहीं है, बल्कि उपभोगवादी जीवनशैली और प्रकृति-विरोधी विकास मॉडल पर पुनर्विचार का भी संदेश है। आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को झेल रही है। कहीं भीषण गर्मी जीवन को असहनीय बना रही है, कहीं अनियंत्रित वर्षा और बाढ़ तबाही ला रही है, तो कहीं सूखा और जल संकट मानव अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न खड़े कर रहे हैं। भारत भी इससे अछूता नहीं है। उत्तराखंड के जंगलों में आग, हिमालयी क्षेत्रों में ग्लेशियरों का तेजी से पिघलना, महानगरों में प्रदूषण, बेंगलुरु जैसे तकनीकी नगरों में जल संकट और लगातार बढ़ती गर्मी इस बात के संकेत हैं कि पर्यावरणीय संकट अब भविष्य की नहीं, वर्तमान की वास्तविकता बन चुका है।

संयुक्त राष्ट की रिपोर्टें चेतावनी दे रही हैं कि पिछले एक दशक में जलवायु संबंधी आपदाओं से लाखों लोगों की मृत्यु हुई है और खरबों डॉलर की आर्थिक क्षति हुई है। जैव विविधता का ह्रास, जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण-ये तीनों संकट परस्पर जुड़े हुए हैं। यदि वैश्विक तापमान वृद्धि को



नियंत्रित नहीं किया गया तो मानव सभ्यता के सामने अभूतपूर्व संकट खड़ा हो सकता है। 2015 के पेरिस जलवायु समझौते में वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, लेकिन आज भी दुनिया उस दिशा में अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ रही है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि विश्व के सामने उपस्थित इस सबसे बड़े संकट को भारत की राजनीति में वह महत्व नहीं मिला, जिसका वह अधिकारी है। चुनावी घोषणापत्रों में पर्यावरण का उल्लेख तो होता है, लेकिन वह केवल औपचारिकता भर रह जाता है। राजनीतिक दल यह मानकर चलते हैं कि पर्यावरण, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन वोट दिलाने वाले मुद्दे नहीं हैं। परिणामस्वरूप पर्यावरणीय प्रश्न न तो चुनावी बहस का हिस्सा बनते हैं और न ही राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का। जबकि सच्चाई यह है कि आने वाली पीढ़ियों का जीवन, स्वास्थ्य और सुरक्षा इसी प्रश्न पर निर्भर करती है।

पर्यावरणीय संकट का मूल कारण विकास की वह अवधारणा है जिसमें प्रकृति को केवल संसाधन और उपभोग की वस्तु मान लिया गया है। हमने जंगलों को उद्योगों के लिए, नदियों को अपशिष्ट के लिए और भूमि को कंक्रीट के जंगलों में बदलने के लिए प्रयोग किया। प्रकृति हमें जीवन का आधार निःशुल्क देती है, लेकिन हमने उसके प्रति कृतज्ञता के बजाय दोहन का व्यवहार अपनाया। परिणामस्वरूप वनस्पतियों का विनाश, वन्य जीवों का संकट, भूमिगत जल का क्षय और प्रदूषण का विस्तार निरंतर बढ़ रहा है। भारतीय संस्कृति ने सदैव प्रकृति को पूजनीय माना है। वृक्षों, नदियों, पर्वतों और वनस्पतियों को केवल भौतिक संसाधन नहीं, बल्कि जीवनदाता के रूप में देखा गया। आयुर्वेद और वनौषधि विज्ञान इसका श्रेष्ठ उदाहरण हैं। जड़ी-बूटियों और वनस्पतियों ने हजारों वर्षों तक मानव स्वास्थ्य की रक्षा की, लेकिन आधुनिकता की अंधी दौड़ में यह ज्ञान और प्राकृतिक संपदा दोनों उपेक्षित होते गए। आज जब नई-नई बीमारियां मानव जीवन को चुनौती दे रही हैं, तब पुनः प्रकृति और वनस्पति जगत की ओर लौटने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

वर्तमान संकट केवल पर्यावरणीय नहीं, बल्कि आर्थिक, सामाजिक और नैतिक संकट भी है। वायु प्रदूषण लाखों लोगों की असामयिक मृत्यु का कारण बन रहा है। जल स्रोत प्रदूषित हो रहे हैं। कृषि व्यवस्था प्रभावित हो रही है। मौसम चक्र असंतुलित हो गया है। गरीब और कमजोर वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। कभी इंदिरा गांधी ने कहा था कि 'गरीबी सबसे बड़ा प्रदूषक है।'

आज यह कथन और अधिक प्रासंगिक हो गया है क्योंकि गरीबी और पर्यावरणीय विनाश एक-दूसरे को बढ़ाने वाले कारक बन गए हैं। भारत में पर्यावरण संरक्षण के लिए कानूनों की कमी नहीं है। 1972 में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम से लेकर अनेक पर्यावरणीय कानून बनाए गए। लेकिन कानूनों और उनके प्रभावी क्रियान्वयन के बीच गहरी खाई बनी हुई है। अवैध खनन, वनों की कटाई, प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों की अनदेखी और पर्यावरणीय मंजूरियों में शिथिलता इस बात का प्रमाण हैं कि संस्थागत इच्छाशक्ति अभी भी पर्याप्त नहीं है। फिर भी आशा की किरण दिखाई देती है। युवाओं में पर्यावरण के प्रति जागरूकता तेजी से बढ़ रही है।

# होटलों एवं अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा ऑडिट को लेकर विशेष अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** जिला प्रशासन, अररिया द्वारा जिले के सभी होटल, लॉज, गेस्ट हाउस, अस्पताल, निजी नर्सिंग होम एवं अन्य सार्वजनिक संस्थानों में अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान बिहार अग्निशमन सेवा अधिनियम, 2014 एवं बिहार अग्निशमन सेवा नियमावली, 2021 के प्रावधानों के अनुरूप संचालित किया जा रहा है। अग्निशमन विभाग द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि जिन अस्पतालों, होटलों एवं अन्य संस्थानों का अब तक अग्नि सुरक्षा ऑडिट नहीं हुआ है, उनका हर हाल में 48 घंटे के भीतर ऑडिट कराया जाए।



संबंधित संस्थानों के संचालकों को ऑडिट टीम के साथ पूर्ण सहयोग करने का निर्देश दिया गया है। वहीं, जिन संस्थानों का अग्नि सुरक्षा ऑडिट पहले ही किया जा चुका है, उन्हें 7 दिनों के भीतर सभी कमियों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। यदि निर्धारित अवधि में अग्नि सुरक्षा संबंधी कमियों का निराकरण नहीं किया जाता है, तो उनके विरुद्ध नियमानुसार सीलिंग एवं अन्य वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी। उल्लेखनीय है कि जिला अंतर्गत जिन संस्थानों का अब तक ऑडिट नहीं हुआ है, उनका 48 घंटे के भीतर ऑडिट कराते हुए एक सप्ताह का समय अनुपालन के लिए दिया जाएगा। इसके बाद भी यदि निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया जाता है, तो अगले 15 दिनों के भीतर अनुपालन सुनिश्चित करने का अंतिम अवसर प्रदान किया जाएगा। इसके बावजूद भी अनुपालन नहीं होने की स्थिति में संबंधित अस्पतालों, होटलों एवं अन्य संस्थानों के विरुद्ध सीलिंग की कार्रवाई प्रारंभ करने हेतु मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा जाएगा। अग्नि सुरक्षा मानकों को लेकर जिला अग्निशमन पदाधिकारी, अररिया डॉ अशोक कुमार प्रसाद द्वारा सिटी हेल्थ हॉस्पिटल, फारबिसगंज एवं भारत सिटी हॉस्पिटल, जोगबनी की जांच की गई एवं सभी आवश्यक मानकों पर महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये। इसी क्रम में उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान प्राप्त प्रतिवेदनों की नियमित समीक्षा की जाएगी तथा नियमों की अनदेखी करने वाले संस्थानों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन मानव जीवन एवं संपत्ति की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी होटल, अस्पताल एवं अन्य सार्वजनिक संस्थानों के संचालकों से अपील की है कि वे अग्नि सुरक्षा से संबंधित सभी आवश्यक मानकों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित करें तथा निरीक्षण दल को आवश्यक सहयोग प्रदान करें। अररिया जिला अंतर्गत वर्तमान समय में 12 अग्निशमन वाहन सक्रिय रूप से ऑन रोड उपलब्ध हैं, जबकि अग्निशमन पदाधिकारियों एवं अग्निकर्मियों सहित कुल 70 कर्मी आपदा एवं अग्निकांड जैसी आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए तैनात हैं।

## 33 केवी मेंटेनेंस हेतु बिजली सेवा रही बाधित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** पावर सब स्टेशन मनसाही में 33 केवी मेंटेनेंस हेतु रविवार से कार्य शुरू की गई। इसकी जानकारी देते हुए विद्युत विभाग के जूनियर इंजीनियर रोशन कुमार राकेश ने बताया कि रविवार सात जून से 14 जून तक



प्रत्येक दिन सुबह के सात बजे से दिन के एक बजे तक बिजली सप्लाई बंद कर 33 केवी का मेंटेनेंस का कार्य किया जाएगा। जिसको लेकर रविवार को 33 केवी का मेंटेनेंस का कार्य किया गया जिसको लेकर बिजली सेवा सुबह के सात बजे से लेकर दिन के एक बजे तक बाधित रहा।

## शराबबंदी के बीच कोढ़ा में अवैध शराब कारोबार का दावा

■ मुख्य पार्षद ने उठाए गंभीर सवाल : जान के खतरे का हवाला देकर आर्म्स लाइसेंस की मांग, मंत्री को सौंपा आवेदन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले के कोढ़ा नगर पंचायत से एक महत्वपूर्ण मामला सामने आया है। जिसने बिहार में लागू शराबबंदी कानून पर सवाल खड़े कर दिये हैं। कोढ़ा नगर पंचायत के मुख्य पार्षद सह पूर्व जदयू प्रखंड अध्यक्ष धीरज कुमार सिंह ने राज्य सरकार के मंत्री खान एवं भूतत्व विभाग सह प्रभारी जिला स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री को एक आवेदन सौंपते हुए अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। मुख्य पार्षद द्वारा दिए गए आवेदन में यह स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि कोढ़ा क्षेत्र में खुलेआम शराब की बिक्री हो रही है। यह दावा ऐसे समय में सामने आया है जब बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू है और सरकार इसे सख्ती से लागू करने का दावा करती रही है। ऐसे में सत्ताधारी दल से जुड़े एक जनप्रतिनिधि द्वारा ही इस प्रकार का आरोप लगाया जाना राजनीतिक और प्रशासनिक दोनों स्तरों पर चर्चा का विषय बन गया है।



धीरज कुमार सिंह ने अपने आवेदन में बताया है कि उन्होंने लगभग तीन वर्ष पूर्व अपनी सुरक्षा के मद्देनजर आर्म्स हथियार लाइसेंस के लिए आवेदन दिया था। उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक जांच प्रक्रियाएं पूरी होने के बावजूद अब तक उन्हें लाइसेंस निर्गत नहीं किया गया है। इससे वे लगातार असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।उन्होंने लिखा है कि क्षेत्र में सक्रिय शराब तस्करों से उन्हें जान का खतरा बना हुआ है। मुख्य पार्षद होने के नाते उन्हें लगातार क्षेत्र में जनसंपर्क और विकास कार्यों के लिए जाना पड़ता है, जिससे उनकी सुरक्षा को लेकर चिंता और बढ़ गई है। उन्होंने मंत्री से अनुरोध किया है कि उनके आवेदन पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए जल्द से जल्द आर्म्स लाइसेंस जारी किया जाए। इस पूरे मामले ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। एक ओर राज्य सरकार शराबबंदी को अपनी बड़ी उपलब्धि बताती है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर अवैध शराब के कारोबार के आरोप सामने आ रहे हैं। यदि मुख्य पार्षद के दावे सही हैं, तो यह प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। स्थानीय लोगों के बीच भी इस मुद्दे को लेकर चर्चा तेज हो गई है। लोगों का कहना है कि यदि जनप्रतिनिधि खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। तो आम नागरिकों की सुरक्षा का क्या हाल होगा। वहीं प्रशासनिक स्तर पर अभी तक इस आवेदन को लेकर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। अब देखना यह होगा कि संबंधित मंत्री और जिला प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं और मुख्य पार्षद की सुरक्षा तथा अवैध शराब कारोबार के आरोपों पर क्या कार्रवाई की जाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### मदरसे में आग लगने से सात कमरे जलकर राख

**अमदाबाद/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पूर्वी करीमुल्लापुर पंचायत के वार्ड संख्या 13 स्थित बलवा गांव में एक मदरसे में आग लगने से सात कमरे, फर्नीचर और महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर राख हो गया। घटना में करीब चार लाख रुपये की संपत्ति के नुकसान का अनुमान है। मदरसा आयशातुल बनात के सचिव अबू तल्हा ने अमदाबाद थाना, सीओ, बीईओ एवं जिला पदाधिकारी को आवेदन देकर मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।सचिव ने बताया कि रात करीब 12:30 बजे वे लोग सो रहे थे। इसी दौरान शोर-शराबा सुनकर बाहर निकले तो देखा कि मदरसे में आग लगी हुई है। घटना की सूचना तत्काल अग्निशमन विभाग को दी गई। अग्निशमन दल और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक मदरसे में रखे टेबल, बेंच, कुर्सियां तथा आवश्यक अभिलेख जलकर नष्ट हो चुका था।उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ अज्ञात लोगों ने मदरसे में आग लगाकर घटना को अंजाम दिया है। इसे लेकर संबंधित अधिकारियों को आवेदन दिया गया है।मदरसे के शिक्षक मो. मसूद ने बताया कि आग लगने से मदरसे का सातो कमरा जला कर राख हो गया।बताया कि मदरसे में 170 बच्चे नामांकित हैं। उपमुखिया शेख माबूद, वार्ड सदस्य मो. दुलाल तथा मुखिया प्रत्याशी शेख सद्दाम ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।अपर थानाध्यक्ष विजय कुमार राम ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच की जा रही है।



### भारतीय जनता पार्टी की प्रखंड स्तरीय बैठक

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी की बैठक प्रखंड क्षेत्र के भेड़मारा पंचायत के हरिप्रसाद में भाजपा के प्रखंड उपाध्यक्ष रंजन कुमार झा के आवास पर की गई। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष बब्बन कुमार सिंह सहित कार्यकताओं ने पेड़ लगाकर बैठक की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि बूथ से लेकर प्रखंड स्तर तक का विस्तार किया जाएगा। तथा मन की बात सभी कार्यकर्ता को सुनने की बात कहीं। इस अवसर पर प्रखंड उपाध्यक्ष रंजन कुमार झा,पंचायत अध्यक्ष संतोष कुमार झा, प्रखंड महामंत्री राजेंद्र मंडल,बिनोद उरांव,संजय मंडल, सवेरा देवी, चंदन पोद्दार,जामुन सिंह, छोटे कुंवर, शेख जाबिर हुसैन उर्फ टुनटुन, सुनील मंडल आदि उपस्थित थे।



### कुपोषण मुक्त बचपन की ओर पहल पोषण पुनर्वास केंद्र में बच्चे को कराया गया भर्ती

**कोढा/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कोढ़ा प्रखंड क्षेत्र में कुपोषण से ग्रसित बच्चों के स्वास्थ्य सुधार को लेकर बाल विकास परियोजना कार्यालय द्वारा विशेष पहल शुरू की गई है। इसी क्रम में गंभीर रूप से कुपोषित बच्चे को पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकीय देखरेख में बच्चे का उपचार एवं पोषण संबंधी देखभाल की जा रही है। बाल विकास परियोजना के अधिकारी ऊषा किरण ने बताया कि क्षेत्र में आंगनबाड़ी सेविकाओं के माध्यम से लगातार बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर की निगरानी की जा रही है। जांच के दौरान चिन्हित कुपोषित बच्चों को बेहतर इलाज एवं पोषण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पोषण पुनर्वास केंद्र भेजा जा रहा है। इस अभियान के तहत अभिभावकों को भी बच्चों के संतुलित आहार, साफ-सफाई तथा नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक किया जा रहा है। परियोजना की एलएस राज श्री ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना विभाग की प्राथमिकता है तथा कुपोषण मुक्त समाज बनाने के लिए लगातार प्रयास जारी रहेगा।वहीं पोषण पुनर्वास केंद्र में बच्चे को भर्ती कराने में महिला पर्यवेक्षिका राजश्री फुलवरिया पंचायत के आंगनवाड़ी केन्द्र संख्या 51 की सेविका इन्दु कुमारी ने पोषण पुनर्वास के लाभों को लेकर अभिभावकों जागरूक करते हुए अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित की।



# महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ राजद का हल्ला बोल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** देश और राज्य में लगातार बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी, भ्रष्टाचार, लचर बिजली व्यवस्था और बदहाल कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर राष्ट्रीय जनता दल राजद ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पार्टी ने पूरे बिहार के साथ-साथ जिले भर में भी व्यापक आंदोलन छेड़ने का ऐलान किया है। इस रणनीति के तहत आगामी 9 जून को सभी प्रखंड मुख्यालयों और 17 जून को जिला मुख्यालय पर विशाल धरना-प्रदर्शन कर सरकार का घेराव किया जाएगा।इस बड़े आंदोलन को धार देने और इसे पूरी तरह सफल बनाने के लिए जिलाध्यक्ष इशरत प्रवीण के आवास पर पार्टी के प्रमुख नेताओं और कार्यकताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सह जिला प्रभारी स्वीटी सीमा हैं।



बैठक को संबोधित करते हुए राजद जिलाध्यक्ष ने सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज महंगाई और बेरोजगारी के कारण आम जनता का जीना मुहाल हो गया है। ऊपर से बिजली की बदतर स्थिति और चरमराती कानून-व्यवस्था ने लोगों की दिक्कतों को और बढ़ा दिया है। ऐसे में जनता की आवाज को बुलंद करने के लिए पार्टी के कार्यकर्ता सड़क से लेकर सदन तक सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन करेंगे। वही जिला प्रभारी ने भी देश व प्रदेश की सरकार तथा उनकी नीतियों को जमकर कोसा । इस सांगठनिक बैठक की अध्यक्षता राजद जिलाध्यक्ष ईशरत प्रवीण ने की। जबकि मंच का संचालन प्रधान महासचिव राजेश यादव द्वारा किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से मोहम्मद जाकिर हुसैन, तारकेश्वर ठाकुर, समरेंद्र कुणाल,मनोहर यादव, विमल मालाकार, मोहम्मद जाहिद, सुदामा सिंह, संजीव कृष्ण उर्फ गुड्डू यादव, रंजना यादव, अजहर शेख, संतोष यादव, अरुण साह, दीपक दास, करण कुमार, नेहाल अख्तर, मुनहसर हसनैन, श्रीलाल उरांव, मोहम्मद नोमान और इरफान अंसारी समेत भारी संख्या में राजद पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हम दो हमारे दो के स्लोगन पर विचार-विमर्श

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना सिटी ।** राष्ट्रीय हिन्दू फ्रंट की बैठक फ्रंट के पटना महानगर अध्यक्ष मुरली मनोहर पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में हम दो हमारे दो के स्लोगन पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में कहा गया है प्रत्येक सनातनी को हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए प्रत्येक मंगलवार को सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए। बैठक में हिन्दू राष्ट्र के निर्माण पर जोर दिया गया। बैठक में राष्ट्रीय संगठन मंत्री कृष्ण मुरारी, नंदकिशोर प्रसाद, सबिता देवी, अनीता पांडेय सहित अन्य कार्याकर्ता शामिल हुए।



# विद्यालय का ताला तोड़कर पंखा व बल्ब की चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा (कटिहार)।** थाना क्षेत्र के रायपुर पंचायत अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय पड़रिया कला में चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार गर्मी की छुट्टी के कारण विद्यालय बंद है।इसी का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने विगत रात विद्यालय के चार कमरे का ताला तोड़कर वहां लगे 8 पंखे तथा 20 बल्ब चुरा ले गये। जब विद्यालय पहुंचे किसी ग्रामीण की नजर टूटे तालों और बिखरे सामान पर पड़ी तो उन्होंने इसकी जानकारी अन्य ग्रामीणों को भी दी। ग्रामीणों की सूचना पर प्रधानाध्यापक धीरज कुमार साह विद्यालय पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।जांच पड़ताल के बाद विद्यालय प्रधान ने बताया कि चार कमरे का ताला टूटा है।तो उसमें लगा 8 पंखे और 20 बल्ब गायब पाया गया है।उन्होंने घटना की लिखित जानकारी थाना एवं विभाग को देकर मामले में उचित कारवाई की मांग की है।थानाध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है।पुलिस आगे की कारवाई में जुटी है।विद्यालयों में आये दिन चोरी की घटना आम हो गई है।विद्यालयों की संपत्ति का उपयोग नामांकित स्थानीय बच्चों द्वारा हीं किया जाता है।इस घटना से भी तत्काल बच्चे हीं प्रभावित होंगे।वहीं सवाल यह भी है कि विभाग या स्थानीय स्तर पर गठित विद्यालय शिक्षा समिति विद्यालय के संपत्ति की सुरक्षा के प्रति अपनी जिम्मेवारी तय क्यों नहीं कर पा रही है? आखिर कब होगी चोरी पर अंकुश लगाने को लेकर उचित व्यवस्था?



## डॉ. बशीर बद्र व प्रो. अहमद सज्जाद को दी गई श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया ।** अंतर राष्ट्रीय स्तर के जदीद उर्दू के नामचीन शायर डॉक्टर स्व बसीर बदर और महान इस्लामिक स्कॉलर और अदारा अदब इस्लामी हिन्द के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व अहमद सज्जाद के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया ,शनिवार की देर शाम सर सैयद लाइब्रेरी अररिया में अदारा अदब इस्लामी अररिया के सौजन्य से इन दोनों महान विभूति के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता महान शिक्षाविद मो मोहसिन ने की जबकि दूसरे शेरी नशिस्त की सदारत उर्दू के महान शायर दीन रेजा अख्तर ने किया ,इस मौके पर कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने कहा कि डॉक्टर बसीर बदर साहब का निधन नव्वे वर्ष की आयु में पिछले दिनों हो गया था ,वो उर्दू के महान शायर के अलावा जदीद शायरी को लेकर पूरी दुनिया में अपनी एक अलग पहचान रखते थे ,उनकी हजारों शेर काफी लोकप्रिय हुई जिसमें वर्तमान हालात पर उन्होंने लिखा लोग टूट जाते हैं एक घर बनाने में ,तुम तरस क्यों नहीं खाते बस्तियां जलाने में ,काफी लोकप्रिय हुई,इसके अलावा उन्होंने आसान उर्दू भाषा में शायरी की जिसे सभी लोग आसानी से समझ जाते था ,वहीं दूसरी ओर इस अवसर पर अदारा अदब इस्लामी के पूर्व अध्यक्ष प्रो अहमद सज्जाद को भी श्रद्धांजलि दी गई ,मौके पर जिया मदनी के द्वारा अहमद सज्जाद के लिए लिखी गई ताजियती नज्म।



## योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमदाबाद (कटिहार)।** नवमनोनीत जदयू प्रखंड अध्यक्ष खुशबू कुमारी के आवास पर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिहार राज्य अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष सुरेन्द्र उरांव ने भाग लिया।बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रखंड अध्यक्ष खुशबू कुमारी एवं नगर अध्यक्ष संजीव कुमार साह को मनोनयन पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाना आवश्यक है।उपाध्यक्ष ने कहा कि जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकताओं की जिम्मेदारी है कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करें, ताकि पात्र लाभुक समय पर इसका लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।बैठक में जदयू जिला अध्यक्ष सूरज प्रकाश राय,भाजपा के वरिष्ठ नेता अभय सिंह,जदयू नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव कुमार साह, जदयू जिला महासचिव राज कुमार साह उर्फ राजू साह, शिवानंद सिंह,भाई मुजम्मिल सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।



# रेल राजस्व को नुकसान पहुंचाने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार रेलमंडल में बिना टिकट यात्रा एवं रेलवे नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध चलाए गए विशेष जांच अभियान ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। मई 2026 के दौरान वाणिज्य विभाग की ओर से चलाए गए सघन अभियान में 36,514 मामलों से कुल 3 करोड़ 83 लाख 31 हजार 343 रुपये का रेल राजस्व प्राप्त कर वाणिज्य विभाग ने एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड कायम करने में सफलता हासिल किया है। जो पिछले वर्ष मई माह की तुलना में 18.76 प्रतिशत अधिक है।कटिहार रेलमंडल में डीआरएम किरेंद्र नरह के निर्देश एवं सीनियर डीसीएम अनूप कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन में अभियान को बिहार और पश्चिम बंगाल क्षेत्र में अलग-अलग टीमों के माध्यम से संचालित किया गया। इस अभियान में डीसीएम कुमार जितेंद्र सिंह, एसीएम कटिहार निशांत कुमार, एसीएम न्यू जलपाईगुड़ी प्रीतिमय चौधरी सहित दर्जनों वाणिज्य कर्मी एवं सुरक्षा बल के जवान अलग अलग टीम का नेतृत्व कर रहे थे।सीनियर डीसीएम अनूप कुमार सिंह ने बताया कि कार्रवाई के दौरान बेटिकट यात्रा के अलावा महिला एवं दिव्यांग कोच में अनधिकृत यात्रा, पैंट्रीकार में बिना टिकट सफर, स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाने, रेल क्षेत्र में धूम्रपान करने तथा मटरगश्ती जैसे मामलों में भी जुमार्ना वसूला गया।उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधा और रेलवे की राजस्व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने यात्रियों से अपील की कि वे हमेशा उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें, क्योंकि बिना टिकट यात्रा करना एक दंडनीय अपराध है और पकड़े जाने पर जुमार्ने के साथ कानूनी कार्रवाई के तहत जेल की भी हवा खानी पड़ सकती है। कटिहार रेलमंडल में रिकॉर्ड राजस्व वसूली ने यह साबित कर दिया है कि रेलवे अब नियमों के उल्लंघन के प्रति ह्यजीरो टॉलरेंसह्न की नीति पर काम कर रहा है।



# बारिश में बह रहा डायवर्सन जान जोखिम में डालकर पुल पार कर रहे ग्रामीण

**रज्जीगंज-पचमा निमार्णाधीन पुल पर संवेदक की लापरवाही से बढ़ी परेशानी**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढा (कटिहार)।** कोढ़ा प्रखंड के फुलवरिया पंचायत अंतर्गत पचमा चौक से सेमापुर को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़क पर निमार्णाधीन पुल के पास बना डायवर्सन ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गया है। लगातार बारिश के कारण डायवर्सन पर पानी बहने लगा है, जिससे स्कूली बच्चों, किसानों, मजदूरों और आम राहगीरों को जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ रहा है।

ग्रामीण सड़क सुद्दढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत गंगा-दर्जिलिंग सड़क से जुड़ी करीब 9 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है, जिसकी प्राक्कलित राशि लगभग 18 करोड़ 92 लाख रुपये बताई जा रही है। इसी सड़क पर रज्जीगंज-पचमा के समीप पुराने पुल को तोड़कर नया



पुल बनाया जा रहा है। लेकिन वैकल्पिक व्यवस्था के नाम पर बनाया गया अस्थायी डायवर्सन अब लोगों के लिए खतरे का कारण बन गया है। स्थानीय लोगों में गौतम, महेश,रणजीत और उमाकांत ने आरोप लगाया है कि संवेदक द्वारा मानक के अनुरूप डायवर्सन नहीं बनाया गया। डायवर्सन में लगाया गया पाइप भी टूट चुका है, जिससे पानी का बहाव तेज हो गया है। कांग्रेस युवा मोर्चा के विधानसभा अध्यक्ष मुरारी कुमार दास ने कहा कि संवेदक की लापरवाही के कारण आम लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बताया कि पिछले दो माह पूर्व पुराने पुल को तोड़ दिया गया था और जल्दबाजी में बगल से अस्थायी डायवर्सन बना दिया गया। लगातार बारिश के बाद अब स्थिति और गंभीर हो गई है। खासकर स्कूली बच्चों के नदी में बहने या डूबने की आशंका से अभिभावकों में डर का माहौल है।घुरल सिंह, चंद्रशेखर महतो, परमानंद महतो एवं सदानंद महतो सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि यदि मानसून में भारी बारिश हुई तो तीन पंचायतों का संपर्क पूरी तरह बाधित हो सकता है। लोगों का आरोप है कि शिकायत करने पर संवेदक ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि प्राक्कलन में डायवर्सन निर्माण का प्रावधान नहीं है।स्थानीय समाजसेवी पुतुल झा ने जिला प्रशासन से अविलंब हस्तक्षेप कर सुरक्षित एवं स्थायी डायवर्सन निर्माण कराने की मांग की है, ताकि आम लोगों का आवागमन सुचारु हो सके और किसी बड़े हादसे से बचाव हो सके।

## बड़े-बड़े अर्थशास्त्री और आलोचक रह गए दंग, भारत ने दुनिया को फिर चौंका दिया

**नई दिल्ल, एजेंसी।** भारत ने उम्मीद से बेहतर आर्थिक विकास दर से एक बार फिर दुनिया को चौंका दिया है। ग्लोबल अनिश्चितता, तेल की ऊंची कीमतें, विदेशी निवेशकों की बिकवाली, रुपये की कमजोरी और पश्चिम एशिया में तनाव जैसी चिंताओं के बावजूद उसने जबरदस्त ग्रोथ दर्ज की है। शुक्रवार को ये दमदार आंकड़े जारी होते ही दोबारा भारत की चर्चा दुनिया में होने लगी। इस तेज आर्थिक रफ्तार उन आलोचकों और अर्थशास्त्रियों के लिए जवाब है जो लगातार सरकार की नीतियों की आलोचना करते रहे हैं। मजबूत निवेश, जोरदार कंस्ट्रक्शन और बैंकिंग गतिविधियां, घरेलू मांग में मजबूती, सर्विस सेक्टर में अच्छी ग्रोथ और बेहतर कृषि प्रदर्शन ने



अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस उपलब्धि की तारीफ करते हुए इसे सुधारों और 140 करोड़ भारतीयों की कड़ी मेहनत का नतीजा बताया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी अर्थव्यवस्था की मजबूत बुनियाद पर जोर दिया। हालांकि, अर्थशास्त्रियों ने चेतावनी दी है कि सब्सिडी की बढ़ती लागत और पश्चिम एशिया में लंबे समय तक जारी रहने वाली रुकावटें आने वाले महीनों में ग्रोथ के लिए चुनौतियां पैदा कर सकती हैं। बीते रोज ये आंकड़े उसके कुछ घंटे बाद आए जब सरकार ने विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए कई उपाय घोषित किए। इनमें विदेशी निवेशकों को सरकारी प्रतिभूतियों से होने वाली ब्याज आय और पूंजीगत लाभ पर टैक्स से छूट देने वाला एक अध्यादेश भी शामिल है। विदेशी संस्थागत निवेशकों को 12 महीने से अधिक समय तक रखे गए सरकारी बॉन्ड पर 12.5 फीसदी का लॉन्ग-टर्म कैपिटल गेन्स टैक्स देना पड़ता था। अगर बॉन्ड 12 महीने से कम समय के लिए रखा जाता था तो शॉर्ट-टर्म कैपिटल गेन्स टैक्स की दर 20 फीसदी थी। इन दोनों टैक्स को खत्म कर दिया गया है। सरकारी प्रतिभूतियों पर विदेशी निवेशकों की ओर से अर्जित ब्याज आय पर लगने वाले विदहोल्डिंग टैक्स को भी हटा दिया गया है। ये कदम विदेशी पूंजी के प्रवाह को बढ़ाने और उसके आउटफ्लो को रोकने के लिए उठाए गए हैं ताकि रुपये को सहारा मिल सके। साथ ही बढ़ते चालू खाता घाटे को नियंत्रित करने में मदद मिले। 28 फरवरी को ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से डॉलर के मुकाबले रुपये में लगभग 5 फीसदी की गिरावट आई है।

### घरेलू खर्च बना हुआ है मजबूत पिलर

घरेलू खर्च भारत की ग्रोथ स्टोरी के सबसे मजबूत स्तंभों में से एक है। कंज्यूमर गुड्स (उपभोक्ता वस्तुओं) पर ज्यादा खर्च परिवारों के बीच उनकी आय के स्तर और खर्च करने की क्षमता को लेकर मजबूत भरोसे का भी संकेत है। आंकड़े बताते हैं कि भू-राजनीतिक अनिश्चितता और उसके आर्थिक नतीजों के बावजूद यह भरोसा कम से कम इस साल मार्च तक बना हुआ है।

# भारत, चीन और अमेरिका ने टाला तेल का महातूफान, कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दशकों से तेल बाजार के विशेषज्ञ और विश्लेषक चेतावनी दे रहे थे कि होर्मुज जलडमरूमध्य का बंद होना दुनिया के लिए एक बहुत बड़ी आर्थिक तबाही साबित होगा। अब इस महत्वपूर्ण समुद्री रास्ते को ब्लॉक हुए तीन महीने से अधिक का समय हो चुका है। इसके बावजूद कच्चे तेल की कीमतें उस स्तर तक नहीं बढ़ी हैं, जैसा अनुमान लगाया गया था। होर्मुज बंद होने से आधुनिक इतिहास का सबसे बड़ा सप्लाई शॉक (आपूर्ति का संकट) माना जा रहा है। इसके बावजूद कुछ समय को छोड़कर कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे बनी हुई हैं। कुछ जानकारों ने अनुमान जताया था कि कच्चा तेल 200 या 300 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अमेरिका का रिकॉर्ड निर्यात फरवरी के अंत में ईरान पर हमले के बाद से अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा 'स्विंग सप्लायर' बनकर उभरा है।



मई में अमेरिकी कच्चे तेल और ईंधन का निर्यात पिछले साल के औसत से 20 लाख बैरल प्रति दिन अधिक रहा। इसके अलावा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रणनीतिक तेल भंडार से रोजाना 14 लाख बैरल की दर से रिकॉर्ड तेल जारी किया है। दुनिया के सबसे बड़े तेल आयातक देश चीन ने मई में तेल के आयात में पिछले साल के मुकाबले 40 प्रतिशत की भारी कटौती की है। चीन अब तेल के बजाय कोयले से केमिकल बनाने और देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की भारी बिक्री के कारण पेट्रोल-डीजल की कम खपत कर रहा है।

अमेरिकी प्रशासन ने कुछ प्रतिबंधित रूसी तेल पर छूट दी है, जिससे विशेष रूप से भारतीय रिफाइनरियों को बड़ा फायदा मिला है। भारत ने मई में रूस से 17.6 लाख बैरल प्रति दिन तेल खरीदा, जो फरवरी की तुलना में 63 प्रतिशत अधिक है। पैसिफिक इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट कंपनी के ग्रेग शेयरनो के मुताबिक, वैश्विक तेल का भंडार हर हफ्ते 7 से 8 करोड़ बैरल की दर से कम हो रहा है। अमेरिका का कुल तेल भंडार पिछले दो दशकों के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है।

विशेषज्ञों का मानना है कि जैसे ही चीन दोबारा अपनी सामान्य रफ्तार से तेल खरीदना शुरू करेगा, बाजार में हाहाकार मच सकता है।

### वैकल्पिक रास्ते और गुप्त शिपिंग

सऊदी अरब अपनी 'ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन' के जरिए लाल सागर तक तेल भेज रहा है, और यूएई 'फुजैराह पोर्ट' के जरिए खाड़ी के बाहर तेल पहुंचा रहा है। जीपीएस जैमिंग और गुप्त तरीकों का इस्तेमाल करके रोजाना 2 से 3 टैंकर अभी भी इस खतरनाक रास्ते (होर्मुज) से गुजर रहे हैं। लोग सोच रहे थे कि स्थिति बहुत खराब होगी। आज कच्चे तेल की कीमत 96 डॉलर प्रति बैरल है, जबकि लोग इसके 300 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचने की आशंका जता रहे थे। भले ही दुनिया ने इस संकट का बहादुरी से सामना किया है, लेकिन कमोडिटी दिग्गजों का मानना है कि यह राहत लंबे समय तक नहीं टिकने वाली।

# मौसम की मार... वियतनाम में चावल के दाम बढ़े

## बांग्लादेश में फसल को नुकसान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया में संभावित अल नीनो के असर को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच वियतनाम में चावल की निर्यात कीमतों में इस सप्ताह तेजी दर्ज की गई है। वहीं, बांग्लादेश में भीषण गर्मी और फसल को हुए नुकसान के कारण कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी हुई हैं। इसके विपरीत पर्याप्त स्टॉक और अच्छी आपूर्ति की वजह से भारत में चावल के दाम फिलहाल स्थिर हैं। रॉयटर्स के अनुसार वियतनाम के 5 प्रतिशत ब्रोकन (टूटे हुए) चावल की निर्यात कीमत इस सप्ताह बढ़कर 415-420 डॉलर प्रति टन हो गई, जबकि पिछले सप्ताह यह 405-410 डॉलर प्रति टन थी। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, वियतनाम ने मई में लगभग 9.25 लाख टन चावल का निर्यात किया, जो पिछले साल की समान अवधि से 19 प्रतिशत अधिक है। वहीं, इस साल के पहले पांच महीनों में कुल निर्यात बढ़कर 43 लाख टन पहुंच गया, जो सालाना आधार पर 2.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।



**अल नीनो को लेकर बढ़ी आशंका**

विश्व मौसम विज्ञान संगठन के अनुसार, जून से अगस्त के बीच अल नीनो विकसित होने की संभावना 80 प्रतिशत है, जबकि इसके नवंबर तक बने रहने की संभावना 90 प्रतिशत आंकी गई है। वियतनाम के एक ट्रेडर ने बताया कि एशिया में अल नीनो के कारण उत्पादन प्रभावित होने की आशंका से बाजार में तेजी का माहौल है। वियतनाम पहले भी खराब मौसम की मार झेलता रहा है, इसलिए व्यापारी संभावित सप्लाई संकट को लेकर सतर्क हैं। बांग्लादेश में हल्की से मध्यम स्तर की हीटवेव के कारण चल रही धान कटाई प्रभावित हो रही है। किसानों का कहना है कि बढ़ते तापमान से फसल की पैदावार घट रही है और पौधों में तेजी से नमी की कमी हो रही है। इसके अलावा, प्री-मानसून की भारी बारिश से 2 लाख टन से अधिक चावल की फसल को नुकसान पहुंचा है, जिससे आपूर्ति पर अतिरिक्त दबाव बन गया है। जिससे चावल के दाम भी मजबूत बने हुए हैं। हालांकि, बाजार की नजर अब अगले लगभग तीन महीनों में आने वाली नई फसल पर है, जिससे अल नीनो के वास्तविक प्रभाव का बेहतर आकलन हो सकेगा।

### भारत में कीमतें स्थिर

भारत के 5 प्रतिशत ब्रोकन परबॉयल्ड चावल की कीमत बीते सप्ताह 337-345 डॉलर प्रति टन पर स्थिर रही। वहीं, 5 प्रतिशत ब्रोकन व्हाइट राइस का भाव 338-344 डॉलर प्रति टन रहा। नई दिल्ली के एक निर्यातक के मुताबिक, अन्य प्रमुख निर्यातक देशों के पास सीमित अतिरिक्त स्टॉक है और वे अगले सीजन में अल नीनो के कारण उत्पादन घटने की आशंका में कीमतें बढ़ा रहे हैं। दूसरी ओर भारत में पर्याप्त उपलब्धता के कारण कीमतों में स्थिरता बनी हुई है। लगभग 450 डॉलर प्रति टन रही। बैंकॉक के व्यापारियों के अनुसार, पशु आहार में इस्तेमाल होने वाले टूटे चावल की कीमत बढ़ने से उत्पादन लागत बढ़ी है।

# रुपये के 100 तक टूटने का डर खत्म, आरबीआई के बड़े फैसलों से आ सकता है 75 अरब डॉलर का निवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया पिछले काफी समय से गिर रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक इसकी गिरावट रोकने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। केंद्रीय बैंक की ओर से उठाए गए नीतिगत कदमों को रुपये के प्रति बाजार के नजरिए को बदलने के एक बड़े प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। इसका मकसद रुपये की गिरावट की चिंताओं को दूर कर देश में विदेशी पूंजी प्रवाह को बढ़ाना है।

शुक्रवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.18 पर बंद हुआ था। हाल में यह 97 के करीब पहुंच गया था। साल 2026 में अब तक डॉलर 7 फीसदी से ज्यादा गिर गया है। कई दिग्गज फर्मों को उम्मीद है कि सरकार की ओर से उठाए जा रहे कदमों के कारण देश में 75 अरब डॉलर तक का निवेश आ सकता है। यह भी रुपये की गिरावट को रोकने में कारगर होगा। एसबीआई रिसर्च का अनुमान है कि कम से कम 40 अरब डॉलर का निवेश भारत आ सकता है। इससे रुपया मजबूत होकर 92-93 के स्तर पर पहुंच सकता है। कोटक सिक्योरिटीज का मानना है कि यह निवेश और भी अधिक यानी करीब 50 से 75 अरब डॉलर तक हो सकता है।



### निवेश बढ़ाने के लिए उठाए गए 4 कदम

रुपये को मजबूती देने और विदेशी निवेशकों को लुभाने के लिए केंद्रीय बैंक आरबीआई ने ये प्रमुख 4 कदम उठाए हैं: फुली एक्सेसिबल रूट का दायरा बढ़ाकर इसमें 15, 30 और 40 साल के सरकारी बॉन्ड शामिल किए गए हैं। साथ ही इसमें शॉर्ट-मैच्योरिटी कैप को हटा दिया गया है। इससे विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की भागीदारी बढ़ेगी। कोटक सिक्योरिटीज के अनुसार एनआरआई और ओसीआई के लिए इक्विटी निवेश के नियमों को आसान बनाया गया है। विदेशी मुद्रा अनिवासी जमा पर 3 से 5 साल के लिए हेजिंग लागत का पूरा खर्च (2.5 प्रतिशत सालाना) 30 सितंबर 2026 तक खुद उठाएगा। इससे बैंक ग्राहकों को 5.5 प्रतिशत से अधिक ब्याज दे पाएंगे, जिससे भारी मात्रा में डॉलर देश में आने की उम्मीद है। विदेशी मुद्रा देश में जल्दी लाने के लिए निर्यात से होने वाली कमाई को वापस भारत लाने की समयसीमा को 15 महीने से घटाकर 9 महीने कर दिया है।

**क्या 100 तक पहुंचेगा रुपया:** केंद्रीय बैंक ने साफ किया है कि रुपये की चाल मौजूदा बुनियादी आर्थिक स्थितियों से अलग हो सकती है। इसलिए रुपये के टूटकर 100 के स्तर पर जाने की आशंकाएं पूरी तरह बेबुनियाद हैं।

# क्रूड के दाम में सुस्ती, चेन्नई में पेट्रोल 107 तो डीजल 99 के पार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीते सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस के दौरान लगातार दो दिनों तक कच्चा तेल सस्ता ही हुआ है। मानक ब्रेंट क्रूड के दाम 93 डॉलर प्रति बैरल तक गिरे गए है। लेकिन भारत में पेट्रोल-डीजल बेचने वाली सरकारी तेल कंपनियां ने आज यानी रविवार, 7 जून 2026 को भी दाम में कोई बदलाव नहीं किया। पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव बीतने के बाद ही पेट्रोलियम कंपनियों ने 11 दिनों में चार बार दाम बढ़ा चुकी है। सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों ने सबसे पहले 15 मई 2026 को पेट्रोल 3 रुपये और डीजल 3.29 पैसे महंगा किया था। इसके बाद 19 मई को पेट्रोल 87 पैसे तो डीजल 91 पैसे, 23 मई 2026 को पेट्रोल 87 पैसे तो डीजल 91 पैसे और 25 मई 2026 को पेट्रोल 2.61 रुपये और डीजल 2.71 रुपये महंगा किया था। 4




महानगरों में पेट्रोल का दाम तेल कंपनियों की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली में आज पेट्रोल 102.12 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। कोलकाता में इसकी कीमत 113.51 रुपये, मुंबई में 111.21 रुपये और चेन्नई में 107.77 रुपये है। एक अनुमान के मुताबिक क्रूड ऑयल महंगा होने से सरकारी तेल कंपनियों को रोजाना पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और जेट फ्यूल पर करीब 750 करोड़ रुपये का घाटा हो रहा है।

सरकारी ऑयल कंपनियों के मुताबिक बुधवार को दिल्ली में डीजल का प्रति लीटर दाम 95.20 रुपये है। कोलकाता में यह 99.02 रुपये, मुंबई में 97.83 रुपये और चेन्नई में 99.55 रुपये प्रति लीटर है। कच्चे तेल की कीमत में हाल में काफी बढ़ोतरी हुई है। ईरान युद्ध शुरू होने के बाद यह करीब 50 फीसदी महंगा हो गया है। इस सप्ताह कच्चे तेल के बाजार में नरमी का रूख रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सप्ताह के अंतिम दो दिनों के दौरान मानक ब्रेंट क्रूड के दाम घटे हैं। अंतिम कारोबारी दिवस पर तो इसके दाम में 2.04 फीसदी या 1.94 डॉलर की कमी दिखी।

# होर्मुज बंद होने से अमेरिका को सबसे ज्यादा फायदा, दिग्गज का चौंकाने वाला दावा, बड़ी चेतावनी दे दी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने से अमेरिकी एनर्जी कंपनियों को सबसे ज्यादा फायदा हुआ है। रोसनेफ्ट के चीफ एग्जीक्यूटिव इगोर सेचिन ने शनिवार को यह दावा किया। साथ ही, उन्होंने चेतावनी दी कि इस अहम शिपिंग रूट में लंबे समय तक रुकावट से ग्लोबल ऑयल की मांग कम हो सकती है। इससे वैकल्पिक एनर्जी सोर्स में दिलचस्पी बढ़ने के आसार हैं। रॉयटर्स के अनुसार, सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम में सेचिन ने कहा कि इस अहम समुद्री रास्ते के बंद होने से एनर्जी मार्केट में ऐसे बदलाव आए हैं जिनसे अमेरिका को फायदा हुआ है। होर्मुज के रास्ते बड़ी मात्रा में कच्चे तेल की सप्लाई होती है। सेचिन ने कहा, 'जाहिर है, इसका सबसे ज्यादा फायदा अमेरिकी कंपनियों को हुआ, जिन्हें बिना किसी कॉम्पिटिशन के फायदे मिले और महंगी सप्लाई हासिल करने की क्षमता मिली।' उन्होंने होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने को 'अमेरिका को फायदा पहुंचाने के लिए ग्लोबल एनर्जी मार्केट के नियमों को बदलने की कोशिश' बताया। कहा कि ईरान को निशाना बनाने के लिए उठाए गए कदमों का पूरी दुनिया पर उल्टा असर पड़ा। इससे जुड़े रणनीतिक जोखिमों को कम करके आंका गया। सेचिन ने चेतावनी दी कि होर्मुज स्ट्रेट के आसपास लगातार अस्थिरता से ग्लोबल एनर्जी सेक्टर पर बड़े



असर पड़ सकते हैं। उन्होंने कहा, 'होर्मुज स्ट्रेट में लंबे समय तक तनाव रहने से तेल की लॉन्ग-टर्म मांग कम हो सकती है। इससे वैकल्पिक एनर्जी में दिलचस्पी भी बढ़ सकती है।' रॉयटर्स के अनुसार, ये प्रतिक्रियाएं तब आई हैं जब फरवरी में अमेरिका और इजरायल के हमलों के बाद ईरान ने इस स्ट्रेट को ब्लॉक कर दिया था, जबकि अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों पर नाकेबंदी कर दी थी। स्ट्रेट खुला हो कीमतें कम होने के आसार सेचिन ने कहा कि अगर निकट भविष्य में होर्मुज स्ट्रेट फिर से खुलता है तो ऑयल की कीमतें धीरे-धीरे कम हो सकती हैं। इस साल के अंत तक कच्चे तेल की कीमतें 95-96 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहेंगी। एक साल के भीतर गिरकर 80-85 डॉलर प्रति बैरल हो जाएंगी। 2027 की दूसरी छमाही तक मार्केट के सामान्य हालात पर लौट आएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि चीन इस संकट के लिए ज्यादातर देशों की तुलना में बेहतर ढंग से तैयार दिख रहा है। इसकी वजह उसकी अच्छी तरह से योजनाबद्ध सरकारी नीति है। हालांकि, उन्होंने चेतावनी दी कि समुद्र के दूसरे अहम रास्तों (चोकपॉइंट्स) - जैसे मलक्का, बाब अल-मंदेब और जिब्राल्टर स्ट्रेट - पर भी रुकावट का खतरा हो सकता है। जिसकी भरपाई के लिए कम से कम 10 ट्रिलियन रूबल के जरूरी निवेश की आवश्यकता होगी।' उन्होंने आगे कहा कि रूस भविष्य में सदस्य देशों के साथ निवेश के मामले में बेहतर सहयोग की उम्मीद करता है।

### दुनिया के सामने मौजूद बड़ी चुनौतियां

अंत की शुरुआत या शुरुआत का अंत: पंडोरा बॉक्स में आखिर क्या बचा है' नाम के शीर्षक वाली स्पीच में सेचिन ने कहा कि दुनिया बढ़ती चुनौतियों का सामना कर रही है। इनमें सैन्यीकरण, वित्तीय बाजार के जोखिम और जरूरी संसाधनों की संभावित कमी शामिल है। उन्होंने कहा, 'बक्से के तल में हमें निश्चित रूप से बिजली, भोजन, तांबे और अन्य धातुओं व पानी की वैश्विक कमी देखने को मिलेगी।' रॉयटर्स के अनुसार, सेचिन ने समूह की प्रभावशीलता पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और कतर जैसे देशों के बाहर निकलने के बाद इस समूह की क्षमता का कुछ हिस्सा कम हो गया है। उन्होंने बताया कि पिछले दशक में गठबंधन का उत्पादन 58 मिलियन बैरल प्रतिदिन से घटकर 37 मिलियन बैरल प्रतिदिन रह गया है। रोसनेफ्ट प्रमुख ने कहा कि 2016 में समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद से जहां ज्यादातर प्रमुख सदस्यों ने उत्पादन बढ़ाया है। वहीं रूस का तेल उत्पादन 1.5 मिलियन बैरल प्रतिदिन कम हुआ है। सेचिन ने कहा, 'यह 15 प्रतिशत की गिरावट है।

## मैं उस बिजनेस को कैसे छोड़ दूं, छोटी सी दुकान से आज घर-कार सबकुछ, ऐसे बने मर्जी के मालिक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजू चौरसिया उत्तर प्रदेश के महोबा से हैं। उन्होंने छोटी सी पान की दुकान से अपनी अलग पहचान बनाई है। इस दुकान से उन्हें वह सबकुछ मिला है जिसकी लोग चाहत रखते हैं। इनमें घर, कार और लाखों की संपत्ति शामिल है। दिलचस्प यह है कि खूब धन-दौलत वाला हो जाने के बाद भी उन्होंने अपनी साधारण पान की दुकान कभी नहीं छोड़ी। आइए, यहां राजू चौरसिया की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं। यूपी के महोबा के रहने वाले राजू चौरसिया पिछले 36 सालों से पान बेचते हैं। आर्थिक रूप से मजबूत होने के बावजूद वह छोटे-छोटे मेलों में पान की दुकान लगाते हैं। सिर्फ 10 रुपये में पान की बिक्री करते हैं। ग्राहकों को प्यार और अपनापन दिखाते हैं। उनके लिए पान पिछले तीन दशकों से उनकी पहचान रहा है। राजू चौरसिया ने 15 साल की उम्र में पान लगाना शुरू किया था। वह साल 1989 से इस काम में हैं। उन दिनों एक पान की कीमत सिर्फ 50 पैसे हुआ करती थी। वह अक्सर कहते हैं, 'मैं उस बिजनेस को कैसे छोड़ सकता हूं जिसने मुझे बनाया और मेरे परिवार का सहारा बना' आज उनके पास अपना घर है। वह महंगी कार चलाते हैं। उनके बच्चे अपने-अपने बिजनेस में सेटल हो चुके हैं। फिर भी राजू मेलों में अपनी पान की दुकान लगाना नहीं भूलते। वैसे तो वह उत्तर प्रदेश के महोबा के रहने वाले हैं। लेकिन, राजू अक्सर छतरपुर के मेलों में जाते हैं, जहां वह काफी मशहूर हैं। उनकी दुकान उत्तर प्रदेश से लेकर मध्य प्रदेश तक के इलाकों में लगती है। जैसे ही लोगों को पता चलता है कि राजू चौरसिया की दुकान खुल गई है, वे अपने दोस्तों के साथ उनके पान का मजा लेने पहुंच जाते हैं।

# आलू कारोबारी को मिला दिल्ली पुलिस का नोटिस

## साइबर ठगी की रकम का लगाया जा रहा कयास

### जांच में मनी लांड्रिंग के जुड़ सकते हैं तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जामताड़ा।** साइबर ठगी के लिए देशभर में प्रसिद्ध हो चुके जामताड़ा में अब ठगी की रकम की मनी लांड्रिंग के तार यहां के बड़े कारोबारी से जुड़ते नजर आ रहे हैं। शुक्रवार की सुबह दिल्ली वेस्ट साइबर थाने की पुलिस जामताड़ा के आलू कारोबारी दीपक अग्रवाल के न्यू टाउन स्थित आवास पर पहुंची।

बताया जा रहा है कि मामला साइबर ठगी के पैसों के लेनदेन और इन पैसों की मनी लांड्रिंग से जुड़ा है। दिल्ली साइबर थाने की पुलिस ने इस मामले से संबंधित एक नोटिस भी दीपक अग्रवाल के घरवालों को सौंपा है। बताया जा रहा है कि



मामला लाखों रुपये की मनी लांड्रिंग से जुड़ा है। जामताड़ा टाउन थाना प्रभारी मनोज कुमार महतो ने बताया कि दिल्ली वेस्ट साइबर थाने की पुलिस जामताड़ा पहुंची थी। जामताड़ा टाउन थाने की पुलिस के सहयोग से यह नोटिस कारोबारी के घर सौंपा गया है। मामला दिल्ली की पुलिस की पुलिस से जुड़ा है और दिल्ली पुलिस ही पूरे मामले की गहन पड़ताल में जुड़ी है।

दिल्ली पुलिस के अनुसार लाखों रुपये की लेनदेन की आशंका को देखते हुए आलू कारोबारी घर यह नोटिस सौंपा गया है। गहन पूछताछ और खातों में हुए ट्रांजेक्शन डिटेल्स के बाद ही कितने पैसों का लेनदेन हुआ यह सही-सही आंकलन हो सकेगा।

वहीं विश्वस्त पुलिस सूत्रों की मानें तो इस मामले में जामताड़ा के कुछ और कारोबारियों के भी नाम जुड़ने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल मामला दिल्ली पुलिस के पास के पास है और वहां की पुलिस टीम मामले की पड़ताल कर रही है।

# मंत्री के क्लीनिक पर चला बुलडोजर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीतामढ़ी।** शहर के रिंग बांध पर सड़क निर्माण और चौड़ीकरण कार्य को गति देने के लिए जिला प्रशासन ने रविवार को बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। लखनदेई पुल के उत्तरी भाग में बुलडोजर के जरिए चिन्हित अवैध निमार्णों को हटाया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई के दौरान कई पक्के ढांचे ध्वस्त किए गए।

अभियान के दौरान सबसे अधिक चर्चा का विषय राज्य सरकार की समाज एवं बाल कल्याण मंत्री सह शिवहर की जदयू विधायक डॉ. श्वेता गुप्ता के नर्सिंग होम की चहारदीवारी रही। प्रशासन ने चिन्हित अतिक्रमण के दायरे में आने के कारण बुलडोजर से दीवार को ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई ने इलाके में लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान एक अप्रिय घटना भी हुई। बुलडोजर अभियान के समय एक पोल अचानक गिर गया, जिसकी चपेट में आने से वहां तैनात एक महिला पुलिसकर्मी आंशिक रूप से घायल हो गई।

# सरकारी शिक्षक की बेरहमी से हत्या, ट्रैक पर फेंका शव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

बेलागंज। गया-पटना मुख्य रेलमार्ग पर अपराधियों ने कानून व्यवस्था को धता बताते हुए एक सरकारी शिक्षक की बेरहमी से हत्या कर दी। घटना चाकंद और बेलागंज रेलवे स्टेशन के बीच की है,जहां रविवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में पटरी के किनारे झाड़ियों से एक युवक का शव बरामद किया गया। मृतक की शिनाख्त बुनियादीगंज थाना क्षेत्र के अलीपुर गांव निवासी मोहम्मद खैरूउद्दीन (36 वर्ष) के रूप में हुई है।

वे गया नगर निगम के वार्ड संख्या 48 स्थित पठान टोली प्राथमिक विद्यालय में सरकारी शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। अपराधियों के दुस्साहस का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बरामदगी के वक्त मृतक के दोनों पैर एक गमछे से कसकर बंधे हुए थे।



शव की स्थिति को देखकर प्रथम दृष्टया यह साफ प्रतीत हो रहा है कि अपराधियों ने किसी अन्य सुरक्षित स्थान पर शिक्षक मोहम्मद खैरूउद्दीन की गला दबाकर या बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या की है। इसके बाद मामले को ट्रेन से कटकर हुई दुर्घटना का रूप देने और साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को चाकंद और बेलागंज के बीच रेलवे ट्रैक पर लाकर फेंक दिया गया। हालांकि, पैर बंधे होने के कारण अपराधियों की यह साजिश नाकाम रही और मामला पूरी तरह हत्या का नजर आ रहा है।

घटना की खबर मिलते ही मृतक शिक्षक के घर में चीख-पुकार मच गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इधर, सूचना पाकर बेलागंज पुलिस और जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। पुलिस आपसी रंजिश, लूटपाट का विरोध या किसी पुराने विवाद समेत सभी संभावित बिंदुओं पर गहन छानबीन कर रही है।

# दूसरे दिन भी अस्पताल, होटल और रेस्टोरेंटों की हुई जांच

## संचालकों में हड़कम्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** आज जिला अग्निशमन विभाग नवादा के अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में दूसरे दिन निजी अस्पताल, होटल और रेस्टोरेंट का जांच अभियान जारी रहा। जांच के क्रम में अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी के साथ अग्निशमन विभाग नवादा के दैनिक प्रभारी भूषण कुमार समेत अन्य कर्मी शामिल थे।

बता दें कि गुरुवार को मुजफ्फरपुर के एक निजी अस्पताल में आगलगी की घटना के बाद विभाग के उच्च अधिकारी के निर्देश पर अस्पताल, होटल और रेस्टोरेंट में अग्नि सुरक्षा को लेकर उपलब्ध उपकरण की जांच की जा रही है।

शुक्रवार को पहले दिन जिला मुख्यालय स्थित चार होटल और दो निजी अस्पताल की जांच की गई थी। शनिवार को दूसरे दिन अग्निशमन विभाग की टीम द्वारा नवादा शहर के न्यू साईं नाथ हास्पिटल रसूल नगर नवादा, बुद्धा इमरजेंसी हॉस्पिटल बुधौल, सिटी हॉस्पिटल नवादा, केशव कपूर मेमोरियल हॉस्पिटल नवादा, साईं नाथ हॉस्पिटल तीन नंबर बस पड़ाव नवादा के अलावा गणपति रेस्टोरेंट सदभावना चौक नवादा, कावेरी कॉटेज गया रोड नवादा, होटल गिरिजा पैलेस एवं होटल सदभावना पैलेस नवादा आदि की जांच की गई।

इसके साथ ही सभी संस्थान के संचालक को नोटिस जारी कर अग्निशमन नियमों का पालन करने का निर्देश दिया गया। अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी नवादा प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि विभाग के निदेर्शानुसार सभी अस्पताल, होटल और रेस्टोरेंट में उपलब्ध अग्निशमन यंत्र की जांच की जा रही है। अग्निशमन नियमों का अनुपालन करने का निर्देश करने के साथ नोटिस जारी किया जा रहा है। इसके बाद भी अगर निमयों का पालन नहीं किया गया तो कार्रवाई की जाएगी।

# कई जिलों में आंधी पानी की संभावना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में मौसम परिवर्तन होने से लोगों को गर्मी से निजात मिली है। कहीं तेज हवाओं और आंधी-तूफान के साथ भारी बारिश हो रही है, तो कहीं रात का तापमान बढ़ने से लोग उमस और गर्मी से परेशान हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार, राज्य में अगले कुछ दिनों तक मौसम का मिजाज इसी तरह का बना रहेगा।

मौसम विभाग के अनुसार सारण, बक्सर, कैमूर, औरंगाबाद, रोहतास, गया, नालंदा, वैशाली, पटना, शेखपुरा, जमुई, लखीसराय में 8 जून को आंधी-बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। भागलपुर और बांका में भारी बारिश की संभावना है। क्टऊके मुताबिक, 9-10 जून को राज्य के कई जिलों में भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटों के दौरान बिहार के कुछ हिस्सों में झमाझम बारिश दर्ज की गई है। नवादा जिले में 7 सेंटीमीटर (भारी वर्षा) रिकॉर्ड की गई है।

# रैगिंग की शिकायत से कालेज प्रशासन में हड़कम्प

## छात्र ने एनएमसी से की थी ऑनलाइन शिकायत ➲ एंटी रैगिंग कमेटी ने शुरू की पूछताछ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** महात्मा गांधी मेमोरियल (एमजीएम) मेडिकल कॉलेज में एक बार फिर रैगिंग का मामला सामने आने से मेडिकल शिक्षा संस्थान की व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं।

एमबीबीएस प्रथम वर्ष के एक छात्र ने अपने कुछ सीनियर छात्रों के खिलाफ नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) को आनलाइन शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत मिलने के बाद एनएमसी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कालेज प्राचार्य से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है।

शिकायत में छात्र ने आरोप लगाया है कि हॉस्टल में कुछ सीनियर छात्रों द्वारा उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। साथ ही हॉस्टल में आवंटित कमरे को लेकर भी मनमानी की जा रही है।

छात्र का कहना है कि कालेज प्रबंधन द्वारा आवंटित कमरे के बजाय सीनियर छात्र अपनी इच्छा के अनुसार कमरा लेने का दबाव बना रहे हैं।

मामले की गंभीरता को देखते हुए दो दिन पहले जमशेदपुर के एसडीओ अर्णव मिश्रा और पटमदा डीएसपी दयानंद कुमार एमजीएम मेडिकल कालेज पहुंचे थे।

दोनों अधिकारियों ने कालेज परिसर और छात्रावास की स्थिति का जायजा लेने के साथ-साथ सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की थी। प्रशासन यह पता लगाने का प्रयास कर रहा है कि शिकायत में लगाए गए आरोपों में कितनी सच्चाई है।

शनिवार को कॉलेज की एंटी रैगिंग कमेटी ने भी मामले की जांच तेज कर दी। कमेटी के सदस्यों ने कई सीनियर छात्रों को बुलाकर पूछताछ की और घटनाक्रम की जानकारी जुटाई।

कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि छात्र के हितों को ध्यान में रखते हुए




पूरी संवेदनशीलता के साथ जांच की जा रही है ताकि किसी भी छात्र को अनावश्यक परेशानी न हो। हालांकि प्रारंभिक जांच में अभी तक आरोपों की पुष्टि नहीं हो सकी है।

कालेज प्रशासन का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी कालेज में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा रैगिंग संबंधी शिकायतें की गई थीं, लेकिन जांच में उनके समर्थन में कोई ठोस प्रमाण नहीं मिला था।

# दो दिवसीय सत्संग के अंतिम दिन श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** महर्षि मेंही आश्रम शबरी कुटिया मुरहू में दो दिवसीय सत्संग कार्यक्रम के अंतिम दिन अपने प्रवचन में स्वामी प्रमोद जी महाराज ने कहा कि दुनिया में सभी सुख-शांति चाहते हैं, लेकिन मूल बातें नहीं समझने के कारण दुःखी रहते हैं। शास्त्रों में कहा गया है कि सद्गुरु के वचनों पर विश्वास करके, बताएं मार्ग पर चलकर भक्ति करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि परमात्मा परम पिता हैं, बिना उनके भक्ति के शांति नहीं मिलती है, गुरु की सेवा करने से सभी देवी-देवताओं की सेवा हो जाती है, जैसे वृक्ष के जड़ में पानी डालने से सभी पत्तों तक पहुंच जाता है।

उन्होंने भगवान बुद्ध और भक्त ध्रुव का उदाहरण देते हुए भक्ति के मार्ग को सरलतम ढ़ंग से समझाया। उन्होंने कहा कि सत्संग ईश्वर की



कृपा से ही मिलता है। सोना को जंग नहीं लगता,लोहे को घून नहीं लगता, उसी प्रकार गुरु की चेताई आत्मा कभी नर्क या दुःख नहीं पाती है। स्वामी डा निर्मलानंदजी महाराज ने कहा कि जिसके जीवन में गुरु नहीं,उसका जीवन शुरू नहीं। परमात्मा मेहंदी में लाली,दूध में घी और फूलों में सुगंध की तरह व्याप्त हैं, इन्हें भक्ति मार्ग से प्राप्त किया जा सकता है। स्वामी लक्ष्मण जी महाराज ने कहा कि संत के मन में दयाभाव रहता है,उनकी वाणी अकाट्य होती है। भक्ति का सही मार्ग बताते हैं।

स्वामी नरेंद्रानंद जी महाराज ने कहा कि सत्संग हमारे अंदर की बुराइयों को समाप्त कर देता है, सत्संगी निंदा - शिकायत की परवाह नहीं करते हैं,बस हाथी की तरह अपने राह चलते हैं। स्वामी सत्यानंद बाबा ने कहा कि पृथ्वी के नीचे जल है पर जहां तहां खोदने से नहीं, एक ही जगह खोदते रहने से मिलता है,उसी तरह भक्ति मनोयोग पूर्वक करनी चाहिए। स्वामी अखिलेश बाबा, स्वामी राजेन्द्र बाबा, स्वामी लाहिरी बाबा, मुरली धर बाबा,दिगंबर बाबा,सोमनाथ ब्रह्मचारी, बिरसा ब्रह्मचारी ने भी ईश्वर प्राप्ति और खुशहाल जीवन के लिए गुरु भक्ति को सर्वश्रेष्ठ बताया। मौके पर डॉ धर्मेंद्र नाथ तिवारी, संजय सत्संगी, सगुन दास, बीरु कुमार, गणपति ठाकुर, सुबोध कुमार, जगन्नाथ मुंडा, ध्रुवेन्द्र भास्कर, कांडे मुंडा, राम हरि साव,धर्मेंद्र ठाकुर, सुनील रजक, सुरेश पंडित, डॉ रमेश वर्मा, डॉ महेंद्र प्रसाद, सूरजमल प्रसाद,मुटरु मुंडा,गोला मुंडा, सूरजलाल, राजकुमार, दिलीप सिंह, उपेन्द्र नाथ गोप, संतोष गुप्ता सोनामुनी देवी, सुलेखा कुमारी,गांगी देवी आदि उपस्थित थे ।

# बेली ब्रिज हुआ चालू

**भागलपुर।** उत्तर और दक्षिण बिहार को जोड़ने वाली विक्रमशिला सेतु पर आखिरकार 35 दिनों बाद वाहनों का आवागमन फिर से शुरू हो गया। रविवार सुबह बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री इंजीनियर कुमार शैलेंद्र ने नवनिर्मित बेली ब्रिज का उद्घाटन किया। इसके साथ ही एक माह से अधिक समय से बाधित यातायात बहाल हो गया और लाखों लोगों को राहत मिली।

विक्रमशिला सेतु पर गाड़ियों की आवाजाही शुरू होते ही लोगों के चेहरे खिल उठे। पिछले 35 दिनों से आवागमन बाधित रहने के कारण यात्रियों, व्यापारियों और स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। पुल खुलने के बाद पूरे इलाके में राहत और उत्साह का माहौल देखने को मिला। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए पथ निर्माण मंत्री इंजीनियर कुमार शैलेंद्र ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश और संकल्प के अनुरूप विक्रमशिला सेतु को पुनः जनता के लिए समर्पित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्य में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) का विशेष योगदान रहा।

# पत्नी व ससुर पर लगाया लाखों की ठगी का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** रातू थाना क्षेत्र में पारिवारिक रिश्तों से जुड़ा एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। भारतीय वायुसेना के एक अधिकारी ने अपनी पत्नी और ससुर पर 23 लाख रुपये से अधिक की ठगी करने का आरोप लगाते हुए रातू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पीड़ित अधिकारी के अनुसार, शादी के बाद पारिवारिक जरूरतों और विभिन्न आर्थिक कारणों का हवाला देकर पत्नी और ससुर ने कई बार रुपये लिए।

रिश्ते और भरोसे के कारण उन्होंने अलग-अलग समय पर रकम दी। अधिकारी का आरोप है कि धीरे-धीरे यह राशि 23 लाख रुपये से अधिक हो गई।

उन्होंने बताया कि जब उन्होंने अपनी रकम वापस मांगनी शुरू की तो उन्हें लगातार आश्वासन दिया जाता रहा कि जल्द ही पैसे लौटा दिए जाएंगे। हालांकि काफी समय बीत जाने के बावजूद राशि वापस नहीं की गई। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया। अधिकारी का कहना है कि उन्होंने पहले आपसी बातचीत के माध्यम से मामला सुलझाने का प्रयास किया, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला।काफी इंतजार के बाद जब उन्हें लगा कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है, तब उन्होंने रातू थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस बैंक खातों से जुड़े लेन-देन, दस्तावेजों और अन्य साक्ष्यों की जांच कर रही है। साथ ही दोनों पक्षों के बयान भी दर्ज किए जाएंगे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामला पारिवारिक संबंधों और आर्थिक लेन-देन से जुड़ा हुआ है।

ऐसे में सभी पहलुओं की बारीकी से जांच की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस बैंकिंग रिकार्ड, लेन-देन से जुड़े दस्तावेज और अन्य साक्ष्य जुटाने में लगी हुई है। जांच पूरी होने के बाद ही आरोपों की सत्यता और संबंधित लोगों की भूमिका स्पष्ट हो सकेगी।

# वार्डों में खुलेंगे पुस्तकालय

**गयाजी।** नगर निगम सभागार में शनिवार को मेयर वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में सशक्त स्थायी समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में चुनाव जीतकर आए नवनिर्वाचित सदस्यों ने भाग लिया।

मेयर ने बैठक में घोषणा की कि नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में पुस्तकालय खोले जाएंगे, जिससे छात्रों के पठन-पाठन को बढ़ावा मिलेगा। इन पुस्तकालयों में विभिन्न प्रकार की किताबें उपलब्ध रहेंगी, जिससे वर्ग छह से लेकर उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्र आराम से बैठकर अध्ययन कर सकेंगे।

# अधूरी योजना को पूर्ण दिखाकर राशि की निकासी

## लोगों में रोष, जांच की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुमला।** चैनपुर प्रखंड की बेंदोरा पंचायत में मनरेगा योजना के तहत कूप निर्माण कार्य में अनियमितताओं का मामला सामने आया है।

ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया है कि वित्तीय वर्ष 2021 से 2023 के बीच किसानों की सिंचाई सुविधा के लिए स्वीकृत कई कुएं आज भी अधूरे पड़े हैं, जबकि मनरेगा पोर्टल पर उन्हें पूर्ण दर्शाकर राशि की निकासी कर ली गई है।

ग्रामीणों के अनुसार लाभुकों ने कई बार संबंधित मेठ और कर्मियों से निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की, लेकिन कोई पहल नहीं की गई। बाद में जब ग्रामीणों ने मनरेगा पोर्टल की जानकारी देखी तो पाया कि संबंधित कुओं को शत-प्रतिशत पूर्ण दिखाया गया है। इससे लाभुकों में नाराजगी बढ़ गई है।

ग्रामीणों के अनुसार हर्रा, हर्रा अंबाकोना, हर्रा कसीरा, पतराटोली टिनटांगर, बेंदोरा और बम्हनी गांवों के कई लाभुकों के कुएं अधूरे हैं। इनमें सिरोमणि राम, महजु गोप, रामदेव चीक बड़ाईक, यूजिन तिग्गा, करिश्तोफर तिर्की, सुरेश तिर्की, बिपइत गोप, समीर करकेट्टा, राजेंद्र नायक, मरियनुस करकेट्टा और अन्य लाभुक शामिल हैं।

ग्रामीणों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई तथा अधूरे निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा कराने की मांग की है।

# राष्ट्र सेविका समिति, झारखंड प्रांत का 15 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

***नवबिहार टाइम्स संवाददाता***

***बोकारो।*** *राष्ट्र सेविका समिति, झारखंड प्रांत द्वारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बोकारो सेक्टर 3 में आयोजित 15 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का भव्य समापन समारोह रविवार को उत्साह एवं गरिमा के वातावरण में संपन्न हुआ।*

*इस शिविर में झारखंड के 6 विभाग के 12 जिलों से प्रबोध प्रशिक्षण के लिए पधारीं 45 सेविकाओं ने भाग लिया। शिविर का उद्देश्य युवतियों में अनुशासन, शारीरिक सुदृढ़ता, राष्ट्रभक्ति एवं सांस्कृतिक मूल्यों का विकास करना था। प्रतिदिन सेविकाओं ने योग, व्यायाम, बौद्धिक चर्चा, गीत, सेवा कार्य आदि में भाग लिया। इस आवासीय शिविर में सेविकाओं के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक पक्षों का व्यापक प्रशिक्षण दिया गया।*

*इस प्रशिक्षण वर्ग में 02 शिक्षिकाएं एवं प्रांत स्तर की 5 अधिकारीगण निरंतर उपस्थित रहीं। शिविर को अखिल भारतीय स्तर की वरिष्ठ अधिकारियों अखिल भारतीय प्रमुख कार्यवाहिका अन्नदानम सीता गायत्री, अखिल भारतीय सह कार्यवाहिका सुनीता हल्देकर एवं अखिल भारतीय बौद्धिक प्रमुख डॉ .शरद रेनू का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। क्षेत्र संपर्क प्रमुख पदमा देवी का निरंतर सान्निध्य सेविकाओं को प्राप्त हुआ।*

*समापन समारोह की मुख्य वक्ता अखिल भारतीय बौद्धिक प्रमुख डॉ शरद रेनू ने कहा राष्ट्र प्रथम की भावना सर्वोपरि है।*

*उन्होंने समिति की स्थापना वर्ष 1932 से लेकर 90 वर्ष तक की यात्रा का उल्लेख करते हुए संगठन की राष्ट्रसेवा, अनुशासन एवं सामाजिक एकता की परंपरा पर प्रकाश डाला। पंच परिवर्तन के संकल्पों–स्व का भाव, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण एवं नागरिक कर्तव्य–को समाज जीवन में अपनाने का आह्वान किया।*

*समारोह की मुख्य अतिथि माननीय स्वामिनी संयुक्तानंदा सरस्वती जी ने सेविकाओं के अनुशासन, ऊर्जस्विता और सेवाभाव की सराहना करते हुए कहा, ऐसे शिविर राष्ट्र को कर्तव्यनिष्ठ, चरित्रवान और राष्ट्रभक्त नागरिक प्रदान करते हैं।*

*शिविर में देशभक्ति, नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता, स्वदेशी उत्पादों का उपयोग और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर विचार-विमर्श एवं अभ्यास हुआ। मुख्य शिक्षिका का दायित्व अर्चनाजी ने निभाया।*

*पूरे वर्ग में वर्गाधिकारी के रूप में अनीता प्रसाद उपस्थित रहीं।इस वर्ग की सर्व व्यवस्था प्रमुख अर्चना कुमारी रहीं।*

*05 जून को नगर में आयोजित पथ संचलन में सेविकाओं ने पूर्ण गणवेश में नगर भ्रमण के लिए शोभायात्रा के रूप में निकाली गई , जिसे जनसामान्य ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। यह संचलन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर पुनः परिसर में भव्यता के साथ संपन्न हुआ।*

*आज के समापन समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से 2000 से अधिक लोग उपस्थित थे, जिनमें शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक संगठनों, बुद्धिजीवियों, महिला संगठनों एवं आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही ।*

*राष्ट्र सेविका समिति की शारदा गुप्ता, जामवंती मिश्रा, निर्मला सिंह, पूनम सिंह, मृदुला चौरसिया, अनुराधा सिंह, इंदू झा, रीता सिंह, जय कुजूर, अर्चना सिंह की उपस्थिति रही।*

# मदरसे में आग लगने से लाखों की क्षति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पूर्वी करीमुल्लापुर पंचायत के वार्ड संख्या 13 स्थित बलवा गांव में एक मदरसे में आग लगने से सात कमरे, फर्नीचर और महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर राख हो गया। घटना में करीब चार लाख रुपये की संपत्ति के नुकसान का अनुमान है।

मदरसा आयशातुल बनात के सचिव अबू तल्हा ने अमदाबाद थाना, सीओ, बीईओ एवं जिला पदाधिकारी को आवेदन देकर मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।सचिव ने बताया कि रात करीब 12:30 बजे वे लोग सो रहे थे। इसी दौरान शोर-शराबा सुनकर बाहर निकले तो देखा कि मदरसे में आग लगी हुई है।

घटना की सूचना तत्काल अग्निशमन विभाग को दी गई। अग्निशमन दल और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक मदरसे में रखे टेबल, बेंच, कुर्सियां तथा आवश्यक अभिलेख जलकर नष्ट हो चुका था।

उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ अज्ञात लोगों ने मदरसे में आग लगाकर घटना को अंजाम दिया है। इसे लेकर संबंधित अधिकारियों को आवेदन दिया गया है।मदरसे के शिक्षक मो. मसूद ने बताया कि आग लगने से मदरसे का सातो कमरा जला कर राख हो गया। बताया कि मदरसे में 170 बच्चे नामांकित हैं।

उपमुखिया शेख माबूद, वार्ड सदस्य मो. दुलाल तथा मुखिया प्रत्याशी शेख सद्दाम ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।अपर थानाध्यक्ष विजय कुमार राम ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच की जा रही है।

CMYK



# टेनिस की नई क्वीन बनीं एंड्रीवा

## फ्रेंच ओपन टाइटल जीतने पर मिले 27.7 करोड़, रनर-अप पर भी हुई पैसों की बारिश

**पेरिस, एजेंसी।** मीरा एंड्रीवा ने फ्रेंच ओपन 2026 के महिला सिंगल्स का खिताब जीत लिया है। फाइनल में मिरा की भिड़ंत माजा चवालिनस्का से थी। रूसी खिलाड़ी मिरा एंड्री का यह पहला ग्रैंड स्लैम खिलाड़ी है। उन्होंने पोलैंड की चवासिनस्का को सीधे सेटों में 6-3, 6-2 से हराया। यह मुकाबला करीब डेढ घंटे चला। 19 साल की एंड्रीवा का यह पहला ही ग्रैंड स्लैम फाइनल था।

मीरा एंड्रीवा पिछले 34 साल में फ्रेंच ओपन महिला सिंगल्स का खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई हैं। उनसे पहले 1992 में मोनिका सेलेस ने 18 साल की उम्र में फ्रेंच ओपन जीता था। मीरा एंड्रीवा 2005 के बाद जन्मी पहली खिलाड़ी हैं, जिन्होंने कोई ग्रैंड स्लैम जीता है। अभी तक कोई पुरुष खिलाड़ी भी यह कारनामा नहीं कर पाया है।मीरा एंड्रीवा को टेनिस जगत ने पहली बार 2023 मैड्रिड ओपन में पहचान मिली थी, जब 15 साल की उम्र में उन्होंने डब्ल्यूटीए 1000 स्तर पर मुख्य ड्रॉ मैच जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ियों में जगह बनाई और क्वार्टर फाइनल तक पहुंचीं।

### इस बार बंपर इनामी राशि मिली



*प्राइज मनी पर नजर डालें तो विजेता और उपविजेता दोनों को ही भारी-भगकम रकम मिली है. खिताबी जीत दर्ज करने वाली मीरा एंड्रीवा को पुरस्कार स्वरूप 2.8 मिलियन यूरो मिले, जो लगभग 3.28 मिलियन डॉलर यानी भारतीय मुद्रा में करीब 27.7 करोड़ रुपये होते हैं. वहीं, उपविजेता रहीं माया च्वॉलिन्स्का को 1.4 मिलियन यूरो की राशि मिली, जो लगभग 1.64 मिलियन डॉलर यानी करीब 13.9 करोड़ रुपये के बराबर है. टूर्नामेंट के अन्य दौरों में बाहर होने वाले खिलाड़ियों को भी इस बार बंपर इनामी राशि मिली है.*

### माजा तीसरी बार ही ग्रैंड स्लैम खेल रही थीं

24 साल की माजा चवालिनस्का क्वालीफायर के रूप में टूर्नामेंट में पहुंची थी। उनके पास यह खिताब जीतने वाली पहली क्वालीफायर बनने का मौका था लेकिन वह चूक गईं। इससे पहले वह सिर्फ दो बार ही ग्रैंड स्लैम के मुख्य दौर में जगह बना पाई थीं। उनका बेस्ट प्रदर्शन 2022 के विंबलडन में आया था, जब वह दूसरे राउंड में पहुंची थीं। यूक्रेन युद्ध के चलते रूस के खिलाड़ियों पर लगे प्रतिबंधों के कारण एंड्रीवा को तटस्थ खिलाड़ी के रूप में खेलना पड़ा और उन्हें अपने देश का झंडा उपयोग करने की अनुमति नहीं मिली। सेमीफाइनल में उन्होंने यूक्रेन की खिलाड़ी मार्ता कोस्त्युक को हराया। इस मैच के बाद कोस्त्युक ने पारंपरिक खेल भावना के विपरीत उनसे हाथ मिलाने से इनकार कर दिया।



# भारतीय महिला टीम ने 4×100 मीटर रिले रेस में जीता स्वर्ण

**नई दिल्ली।** भारत की महिला 4×100 मीटर रिले टीम ने न्यू ताइपे सिटी एथलेटिक्स ओपन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। टीम ने स्वर्ण पदक जीतने के साथ-साथ नया मीट रिकॉर्ड भी बनाया। यह प्रतियोगिता विश्व एथलेटिक्स की कॉन्टिनेंटल टूर सिल्वर श्रेणी की एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता है। श्राबनी नंदा, एस.एस. स्नेहा, सुदेशना शिवंकर और तमन्ना की चौकड़ी ने ताइवान के बानकियाओ स्टेडियम में शानदार 44.07 सेकेंड का समय निकालकर पोडियम पर टॉप किया। इस दौरान, भारतीय टीम ने पिछला मीट रिकॉर्ड तोड़ दिया और वियतनाम पर 0.31 सेकेंड के आसान अंतर से जीत हासिल की। वियतनाम दूसरे स्थान पर रहा।

रिले में जीत के अलावा, भारत को फील्ड इवेंट्स में भी सफलता मिली जिसमें शैली सिंह ने महिलाओं की लंबी कूद प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। शैली ने 6.24 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया और अपने प्रतियोगी से आगे रहीं। उन्होंने मीट में भारत को मेडल टैली में एक और गोल्ड जोड़ा।

# भारत ने छठी बार जीता खिताब, फाइनल में बांग्लादेश को हराया




**नई दिल्ली।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सैफ महिला चैंपियनशिप 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में भारत ने मौजूदा चैंपियन बांग्लादेश को 3-1 से हराकर रिकॉर्ड छठी बार ट्रॉफी जीती। सात वर्षों के लंबे इंतजार के बाद भारत ने एक बार फिर दक्षिण एशिया की चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। भारत की ओर से प्यारी जाक्सा (42वां मिनट), सैनफिदा नोंगरुम (46वां मिनट) और लिंडा कोम सेर्टो (82वां मिनट) ने गोल किए। वहीं, बांग्लादेश के लिए एकमात्र गोल रितु पोरना चकमा ने दागा।

### पहले हाफ में बराबरी पर पहुंचा बांग्लादेश

मैच की शुरुआत से ही भारतीय टीम ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और लगातार आक्रमण किए। कई मौकों के बाद 42वें मिनट में प्यारी ज़ाक्सा ने शानदार गोल कर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि, पहले हाफ के अतिरिक्त समय में बांग्लादेश की रितु पोरना चकमा ने बेहतरीन गोल दागकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। यह पूरे टूर्नामेंट में भारत के खिलाफ हुआ पहला गोल था।

### दूसरे हाफ में भारत का दबदबा

दूसरे हाफ की शुरुआत होते ही भारत ने फिर बढ़त हासिल कर ली। 46वें मिनट में प्यारी जाक्सा के शानदार क्रॉस पर सैनफिदा नोंगरुम ने हेडर के जरिए गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया। इसके बाद भारतीय टीम ने मैच पर पूरी तरह नियंत्रण बनाए रखा। 82वें मिनट में बांग्लादेश की रक्षापंक्ति की गलती का फायदा उठाते हुए स्थानापन्न खिलाड़ी लिंडा कोम सेर्टो ने तीसरा गोल कर भारत की जीत सुनिश्चित कर दी।

### पूरे टूर्नामेंट में रहा भारत का दबदबा

भारतीय टीम ने पूरे टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं गंवाया। टीम ने अपने अभियान की शुरुआत मालदीव पर 11-0 की बड़ी जीत से की थी, जबकि ग्रुप चरण में बांग्लादेश को भी 3-0 से हराया था। भारत ने टूर्नामेंट में कुल 18 गोल किए और केवल एक गोल खाया, जो उसके शानदार प्रदर्शन को दर्शाता है।भारत ने सैफ महिला चैंपियनशिप का पिछला खिताब 2019 में जीता था। इसके बाद 2022 और 2024 में बांग्लादेश ने ट्रॉफी अपने नाम की थी। इस बार भारतीय टीम ने दमदार वापसी करते हुए खिताब पर कब्जा जमाया।



अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरा सर्वोच्च स्कोर

# 2023 के बाद भारत ने घरेलू टेस्ट मैच में बनाए 550+ रन

**मुल्लांपुर।** भारतीय टीम ने कप्तान शुभमन गिल और केएल राहुल के शतकों की मदद से अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट की पहली पारी में विशाल स्कोर खड़ा किया। भारत ने मुल्लांपुर में खेले जा रहे इस मैच के दूसरे दिन अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 564 रन बनाकर घोषित की। भारत के लिए इस मैच में कप्तान शुभमन गिल और केएल राहुल ने शतक जड़े। वहीं, साई सुदर्शन, ऋषभ पंत और वाशिंगटन सुंदर ने अर्धशतकीय पारी खेली।

### भारतीय बल्लेबाजों ने गेंदबाजों को किया परेशान

अफगानिस्तान के खिलाफ इस मैच में भारतीय बल्लेबाजों का दम दिखा। भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन गिल ने बनाए जो 126 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, केएल राहुल ने 100, पंत ने 81, सुदर्शन ने 81, मानव सुथार ने 28, यशस्वी ने 24, मोहम्मद सिराज ने 22 और ध्रुव जुरेल ने 19 रन बनाए। सुंदर 68 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 52 रन बनाकर नाबाद रहे। कुलदीप यादव भी नौ रन बनाकर नाबाद लौटे। अफगानिस्तान के लिए मोहम्मद सलीम सैफी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए छह विकेट झटके, जबकि जियाउर रहमान शरीफी और हशमातुल्लाह शाहिदी को एक-एक विकेट मिले।

### घरेलू पिच पर किया दमदार प्रदर्शन

अफगानिस्तान के खिलाफ यह टेस्ट मैच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का हिस्सा नहीं है, लेकिन आने वाले दिनों में भारत को मजबूत टीमों का सामना करना है। यही कारण है कि भारत के लिए यह मैच काफी अहम है। भारत पिछले कुछ समय से घरेलू मैदान पर भी टेस्ट में रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहा था। लेकिन इस मैच में बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया।

### अफगानिस्तान के खिलाफ सबसे बड़ी साझेदारी

इससे पहले, शुभमन गिल और ऋषभ पंत की जोड़ी ने टेस्ट के दूसरे दिन 169 रनों की साझेदारी निभाते हुए इतिहास रच दिया। पंत और गिल द्वारा की गई ये साझेदारी अफगानिस्तान के खिलाफ भारत की ओर से की गई किसी भी विकेट के लिए हुई सबसे बड़ी साझेदारी है। टेस्ट के दूसरे दिन गिल और पंत ने मिलकर 48 रन और जोड़े। भारतीय कप्तान 177 गेंदों का सामना करने के बाद 126 रन बनाकर आउट हुए। अपनी इस पारी में गिल ने 15 चौके और एक छक्का लगाया। टेस्ट के पहले दिन भी भारतीय बल्लेबाजों का जलवा रहा। टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की ओर से यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने मिलकर पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़े। यशस्वी अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे और वह 24 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, इसके बाद राहुल को साई सुदर्शन के रूप में बढ़िया जोड़ीदार मिला। राहुल-सुदर्शन ने दूसरे विकेट के लिए 184 गेंदों में 139 रनों की अहम साझेदारी निभाई। सुदर्शन ने 104 गेंदों का सामना करते हुए 81 रनों की दमदार पारी खेली। अपनी इस पारी में सुदर्शन ने 13 चौके लगाए। वहीं, राहुल ने अपने टेस्ट करियर का 11वां शतक लगाया और 165 गेंदों में 100 रन बनाए। भारतीय बल्लेबाजी क्रम के आगे अफगानिस्तान के गेंदबाज पूरी तरह से बेबस दिखाई दिए।

**सलीम सैफी ने किया प्रभावित-** अफगानिस्तान के लिए इस मैच में सबसे सफल गेंदबाज मोहम्मद सलीम सैफी रहे। सलीम ने इस मैच में 140 रन लुटाकर छह विकेट लिए। वह टेस्ट में फाइव विकेट हॉल पूरे करने वाले अफगानिस्तान के तीसरे गेंदबाज हैं। उनसे पहले जियाउर रहमान और निजात मसूद ऐसा कर चुके हैं।

# विश्व कप से पहले अर्जेंटीना टीम की मुश्किलें बढ़ी, मैत्री मैच में नहीं खेल सके चोटिल मेसी



**नई दिल्ली।** विश्व कप फुटबॉल शुरू होने में जब केवल तीन दिन का समय बचा है तब स्टार स्ट्राइकर लियोनल मेसी की फिटनेस अर्जेंटीना के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। मेसी मांसपेशियों में खिंचाव के कारण शनिवार रात होंडुरास के खिलाफ अर्जेंटीना के मैत्री मैच में नहीं खेले जिससे यह सुनिश्चित नहीं है कि वह विश्व कप में अपनी टीम के पहले मैच तक पूरी तरह फिट हो पाएंगे या नहीं।

तीन सप्ताह में 39 वर्ष के होने वाले मेसी ने मैच से पहले अपने साथियों के साथ अभ्यास किया, लेकिन अर्जेंटीना की 2-0 से जीत के दौरान वह बेंच पर ही बैठे रहे। टीम ने कहा है कि मेसी कब तक फिट हो पाएंगे यह उनकी शारीरिक और कार्यात्मक प्रगति पर निर्भर करेगा। अर्जेंटीना विश्व कप से पहले अपना अंतिम अभ्यास मैच मंगलवार को ऑबर्न, अलबामा में आइसलैंड के खिलाफ खेलेगा।अर्जेंटीना 16 जून को एरोहेड स्टेडियम में अल्जीरिया के खिलाफ विश्व कप खिताब का बचाव करने के अपने अभियान की शुरुआत करेगा। माना जा रहा है कि मेसी विश्व कप के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लेंगे।

भविष्य के प्लान पर भी रखी राय

# 10-20 वर्षों तक दबदबा बनाए रखना चाहते हैं वैभव सूर्यवंशी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**आईपीएल 2026 में धमाकेदार प्रदर्शन का इनाम वैभव सूर्यवंशी को मिल गया है। 15 वर्षीय बल्लेबाज को आयरलैंड-इंग्लैंड और एशियन गेम्स 2026 के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। वैभव का कहना है कि वह सिर्फ खेलना नहीं चाहते हैं, बल्कि अगले 10 से 20 वर्षों तक अपने खेल से दबदबा बनाए रखना चाहते हैं। राजस्थान रॉयल्स द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर वैभव का एक इंटरव्यू शेयर किया गया है। इस इंटरव्यू में बात करते हुए वैभव ने बताया कि वह ऐसा क्रिकेट खेलना चाहते हैं, जिसे देखकर लोग बाद में यह कहें कि एक बल्लेबाज अकेले दम पर मैच जीता देता था।

वैभव ने कहा, मैंने सोचा है कि मैं 20 साल या जब तक भी क्रिकेट खेलूं और किसी भी टीम की तरफ से खेलूं, तो ऐसा खेलूं कि लोग मैच देखें या फिर बाद में सोचें तो यह कहें कि एक खिलाड़ी अकेले मैच खत्म कर देता था। वो दबदबा दिखना चाहिए, जिसके लिए मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं। ऐसा नहीं खेलना है कि खेला और बस मैच खत्म हो गया। ऐसा खेलना है कि अगले 10 से 20 वर्ष तक दबदबा बनाए रखना है और अच्छा क्रिकेट खेलना है। मैंने क्रिकेट खेलना शुरू किया था, क्योंकि मुझे आनंद आता था और मैं इस खेल को खेलते हुए पूरी जिंदगी आनंद लेना चाहता हूं।

### चयनकर्ताओं को किया प्रभावित

वैभव के पास अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी काबिलियत साबित करने का सुनहरा मौका होगा। टीम इंडिया के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने भी माना कि वैभव ने अपने प्रदर्शन के बूते चयन समिति को उन्हें टीम में शामिल करने पर मजबूर किया। आईपीएल 2026 वैभव के लिए गजब का रहा। राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए वैभव ने 16 पारियों में 237 के स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाए और ऑरेंज कैप को अपने नाम किया। वैभव ऑरेंज कैप जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। उन्होंने टूर्नामेंट में कुल 72 छक्के लगाए।

### रिकॉर्ड तोड़ने का मौका

वैभव टीम इंडिया में जगह बनाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी हैं और अगर उन्होंने इन दौरों पर प्लेइंग-11 में जगह मिलती है तो वह भारत के लिए सबसे कम उम्र में अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे। वैभव इस मामले में सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ देंगे।



# टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया का रहा है दबदबा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिला टी20 विश्व कप 2026 का आगाज 12 जून से होने जा रहा है। यह विश्व कप का 10वां संस्करण होगा। महिला टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया का पूरी तरह से दबदबा रहा है। वहीं, भारतीय टीम अब तक कभी इस प्रारूप में विश्व कप का खिताब अपने नाम नहीं किया है। भारत ने पिछले साल अपनी सरजमीं पर वनडे विश्व कप जीतकर अपना पहला आईसीसी खिताब जीता था। अब उसकी नजरें फटाफट क्रिकेट में भी अपना दम दिखाने पर होंगी।

महिला टी20 विश्व कप को सर्वाधिक बार जीतने वाली टीम ऑस्ट्रेलिया रही है। कंगारू टीम ने कुल छह बार इस ट्रॉफी को अपने नाम किया है। ऑस्ट्रेलिया ने पहली बार साल 2010 में विश्व कप के खिताब पर कब्जा जमाया था। इसके बाद 2012, 2014, 2018, 2020 और 2023 में भी टीम क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट की चैंपियन बनी।

### इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड एक-एक बार बनी हैं चैंपियन

महिला टी20 वर्ल्ड कप के खिताब को इंग्लैंड ने एक बार अपने नाम किया है। इंग्लैंड टूर्नामेंट के पहले संस्करण में चैंपियन बनी थी। इंग्लिश टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए फाइनल में न्यूजीलैंड को चार विकेट से शिकस्त दी थी। पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड की पूरी टीम 166 रन बनाकर ऑलआउट हुई थी। इंग्लैंड ने 167 रनों के लक्ष्य को छह विकेट गंवाकर हासिल कर लिया था। इंग्लैंड 2012, 2014 और 2018 में फाइनल तक भी पहुंची, लेकिन टीम को खिताबी मुकाबले में तीनों ही बार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। वेस्टइंडीज ने भी महिला टी20 वर्ल्ड कप को एक बार अपने नाम किया है। साल 2016 में कैरेबियाई टीम ने ऑस्ट्रेलिया को फाइनल में आठ विकेट से हराते हुए खिताब पर कब्जा जमाया था। वेस्टइंडीज ने पिछले दो विश्व कप को जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम का फाइनल मुकाबले में हैट्रिक लगाने का सपना तोड़ा था। साल 2024 में खेले गए महिला टी20 विश्व कप को न्यूजीलैंड ने जीता था। फाइनल मुकाबले में कीवी टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका को 32 रनों से हराया था।

# विश्व साइकिल दिवस पर निकली जागरूकता रैली

## फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पदमा (हजारीबाग)।** विश्व साइकिल दिवस एवं केंद्र सरकार के फिट इंडिया अभियान के तहत रविवार को साई सेंटर पदमा द्वारा साइकिल रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित व्यायाम के प्रति जागरूक करने तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना था। रैली का शुभारंभ साई सेंटर पदमा परिसर से किया गया। प्रतिभागी चंपाडीह और रोमी मार्ग से होते हुए पुनः साई सेंटर लौटे। पूरे मार्ग में युवाओं और खिलाड़ियों ने फिट इंडिया तथा स्वस्थ भारत के नारों के साथ लोगों को स्वास्थ्य और स्वच्छ पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं, खिलाड़ियों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने साइकिल को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और प्रदूषण कम करने के लिए इसके उपयोग को बढ़ावा देने का संदेश दिया। इस अवसर पर तीरंदाजी कोच मोहम्मद दानिश अंसारी, सजन कुमार, सनी सिंह एवं करिश्मा कुमारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया तथा स्वयं भी इसमें शामिल होकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। मौके पर तीरंदाजी कोच मोहम्मद दानिश अंसारी ने कहा कि साइकिल चलाना स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है। इससे शरीर सक्रिय रहता है, बीमारियों का खतरा कम होता है और पर्यावरण को भी संरक्षण मिलता है। उन्होंने युवाओं से नियमित शारीरिक गतिविधियों को अपने जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा भविष्य में भी ऐसे जनजागरूकता अभियानों से जुड़े रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## आईटीबीपी जवान का राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

**हुसैनाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के बरवाडीह गांव निवासी एवं भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) के जवान संजय पासवान (45 वर्ष) का इलाज के दौरान निधन हो गया। वे पिछले लगभग दो वर्षों से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। उनके निधन की खबर से परिवार सहित पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक का पार्थिव शरीर गांव पहुंचते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया। अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण, शुभचिंतक एवं आसपास के गांवों के लोग जुटे। शोकाकुल माहौल में गांव स्थित श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान उनके सात वर्षीय पुत्र ने पिता को मुखाग्नि दी। संजय पासवान अपने पीछे तीन पुत्रियों एवं एक पुत्र सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। आईटीबीपी की 40वीं बटालियन के इंस्पेक्टर प्रकाश केरकेट्टा के नेतृत्व में पहुंचे जवानों ने पार्थिव शरीर पर तिरंगा ओढ़ाकर उन्हें सम्मानपूर्वक अंतिम विदाई दी तथा सलामी अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# आज पंचायत स्तर पर लगेगा आधार अपडेट विशेष शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हुसैनाबाद/हैदरनगर।** आधार कार्ड में नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर सहित अन्य जानकारियों के अद्यतन एवं त्रुटि सुधार के लिए शुक्रवार को हुसैनाबाद एवं हैदरनगर प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में विशेष आधार अपडेट शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला समाज कल्याण कार्यालय के निर्देश पर आयोजित इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को पंचायत स्तर पर ही आधार संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराना है। हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत बनियाडीह-बराही पंचायत के पंचायत भवन बनियाडीह, पंचायत भवन लोटनिया, पंचायत भवन भजनिया (मोहम्मदगंज), देवरी खुर्द, डंडिला पंचायत के लिए पंचायत भवन सड़ेया में तथा पंचायत भवन उपरी कला में विशेष शिविर लगाया जाएगा। वहीं हैदरनगर प्रखंड के बभंडी पंचायत भवन में भी आधार अपडेट शिविर आयोजित होगा। शिविर में आधार कार्ड में नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर सहित अन्य आवश्यक विवरणों के संशोधन एवं अद्यतन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। अधिकारियों ने आधार अपडेट से वंचित लाभुकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि एवं स्थल पर पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठाएं। जिला प्रशासन के अनुसार विभिन्न सरकारी योजनाओं, पेंशन, छात्रवृत्ति एवं अन्य कल्याणकारी कार्यक्रमों का लाभ प्राप्त करने के लिए आधार का सही और अद्यतन होना आवश्यक है। इसी को ध्यान में रखते हुए पंचायत स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि ग्रामीणों को प्रखंड या जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े और उन्हें स्थानीय स्तर पर ही सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में पहुंचकर अपने आधार की जानकारी समय पर अपडेट करा लें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## सोहेया पहाड़ के अवैध खनन की हो निष्पक्ष जांच : कर्नल संजय

**हुसैनाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल संजय सिंह ने पतरा कला पंचायत के मुखिया पति अजय राजवंशी से उनके गांव चौवा चट्टान में मुलाकात कर सोहेया पहाड़ में वर्षों से चल रहे खनन कार्य एवं उससे जुड़े घटनाक्रम की जानकारी ली। कर्नल सिंह ने कहा कि सोहेया पहाड़ क्षेत्र की महत्वपूर्ण प्राकृतिक एवं पर्यावरणीय धरोहर है, लेकिन लगातार खनन गतिविधियों के कारण इसका अस्तित्व संकट में पड़ गया है। उन्होंने कहा कि अजय राजवंशी ने प्रशासन से अनुमति लेकर कथित अवैध खनन के विरोध में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया था, इसके बावजूद उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया। बाद में जिला न्यायालय से उन्हें दस दिनों के भीतर जमानत मिल गई। मुलाकात के दौरान अजय राजवंशी ने बताया कि गिरफ्तारी के समय उनकी पत्नी रीना कुमारी, जो पतरा कला पंचायत की निर्वाचित मुखिया हैं, थाना में उनसे मिलने पहुंची थीं, लेकिन उन्हें मिलने नहीं दिया गया तथा उनके साथ कथित रूप से अपमानजनक व्यवहार किया गया। कर्नल सिंह ने कहा कि यदि जनप्रतिनिधि के साथ ऐसा व्यवहार हुआ है तो इसकी भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

# एनटीपीसी बीजीआर कैंप घेराव मामले में आठ नामजद समेत 300 पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बड़कागांव (हजारीबाग)।** बड़कागांव थाना क्षेत्र के अंबाजीत-कोनी स्थित एनटीपीसी बीजीआर कैंप में अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ कथित मारपीट, घेराव तथा तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने 8 नामजद समेत 200 से 300 अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है।

यह मामला बीजीआर परियोजना प्रमुख पेलुपुपेदा सत्यनारायण के आवेदन पर बड़कागांव थाना कांड संख्या 104/26 के तहत दर्ज किया गया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई शुरू की है। प्राथमिकी में हरली निवासी सबूर महतो, गोंदलपुरा निवासी विनय कुमार उर्फ विकास महतो, विनोद महतो, विकास कुशवाहा, रवि कुमार दांगी तथा राउतपारा निवासी वीरेंद्र महतो, संतोष कुशवाहा और बालेश्वर महतो को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। आवेदन के अनुसार 2 जून 2026 को परियोजना के अधिकारी एवं कर्मचारी प्रतिदिन की तरह ढेंगा कॉलोनी से अंबाजीत कैंप के लिए रवाना हुए थे। आरोप है कि बादम पहुंचने के बाद नामजद अभियुक्तों के साथ बड़ी संख्या में लोग कैंप तक पहुंचे और परिसर का घेराव कर दिया। इसके बाद पत्थरबाजी एवं लाठी-डंडे से हमला किया गया, जिससे कैंप की कई सामग्रियां क्षतिग्रस्त हो गईं। परियोजना प्रबंधन का आरोप है कि हमले के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों को बंधक बनाने तथा गंभीर नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया। घटना में मोहम्मद मंजर नामक कर्मी घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए भेजा गया।

आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि परियोजना कर्मियों के साथ इस प्रकार की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं, जिसके संबंध में पूर्व में भी बड़कागांव थाना में अलग-अलग कांड दर्ज हैं।

पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य मूलभूत समस्याओं को लेकर बोकारो में चलेगा जनआंदोलन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोकारो।** बोकारो जिला में आम आदमी पार्टी द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नव नियुक्त जिला संयोजक धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने की। इस अवसर पर नव नियुक्त पदाधिकारियों का भी कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला संयोजक धर्मेंद्र कुमार शर्मा, जिला प्रवक्ता अरविंद विकास, मिथिलेश गिरी, विकाश सुमन, भगवान सिंह कुशवाहा, केएपी वर्मा, माननाओवर अंसारी, राहुल कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन मुख्य रूप से जिला प्रवक्ता श्री अरविंद विकास द्वारा किया गया। अरविंद विकास ने कहा कि बोकारो जिला कमेटी का पुनर्गठन किया गया है, जिसके तहत धर्मेंद्र कुमार शर्मा को जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके नेतृत्व में बोकारो जिला सर्वांगीण विकास की दिशा में आगे बढ़ने के लिए पूरी तरह तैयार है।

अपने संबोधन में जिला संयोजक धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी आम जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर खुलकर संघर्ष करेगी। उन्होंने कहा कि बोकारो जिला में जनता की समस्याओं को लेकर उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन भी किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के निर्देशानुसार शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य मूलभूत समस्याओं को लेकर बोकारो जिला में जनआंदोलन चलाया जाएगा। पार्टी आम जनता की समस्याओं को लेकर सड़क से लेकर प्रशासनिक स्तर तक संघर्ष करने के लिए तैयार है। श्री शर्मा ने आगे कहा कि झारखंड, विशेषकर बोकारो जिला में नए सदस्यों को जोड़ने के लिए शीघ्र ही एक विशेष सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। वार्ड स्तर पर नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने हेतु एक मोबाइल नंबर भी जारी किया जाएगा, जिसके माध्यम से इच्छुक लोग सीधे आम आदमी पार्टी से जुड़ सकेंगे। उन्होंने बताया कि आने वाले पंचायत चुनाव को लेकर पार्टी ने अभी से तैयारी प्रारंभ कर दी है। बोकारो जिला की प्रत्येक पंचायत, नगर एवं परिषद स्तर पर मजबूत टीमों का गठन किया जाएगा, ताकि स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों को गति दी जा सके। साथ ही शीघ्र ही कोर कमेटी का गठन, चास नगर निगम प्रभारी की नियुक्ति एवं महिला संयोजक की घोषणा भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य जनता का सर्वांगीण विकास करना तथा श्री अरविंद केजरीवाल के सपनों को धरातल पर उतारना है। कार्यक्रम के अंत में धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि आम जनता एवं सभी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से ही संगठन को मजबूत बनाया जा सकता है।

# पांच अपराधी चढ़े पुलिस के हत्थे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कामयाबी**

**देवघर।** नगर थाना पुलिस ने देर रात गुप्त सूचना के आधार पर देवघर स्टेशन के समीप एक सुनसान स्थान पर छापेमारी कर बड़ी आपराधिक घटना की साजिश को विफल कर दिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक सफ़ेद रंग की फोर्नेक्स कार में सवार कुछ लोग किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना के बाद नगर थाना पुलिस ने वरीय अधिकारियों के निर्देश पर विशेष टीम का गठन कर छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने संदिग्ध गतिविधियों में शामिल पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनके पास से एक अवैध देसी पिस्तौल, एक जिंदा कारतूस घटना में प्रयुक्त फोर्नेक्स कार बरामद की गई। गिरफ्तार अपराधियों में शैलेश कुमार दास, अरविंद कुमार दास, गोलू महथा उर्फ गोडू पासी, ललन झा तथा रोहन तुरी उर्फ विजय तुरी शामिल हैं। सभी देवघर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के निवासी बताए गए हैं। इस संबंध में नगर थाना कांड दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं एवं आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर उनके आपराधिक इतिहास, आपसी संबंधों तथा संभावित आपराधिक योजना की जानकारी जुटा रही है।

# मेदिनीनगर में 20 जून को साइकिलिंग कार्यक्रम में भाग लेंगे सांसद, मंत्री सहित अन्य : सनत चटर्जी

## ब्राइटलैंड स्कूल से पुलिस लाइन के बीच होगा साइकिलिंग कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**साइकलिंग को बढ़ावा देने को लेकर किया जाएगा जागरूक**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** मेदिनीनगर में 20 जून को साइकलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 6 बजे आबादगंज स्थित ब्राइटलैंड स्कूल के मैदान से शुरू होगी। इसकी जानकारी पलामू जिला साइकलिंग एसोसिएशन के सचिव सनत चटर्जी ने दी। उन्होंने बताया कि पर्यावरण की बेहतरी, पेट्रोल- डीजल की बचत व शारीरिक मजबूती को ध्यान में रखते हुए साइकिलिंग को बढ़ावा देने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 20 जून को ब्राइटलैंड स्कूल के मैदान में शहर के हजारों की संख्या में साइकिल प्रेमी भाग लेंगे। इसमें शहर के सभी स्कूल के बच्चों, महाविद्यालय के विद्यार्थियों, कोचिंग क्लास के विद्यार्थियों, शिक्षकों, मीडिया बंधुओं व जिले के पदाधिकारी- कर्मियों को आमंत्रित किया गया है।

सनत चटर्जी ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पलामू के सांसद, राज्य के मंत्री, विधायक, उपायुक्त, आईजी, डीआईजी, पुलिस अधीक्षक, मेयर, डिप्टी मेयर, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सहित जिले के सभी वरीय पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य भी शिरकत करेंगे। उन्होंने शहर के आसपास सहित शहर वासियों व छात्र-छात्राओं से कार्यक्रम में अपनी-अपनी साइकिल के साथ 20 जून की सुबह 6 बजे तक हर हाल में ब्राइटलैंड स्कूल पहुंचने का आह्वान किया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पलामू जिला साइकलिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोहर कुमार लाली, कोषाध्यक्ष साहेब सिंह नामधारी, प्रवक्ता राजीव कुमार मुखर्जी, आयोजन समिति के संरक्षक प्रमोद रंजन, उपाध्यक्ष प्रसेनजीत दास गुप्ता, राजकुमार गुप्ता आदि मौजूद थे।

# दमदमी माइंस के गड्ढे में डूबकर युवक की मौत मामले में प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के दमदमी स्थित खनन क्षेत्र में बने गहरे जलभरावयुक्त गड्ढे में डूबने से 24 वर्षीय लवकुश कुमार की मौत के मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। प्राथमिकी में माइंस संचालक समेत तीन लोगों को आरोपी बनाया गया है। मामला अंचल अधिकारी जपला पंकज कुमार के आवेदन पर दर्ज किया गया है। प्राथमिकी के अनुसार, दमदमी माइंस में खनन कार्य के बाद बने गहरे गड्ढों को सुरक्षित नहीं किया गया था और न ही वहां आम लोगों के प्रवेश को रोकने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। आरोप है कि खनन क्षेत्र में सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण ही युवक की जान गई। एफआईआर में कहा गया है कि 3 जून को लवकुश कुमार की डूबने से मौत होने के बाद प्रशासनिक जांच की गई। जांच में पाया गया कि जिस स्थान पर घटना हुई, वह खनन गतिविधियों के कारण बना गहरा गड्ढा था, जिसमें पानी भरा हुआ था। संबंधित क्षेत्र में सुरक्षा घेराबंदी, चेतावनी बोर्ड तथा अन्य आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय नहीं किए गए थे। मामले में दमदमी माइंस से जुड़े सुनील कुमार सिंह, लोकेश कुमार सिंह तथा एक अन्य जिम्मेदार व्यक्ति को नामजद आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 106, 125 एवं 3(5) के तहत कांड संख्या 125/2026 दर्ज किया है। प्राथमिकी में यह भी उल्लेख किया गया है कि खनन पट्टा धारकों और संचालकों की जिम्मेदारी है कि खनन क्षेत्र में बने गड्ढों एवं संभावित खतरनाक स्थानों की सुरक्षा सुनिश्चित करें, ताकि किसी प्रकार की जनहानि न हो। लेकिन सुरक्षा व्यवस्था में कथित लापरवाही के कारण यह दुखद घटना हुई। हुसैनाबाद थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है तथा जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि सोहेया पहाड़ स्थित खनन क्षेत्र में बने गहरे गड्ढे में डूबने से लवकुश कुमार की मौत के बाद क्षेत्र में काफी आक्रोश देखने को मिला था। स्थानीय लोगों ने मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने तथा जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की थी। अब प्राथमिकी दर्ज होने के बाद मामले की जांच और कानूनी प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

# अक्षरा आर्ट्स द्वारा प्रस्तुत 'तोता द पैरेट स्टोरी' ने वर्तमान समय की शिक्षा में सड़ांध को किया उजागर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** 'तोता ऽ द पैरेट स्टोरी' टैगोर की कालजयी रूपक-कथा का एक अनूठा और असाधारण नाट्य अनुभव है, जो दो जीवंत परंपराओं के संगम से जन्मा है – 'क़िस्सा ख्वानी' – वह प्राचीन मौखिक कथा-परंपरा जिसमें क़िस्सागो स्वयं कहानी बन जाता है, श्रोताओं को एक जीते-जागते संसार में खींच लेता है–और 'फोरम थिएटर,' जो दर्शक को मात्र दर्शक नहीं, बल्कि कथा का सह-निर्माता बनाता है। मंच पर ताम-झाम नहीं था, केवल दो कलाकार, कुछ प्रॉप्स और शब्दों का जादू। यही सादगी इस प्रस्तुति की सबसे बड़ी ताकत बनी। आज के दौर में जब शिक्षा को डिग्री और रोजगार का पर्याय मान लिया गया है, 'तोता' उस सोच पर सीधी चोट करता है। टैगोर की कहानी का वह तोता – जिसे राजा के आदेश पर सोने के पिंजरे में बंद कर शास्त्र पढ़ाए जाते हैं– आज भी हमारे चारों तरफ पिंजरों में कैद है। अक्षरा आर्ट्स ने इस रूपक को पटना के मंच पर उतनी ही ताजगी से पेश किया, जितनी 1918 में टैगोर ने रचना की थी। 'हमने तोता को पिंजरे में देखा, पर महसूस किया कि कहीं न कहीं हम खुद भी उसी पिंजरे में हैं।'

एक दर्शक की प्रतिक्रिया : नाटक की सबसे प्रभावी बात थी इसका समकालीन संदर्भ। जब मंच से सवाल उठा – 'पढ़ने का मतलब क्या सिर्फ परीक्षा पास करना है' – तो हॉल में सन्नाटा छा गया। अभिभावक, शिक्षक और छात्र – सभी अपने भीतर झांकने को मजबूर हुए। दर्शकों की प्रतिक्रिया इस बात की गवाह है कि सार्थक थिएटर की भूख पटना में आज भी जिंदा है। शो खत्म होने के बाद लंबी देर तक लोग कलाकारों से संवाद करते रहे। कई शिक्षकों ने इसे स्कूल-कॉलेजों में दिखाए जाने की मांग की। अक्षरा आर्ट्स, पटना पिछले कई वर्षों से हिंदी साहित्य की महत्वपूर्ण रचनाओं को मंच पर लाने का काम कर रही है। 'तोता' के साथ संस्था ने फिर साबित किया कि थिएटर केवल मनोरंजन नहीं, समाज को आईना दिखाने का माध्यम भी है। कम संसाधनों में, बिना भव्य सेट के, केवल अभिनय और कहानी की ताकत से एक यादगार शाम रच देना यही अक्षरा आर्ट्स की पहचान है। संतोष राणा और अजीत कुमार की यह प्रस्तुति इस बात का प्रमाण है कि जब कलाकार ईमानदारी से काम करता है तो मंच छोटा नहीं पड़ता। 'तोता' ने न केवल टैगोर को याद किया, बल्कि हमें वर्तमान शिक्षा-व्यवस्था और स्वतंत्र सोच के बारे में पुनर्विचार करने पर मजबूर किया। संगीत संयोजन साधना कुमारी द्वारा, ध्वनि संयोजन अभिषेक राज, ध्वनि संचालन राजकुमार एवं प्रकाश परिकल्पना राजकपूर द्वारा नाटक को और अधिक प्रभावशाली बनाया गया।

# बुनियादी सुविधाओं से वंचित है गढ़वा का सरूवत गांव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गढ़वा।** आकांक्षी जिला गढ़वा का सरुवत गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं से बंचित है।आदिम जनजाति कोरवा , किसान और यादव परिवार के लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी तो दूर की बात है। यहां सड़क, शिक्षा, बिजली, पानी, पेंशन और आधारकार्ड जैसे सरकारी योजनाओं का लाभ भी आदिम जनजाति के कई परिवारों को नहीं मिल रहा हैं। गढ़वा जिला मुख्यालय से लगभग 95 किलोमीट दूर, लातेहार और छत्तीसगढ़ के सीमा पर स्थित बरगढ़ प्रखंड और टेहरी पंचायत में स्थित सरुवत गांव है। यह झारखंड के दूसरा सबसे उच्चा पहाड़ पर है। तीन दशकों से उग्रवादियों के दहशत में रहा यह गांव बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र का हिस्सा है। हरे भरे घनघोर जंगल और खूबसूरत वादियों में बसा इस गांव में नव टोला है। यहां तक पहुंचने के लिए आज भी छत्तीसगढ़ होकर कच्ची और दुर्गम मार्ग का सहारा लेना पड़ता है। उपायुक्त पशुपतिनाथ मिश्र ने बताया कि इस गांव की जानकारी प्रशासन को है। उग्रवादियों के चंगुल में काफीदीनो तक यह गांव रहा है।सरकार और जिला प्रशासन यहां पर सरकार की योजनाओं और मूलभूत सुविधाओं को पहुंचने की दिशा में काम कर रही है। बहुत जल्द जिला प्रशासन एक कैंप लगा कर यहां के लोगों को सरकार की योजनाओं से जोड़ेगा। ग्रामीण आदिम जनजाति की महिलाओं ने आप बीती बताते हुए कहा कि यहां तक कोई पहुंचता नहीं और यहां के लोगों को अपने पंचायत तक पहुंचने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। अपने जीवन को कठिनाइयों से जी रहे आदिम जनजाति परिवार के अभिभावक और बच्चों ने बताया कि शिक्षा का माकूल व्यवस्था और आर्थिक तंगी के कारण अपने बच्चों को पढ़ने में असमर्थ है।बच्चों ने पढ़ने की इच्छा भी जताई। सरुवत पर पहुंचे ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि यहां के आदिम जनजाति परिवार के लोग आदिवासी मुख्यमंत्री होने के बावजूद बुनियादी सुविधाओं से बंचित है। यहां पर बुनियादी सुविधाओं को पहुंचा कर मुख्यमंत्री को यह साबित करना चाहिए कि वह वास्तव में आदिवासी का नेता है।

# झारखंड के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो का चियांकी में किया गया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड के पूर्व उप मुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो का रविवार को पार्टी के केंद्रीय सचिव चंद्रशेखर सिंह छोटू के नेतृत्व में मेदिनीनगर आगमन पर चियांकी में स्वागत किया गया। चंद्रशेखर सिंह छोटू ने पार्टी सुप्रीमो के साथ पहुंचे पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर, केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता देव शरण भगत व केंद्रीय महासचिव संजय मेहता का भी पुरजोर स्वागत किया। चंद्रशेखर सिंह छोटू के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में पार्टी नेता व कार्यकर्ता पार्टी सुप्रीमो के स्वागत के लिए चियांकी स्थित पार्क के पास खड़े थे। पार्टी सुप्रीमो के आते ही चंद्रशेखर सिंह छोटू सहित अन्य नेताओं ने अतिथियों के सम्मान में सुदेश महतो जिंदाबाद, आजसू पार्टी जिंदाबाद, प्रवीण प्रभाकर जिंदाबाद, देव शरण भगत जिंदाबाद, संजय मेहता जिंदाबाद... के नारे लगाए व फूलमाला व बुके देकर स्वागत किया। पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो सहित अन्य वरीय केंद्रीय नेताओं का स्वागत करने वालों में चंद्रशेखर सिंह छोटू के अलावा, सतीश तिवारी, नवरंग चंद्रवंशी, ओम प्रकाश सिंह, बबलू डोगरा, मणी चंद्रवंशी, नंदलाल तिवारी, सुनील कुमार, प्रभात सिंह, उपेंद्र साव, भुवनेश्वर प्रजापति, अख्तर अंसारी, झुन्नू बैठा, प्रमोद प्रजापति, ऋषभ तिवारी, राजू पांडे, सुजीत तिवारी, रणजीत सिंह, मुकेश यादव व विनोद पांडेय सहित सैकड़ों की संख्या में नेता व कार्यकर्ता शामिल थे। बाद में पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने मोटरसाइकिल व कार से अगुवाई करते हुए स्थानीय दीनदयाल स्मृति टाउन हॉल स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे।

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का बोकारो में जगह-जगह स्वागत, कार्यकर्ताओं में उत्साह









**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन रविवार को एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बोकारो पहुंचे। जानकारी के अनुसार, वे अपने एक करीबी रिश्तेदार के घर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने बोकारो स्टील सिटी आए थे। इस अवसर पर उन्होंने दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनकी सद्गति के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम पूरी तरह निजी स्वरूप का था, इसलिए उन्होंने मीडिया से किसी भी प्रकार की राजनीतिक चर्चा नहीं की। श्रद्धांजलि सभा में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। इनमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, सांसद ढुलू महतो, बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन, पूर्व विधायक बिरंची नारायण तथा पूर्व सांसद रविन्द्र पांडे सहित भाजपा के अनेक वरिष्ठ नेता और सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। इससे पहले बोकारो स्टील सिटी के नया मोड़ स्थित बिरसा चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखा गया। रांची से बोकारो तक के मार्ग में भी विभिन्न स्थानों पर पार्टी कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नवीन का यह पहला बोकारो दौरा था, जिसके कारण स्थानीय भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। हालांकि, पूरे दौरे के दौरान उन्होंने मीडिया से कोई औपचारिक बातचीत नहीं की और पत्रकारों के राजनीतिक सवालों का भी जवाब देने से परहेज किया। उनका यह दौरा पूरी तरह निजी और पारिवारिक कार्यक्रम तक सीमित रहा, लेकिन उनके आगमन ने पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का पेटरवार में भाजपाइयों ने किया जोरदार स्वागत

**पेटरवार/बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रांची से बोकारो जाने के क्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का पेटरवार स्थित छत्रु राम महतो चौक पर भाजपा नेता सहित सैंकड़ो कार्यकताओं ने गुलदस्ता, माला एवं अंग वस्त्र देकर जोरदार स्वागत किया। नितिन नवीन ने पेटरवार छत्रु बाबु चौक पर स्थित छत्रु राम महतो के आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर बोकारो के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र राज, पूर्व विधायक बिरांची नारायण, देवनारायण प्रजापति, जिला परिषद प्रहलाद महतो, जिला उपाध्यक्ष अनिल स्वर्णकार, जिला महामंत्री संजय सिन्हा , जिला कोषाध्यक्ष रवि शंकर जायसवाल, शांति लाल जैन, सुधीर कुमार सिन्हा, प्रखंड अध्यक्ष लाल



बहादुर शर्मा सहित कई लोगो ने फूलो का गुलदस्ता व शाल ओढ़ाकर स्वागत किया। वहीं प्रखंड अध्यक्ष मोहन कुमार व देवनारायण प्रजापति ने संयुक्त रूप से कहा नितिन नवीन के आगमन से युवाओं में ऊर्जा का संचार हुआ है। साथ ही पश्चिम बंगाल और असम में भारी जीत से कार्यकर्ता काफी उत्साहित है और जिसका परिणाम आने वाले झारखंड विधानसभा में देखने को मिलेगा और झारखंड में भगवा लहराएगा। इस मौके पर, लक्ष्मण कुमार नायक, मनोज कुमार ठाकुर,पंकज कुमार सिन्हा, मुरलीधर नायक, राजेंद्र महतो, रितेश कुमार सिन्हा, सूरजमल नायक, मुकेश ओझा, भादरू महतो शाहिद शाहिद काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बोकारो में राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का भव्य आगाज



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील सिटी के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय मैदान में आज दो दिवसीय राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। प्रतियोगिता में राज्यभर से पहुंचे करीब 200 खिलाड़ियों और अधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी नेत्री एवं धनबाद लोकसभा क्षेत्र की सांसद प्रत्याशी अनुपमा सिंह मुख्य अतिथि मौजूद रही । कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत सम्मान के साथ हुई। बोकारो जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष धर्मवीर सिंह और झारखंड राज्य कुश्ती संघ के कोषाध्यक्ष बबलू कुमार ने अतिथियों को बुके, मोमेंटो और शॉल देकर सम्मानित किया। इसके बाद अतिथियों ने खिलाड़ियों का हाथ पकड़कर प्रतियोगिता की पहली बाउट शुरू करवाई। मुख्य अतिथि अनुपमा सिंह ने कहा कि कुश्ती भारत की सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह मिट्टी से जुड़ा ऐसा खेल है जो खिलाड़ियों को अनुशासन, संस्कार और मानसिक मजबूती प्रदान करता है। खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए हम सभी को आगे आकर काम करना चाहिए। बोकारो जिला कुश्ती संघ को एक रेसलिंग मैट उपलब्ध कराने का प्रयास करूंगी। अपने संबोधन में अनुपमा सिंह ने कुश्ती को भारतीय संस्कृति से जुड़ा महत्वपूर्ण खेल बताते हुए खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। वहीं चास की उप महापौर पूजा कुमारी ने खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों के समग्र विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। खेल युवाओं को सही दिशा देने का माध्यम है। खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और अवसर मिलें, इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए। दो दिवसीय इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में झारखंड के विभिन्न जिलों से पहुंचे पहलवान अपने कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं। आयोजन को लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## रामगढ़ में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का भाजपाइयों ने किया गर्मजोशी से स्वागत

**रामगढ़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का आज रामगढ़ आगमन हुआ। रांची से रामगढ़ होते हुए बोकारो जाने के क्रम में जिले के भाजपाइयों ने उनका कई जगहों पर स्वागत किया। सर्वप्रथम उन्होंने जिले के कोठार स्थित ओवर ब्रिज के नीचे शहीद निर्मल महतो चौक पर निर्मल महतो के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान उनके साथ हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी प्रदेश अध्यक्ष रामगढ़ जिला अध्यक्ष सहित भारी संख्या में महिला तथा पुरुष भाजपाई उपस्थित थे। इसके बाद इनका स्वागत छतर मांडू में किया गया तथा उसके बाद रजरप्पा ओवरब्रिज फिर गोला डीवीसी चौक होते हुए वे बोकारो के लिए निकल गए। रामगढ़ में चार जगह पर उनका अलग-अलग तरीके से स्वागत किया गया कहीं फूलों की पंखुड़ियां से तो कहीं पत्तों के माला से उनका स्वागत किया गया। हालांकि इस दौरान उन्होंने किसी भी पत्रकार से कुछ भी बात करने से सीधे तौर पर इंकार कर दिया। मौके पर उपस्थित हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि उनके आने से कार्यकताओं में काफी उत्साह है यह आप देख सकते हैं क्योंकि वह बहुत दिनों के बाद रामगढ़ की धरती में आए हैं क्योंकि उनका एक निजी कार्यक्रम है जिसके सिलसिले में वे बोकारो जा रहे हैं और कार्यकताओं का उत्साह आप देख सकते हैं। मौके पर उपस्थित बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के झारखंड आगमन पर रामगढ़ ही नहीं पूरे प्रदेश के भाजपा कार्यकर्ता उत्साहित है साथ ही संगठन में एक नया ऊर्जा का संचार हुआ है और उन्होंने कल जो हम लोगों को संदेश दिया है उसे निश्चित रूप से संगठन मजबूत होगा और आने वाले समय में झारखंड में जब भी चुनाव होगा इस बार भगवा लहरेगा और भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ चुनाव जीतेगी और सरकार बनाएगी।

## जगदेव बाबू के आदर्शों पर ही समतामूलक समाज की स्थापना संभव




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाजिक समन्वय समिति बोकारो द्वारा -शहीद जगदेव बाबू के विचार और हमारा बहुसंख्यक समाज, विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन कुशवाहा भवन चास में किया गया। संगोष्ठी का उदघाटन सभा अध्यक्ष अधिवक्ता अशोक कुमार महतो, ललन आनंदकर, राम सागर दास, अवधेश कुमार सिंह, सुरेश बैठा, कुंवर सिंह कुशवाहा, रेणु प्रसाद, रामाश्रय प्रसाद, अधिवक्ता रविन्द्र प्रसाद सिंह आदि लोगों ने भारत लेनिन अमर शहीद जगदेव बाबू के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित और माल्यार्पण कर किया। इस संगोष्ठी के वक्ताओं ने जगदेव बाबू के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करते हुए उनके नारों और संदेशों का समाजिक आर्थिक और सांस्कृतिक प्रभाव पर प्रकाश डाला। जगदेव बाबू के नारे - दो बातें हैं मोटी मोटी, सबको इज्जत सबको रोटी के माध्यम से जगदेव बाबू ने समाजिक विषमता को उजागर किया तो सौ में नब्बे शोषित हैं, नब्बे भाग हमारा है के नारे के माध्यम से अपनी राजनीतिक और सामाजिक भागीदारी की बात कही। भारतीय समाज में जातिगत भेदभाव को मिटाने के लिए मानववाद की क्या पहचान, ब्रह्मण भंगी एक समान की वकालत किया। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता संजय शान, मनोज कुमार, ए पी वर्मा, राम गहन सिंह, श्रीचंद प्रसाद, देव कुमार, रामाशंकर, सरयु प्रसाद, मीना बागी, रामजी रजक, सुखदेव रजक, लालबाबु यादव, के एक पी वर्मा आदि लोगों ने संबोधित किया। इस अवसर पर समाजिक कार्यों में विशेष योगदान देने के लिए कई लोगों को शहीद जगदेव बाबू सम्मान से सम्मानित किया गया। सभा का संचालन सुनील गांधी और ललन आनंदकर ने किया।

## कुएं से जानवरों के अवशेष बरामद होने से सनसनी

### तेज दुर्गंध की शिकायत पर पहुंची पुलिस ने कुएं से निकाली बोरियां

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद के निरसा थाना क्षेत्र के बिरसिंहपुर पंचायत स्थित डांगापाड़ा गांव में रविवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब एक कुएं से तेज दुर्गंध आने की सूचना पर जांच की गई। कुएं के अंदर चार संदिग्ध बोरियां मिलीं, जिन्हें बाहर निकालने पर उनमें जानवरों के अवशेष पाए गए। घटना के बाद इलाके में तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं। पुलिस ने सभी बोरियों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है और अवशेषों की पहचान के लिए आवश्यक परीक्षण कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार डांगापाड़ा निवासी बादल रविदास के नीलकुठी मोड़ के समीप स्थित आम बागान में एक कुआं है। रविवार सुबह कुएं की ओर से तेज दुर्गंध आने लगी। बदबू का कारण जानने के लिए जब बादल रविदास वहां पहुंचे तो उन्होंने देखा कि कुएं के अंदर चार बोरियां पड़ी हुई हैं, जिनसे दुर्गंध निकल रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने तुरंत इसकी सूचना निरसा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से कुएं से चारों बोरियों को बाहर निकलवाया। बोरियों को खोलने पर उनमें जानवरों के अवशेष मिले। घटना की जानकारी फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। कुछ लोगों ने आशंका जताई कि बरामद अवशेष प्रतिबंधित मांस या किसी प्रतिबंधित जानवर के हो सकते हैं। हालांकि पुलिस ने ऐसी किसी भी आशंका की पुष्टि करने से इनकार करते हुए कहा कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट रूप से कुछ कहा जा सकेगा। फिलहाल पुलिस ने बरामद अवशेषों को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि वैज्ञानिक जांच और आवश्यक परीक्षण के बाद ही यह पता चल सकेगा कि अवशेष किस जानवर के हैं और उन्हें कुएं में किस उद्देश्य से फेंका गया था। मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

## विस्थापित नेता राजू दुबे भाजपा छोड़ भाकपा माले में हुए शामिल






**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाजपा छोड़ कर आज विस्थपित नेता राजू दुबे अपने समर्थकों के साथ भाकपा माले की सदस्यता ले ली। बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 8 स्थित राजू दुबे के कार्यालय के पास एक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मिलन समारोह में निरसा के भाकपा माले विधायक अरूप चटर्जी मुख्य रूप से शामिल हुए। इस दौरान पार्टी के कई नेता भी मौजूद रहे। विधायक ने विस्थापित नेता राजू दुबे को पार्टी में शामिल कराया। विस्थापित नेता राजू दुबे ने कहा कि वे झारखंड आंदोलनकारी रहे हैं। कांग्रेस से लेकर भाजपा सभी पार्टियों में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है लेकिन बोकारो के विस्थापितों और नौजवानों की आवाज बनने का काम सिर्फ भाकपा माले विधायक नहीं किया है। विस्थापितों नौजवानों की आवाज को उठाने के लिए आज मैंने पार्टी की सदस्यता ली है। विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि छोटे-छोटे परिवर्तन से ही बड़ा परिवर्तन होता है। आज राजू दुबे अपने समर्थकों के साथ पार्टी में शामिल हुए हैं हमें उम्मीद है कि उनकी अगुवाई में पार्टी बोकारो शहरी और विस्थापित क्षेत्र में मजबूत होगी और विस्थापितों की आवाज को जो दबाने का काम किया जा रहा है उससे भी आवाज देने का काम करेंगे।

## सफलता के लिए अनुशासन, समय प्रबंधन और एकाग्रता बेहद आवश्यक : कुलपति

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद कोचिंग एसोसिएशन की ओर से रविवार को आईआईटी आईएसएम के पेनमैन ऑडिटोरियम में मार्गदर्शन 4.0 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों, उन्हें मार्गदर्शन देने वाले शिक्षकों तथा अभिभावकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राम कुमार शामिल हुए। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन, समय का सही उपयोग और एकाग्रता बेहद आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से मोबाइल फोन का उपयोग केवल जरूरत के समय करने और अधिक से अधिक समय पढ़ाई व आत्मविकास में लगाने की अपील की, ताकि वे भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।

## राज्यसभा चुनाव को लेकर भाकपा माले नेता अरूप चटर्जी ने कांग्रेस के रुख पर उठाए सवाल

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड की दो राज्यसभा सीटों पर होने वाले चुनाव को लेकर सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर असंतोष के स्वर उभरने लगे हैं। भाकपा माले के नेता और निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने कांग्रेस के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस मामले में सहयोगी दलों को विश्वास में नहीं लिया गया। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर गठबंधन के सभी घटक दलों से चर्चा होना आवश्यक था, लेकिन कांग्रेस ने उनकी पार्टी से कोई बातचीत नहीं की। बोकारो में मीडिया से बातचीत करते हुए अरूप चटर्जी ने बताया कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आज गठबंधन दलों के विधायकों की एक महत्वपूर्ण बैठक होने वाली है। इस बैठक में उनकी पार्टी अपनी राय और चिंताओं को मजबूती से रखेगी। उन्होंने कहा कि राज्यसभा की दूसरी सीट पर जीत दर्ज करना आसान नहीं है और इसके लिए गठबंधन के सभी दलों का समर्थन जरूरी है। चटर्जी ने कहा कि दूसरी सीट की चुनावी राह काफी चुनौतीपूर्ण है। ऐसे में किसी भी निर्णय से पहले सभी सहयोगी दलों के साथ व्यापक चर्चा होनी चाहिए थी। उन्होंने उम्मीद जताई कि आज होने वाली बैठक में इस मुद्दे पर गंभीर विचार-विमर्श होगा और सभी पक्षों की राय सुनने के बाद कोई उचित निर्णय लिया जाएगा। इससे गठबंधन के भीतर मौजूद असमंजस और नाराजगी भी दूर हो सकती है।




## धनबाद में ग्रामीणों ने लगाया तालाबों के जीर्णोद्धार के कार्य में अनियमितता का आरोप

### डीएमएफटी और राज्य संपोषित योजनाओं के तहत चल रहा कार्य





**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद जिले में लघु सिंचाई विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत 132 तालाबों और छोटे बांधों के जीर्णोद्धार का कार्य कराया जा रहा है। करोड़ों रुपये की लागत से चल रहे इन विकास कार्यों को लेकर कई क्षेत्रों में ग्रामीणों ने अनियमितता, लापरवाही और गुणवत्ता में कमी के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई जगहों पर काम धीमी गति से चल रहा है, जबकि कुछ योजनाओं में मानकों की अनदेखी की जा रही है। दूसरी ओर विभाग का दावा है कि सभी कार्य निर्धारित प्रक्रिया के तहत हो रहे हैं और मानसून से पहले अधिकांश योजनाएं पूरी कर ली जाएंगी। पूर्वी टुंडी में डी एम एफ टी फंड से बन रहे बारकेतनी छोटा बांध के जीर्णोद्धार कार्य को लेकर ग्रामीणों ने विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं। वहीं गोविंदपुर प्रखंड क्षेत्र के महुल गड़िया तालाब की सफाई और सौंदर्यीकरण नहीं होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तालाब पर हजारों लोगों की आजीविका निर्भर है। यहां मछली पालन होता है और धार्मिक आयोजनों के दौरान लोग स्नान भी करते हैं, लेकिन तालाब की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है और दुर्गंध से लोगों को परेशानी हो रही है। टुंडी प्रखंड मुख्यालय के समीप करीब 30 लाख रुपये की लागत से हो रहे चाची बांध जीर्णोद्धार कार्य की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया है कि खुदाई और मेढ़ मरम्मत के कार्य में मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। हालांकि कार्य कर रहे संवेदक ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि सरकारी राशि का उपयोग पूरी पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ किया जा रहा है। लघु सिंचाई विभाग के अनुसार जिले में कुल 193 तालाबों के जीर्णोद्धार की स्वीकृति मिली है। इनमें से 132 तालाबों पर कार्य जारी है, जबकि शेष 61 तालाबों का एकरारनामा मानसून के बाद किया जाएगा। विभाग का कहना है कि करीब 130 तालाबों का काम बारिश शुरू होने से पहले पूरा कर लिया जाएगा। योजनाओं की लागत 4 लाख रुपये से लेकर 74 लाख रुपये तक है। विभाग का दावा है कि प्रत्येक योजना में प्री और पोस्ट मेजरमेंट के साथ ड्रोन सर्वे भी कराया जा रहा है तथा उपायुक्त और उप विकास आयुक्त स्तर से नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। बावजूद इसके विभिन्न इलाकों से मिल रही शिकायतें यह संकेत दे रही हैं कि योजनाओं की गुणवत्ता और निगरानी को लेकर लोगों की अपेक्षाएं अभी भी पूरी तरह संतुष्ट नहीं हो पाई हैं। अब देखना होगा कि मानसून से पहले विभाग अपने दावों के अनुरूप सभी कार्यों को कितनी गुणवत्ता के साथ पूरा कर पाता है।

स्वत्वाधिकारी,
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार),
स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145865
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या :
JHAHIN/2017/72655
E-mail-
nbtimesbihar@gmail.com